सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 11 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 217, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## छह कंपनियों की पूंजी 1.36 लाख करोड़ घटी

देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। } 14

## जयशंकर ने शांति समझौते के लिए आर्मेनियाई विदेश मंत्री को बधाई दी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अर्मेनिया-अजरबैजान के बीच हुए शांति समझौते को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जिसकी भारत वकालत करता है। } 16



### संक्षेप

## इजराइल की वैश्विक प्रतिष्ठा हुई धूमिल

पर्थ। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध के नियमों का पालन करने वाले लोकतांत्रिक देश होने के अपने सभी दावों के बावजूद इजराइल की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो चुकी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा पर पूर्ण सैन्य कब्जे की नवीनतम योजना, गाजा पट्टी में बढ़ते भुखमरी संकट और पश्चिमी तट में इजराइल के दमनकारी उपाय, देश की दुर्दशा को रेखांकित करते हैं। अमेरिकी समर्थन के बावजूद, यहूदी देश को अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता के संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वह लंबे समय तक उबर नहीं पायेगा। हाल में हुए प्यू पोल के अनुसार, इजराइल के प्रति अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण अब सकारात्मक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## साइबर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। गुरुग्राम के आईटी पार्क में छापेमारी के दौरान 33 वर्षीय व्यक्ति को कथित रूप से फर्जी मानव संसाधन भर्ती कंपनी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान मुनिर खान उर्फ साहिल शर्मा के रूप में हुई है जिसका संबंध देशभर में दर्ज साइबर अपराध की 85 शिकायतों से है। पुलिस के अनुसार, मामला 22 मई को दर्ज एक चोरी की शिकायत से जुड़ा है, जिसमें चोरी हुआ आईफोन शिकायतकर्ता के बैंक खाते से जुड़ा था। उन्होंने बताया, 26 मई को डुप्लीकेट सिम कार्ड हासिल करने के बाद शिकायतकर्ता को नौ अनधिकृत यूपीआई लेनदेन के अलर्ट मिले जिनकी कुल राशि 3.98 लाख रुपये थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के आधिकारिक बयान के मुताबिक, ठगी की राशि में से एक लाख रुपये तेलंगाना के एक खाते में स्थानांतरित किए गए और फिर मेराकी मैनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दूसरे खाते में भेज दिए गए।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

हमीरपुर। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सुमेरपुर कस्बे के नारायणपुर गांव में शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दो पहिया वाहन पर सवार जितेंद्र (24) और मल्लू पंडित (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिए घायलों को तुरन्त जिला अस्पताल हमीरपुर भेजा जहां इलाज के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई। सुमेरपुर थाने के प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- योगी सरकार में प्रदेश की धार्मिक धरोहरों का वापस लौट रहा वैभव (पृष्ठ-02)
- रक्षाबंधन पर 2 दिन में 50 लाख बहनों ने की नि:शुल्क यात्रा (पृष्ठ-02)
- मृत ग्राहकों के दावों का 15 दिन में होगा निपटान (पृष्ठ-14)
- 3,200 करोड़ के फसल बीमा दावों का हस्तांतरण आज (पृष्ठ-14)
- एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-14)


# नेपाल 97 चोटियों पर चढ़ाई के लिए नहीं लेगा कोई शुल्क



**एजेंसी**

काठमांडू। नेपाल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सुदूर पश्चिमी क्षेत्र की लगभग 100 चोटियों पर चढ़ाई के लिए शुल्क नहीं लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हिमालयी राष्ट्र ऐसे क्षेत्रों में पर्वतारोहियों को आकर्षित करना चाहता है, जहां सैलानी कम जाते हैं। इसके मद्देनजर सरकार ने अगले दो वर्षों के लिए करनाली और सुदूरपश्चिम प्रांतों की 97 चोटियों के लिए रॉयल्टी (शुल्क) माफ कर दी है। इन चोटियों की उंचाई 5,870 मीटर से लेकर 7,132 मीटर तक की है ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुख्यमंत्री ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नये गुंबद का किया लोकार्पण

### विधानसभा सत्र आज से, सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का चार दिवसीय मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि इस बार का मानसून सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले रविवार को विधान भवन में सम्पन्न सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया।

इसको विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आयोजित किया था। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त विधान भवन के नवीनीकृत सभा मंडप का लोकार्पण एवं नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या 15 का भी मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने मानसून सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। विधान सभा अध्यक्ष ने सतीश महाना ने



रविवार को मानूसन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता उपस्थित थे। इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलों के नेताओं से सदन चलाने के लिए सहयोग मांगा। सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च गरिमा और मयार्दा को बनाए रखते हुए गंभीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए सभी सदस्यों को सुझावों एवं मुद्दों को सदन में रखना चाहिए। विधान सभा में सकारात्मक माहौल में चर्चा होनी चाहिए। बैठक में उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। विधान भवन में हुई सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मेक इन इंडिया का हाथ

### मेट्रो फेज-3 परियोजना का मोदी ने किया शिलान्यास



**एजेंसी**

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारतीय प्रौद्योगिकी और मेक इन इंडिया का हाथ था, जिसने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

मोदी ने कहा कि दुनिया ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जब उसने पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने बेंगलुरु में मेट्रो फेज-3 परियोजना के शिलान्यास समारोह में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पहली बार भारत का नया चेहरा देखा, जहां भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नष्ट करने और कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर करने की क्षमता का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे हमारी तकनीक और मेक इन इंडिया की ताकत है। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में बेंगलुरु और उसके युवाओं की अहम भूमिका थी। बेंगलुरु की पहचान दुनिया के बड़े शहरों में होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी है, बल्कि नेतृत्व भी करना है। हम तभी प्रगति करेंगे जब हमारे शहर स्मार्ट, तेज और कुशल होंगे। इस संदर्भ में मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का जोर आधुनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर रहा है। 21वीं सदी में शहरी नियोजन और शहरी बुनियादी ढांचे की बहुत आवश्यकता है और हमें बेंगलुरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। बेंगलुरु ने हमेशा शहर के संस्थापक केम्पे गौड़ा की विरासत को बरकरार रखा है, तथा यह उनके सपने को वास्तविकता में बदल रहा है। हम बेंगलुरु को नये भारत के उदय के प्रतीक के रूप में देख रहे हैं। यह एक ऐसा शहर है जिसकी आत्मा आध्यात्मिक ज्ञान से भरी है और इसकी कार्यप्रणाली में तकनीकी ज्ञान समाहित है।

## तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्थाः पीएम मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और यह गति सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन की भावना से हासिल की गई है।

मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर शीर्ष पांच में पहुंच गई है और तेजी से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधे जाने के कुछ दिन बाद आई है। बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में मेट्रो रेल सेवाएं सिर्फ पांच शहरों तक ही सीमित थीं। उन्होंने कहा कि आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है।

# बिहार की मसौदा मतदाता सूची पर किसी भी दल ने आपत्ति दाखिल नहीं कीः ईसी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची एक अगस्त को प्रकाशित होने के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने उसमें नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क नहीं किया है।

आयोग ने कहा कि मसौदा सूची एक सितंबर तक दावों और आपत्तियों के लिए उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत पार्टियां और व्यक्ति छूटे हुए पात्र नागरिकों को शामिल करने एवं उन लोगों को बाहर करने की मांग कर सकते हैं, जिन्हें वे अयोज्ञ मानते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक अगस्त से 10 अगस्त (रविवार) की दोपहर तीन बजे तक, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किसी भी बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) ने दावे और आपत्ति प्रक्रिया में चुनाव अधिकारियों से संपर्क नहीं किया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जून में राज्य मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू होने से ठीक पहले विभिन्न दलों द्वारा 1.61 लाख बीएलए तैनात किए गए हैं। व्यक्तिगत




मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के लिए 8,341 फॉर्म प्राप्त हुए। मसौदा सूची निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराये जा रहे मतदाता सूची के एसआईआर का हिस्सा है, जिसका विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इन दलों का दावा है कि इस प्रक्रिया के कारण कई पात्र नागरिक दस्तावेजों के अभाव में अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। इस मुद्दे पर बहस की मांग कर रहे विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के कारण 21 जुलाई से मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही ठप रही है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रहेगा। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

# पुतिन-ट्रंप वार्ता से पहले रूस-यूक्रेन अपनी मांगों पर अड़े

**एजेंसी**

कीव। धमकियां, दबाव एवं अल्टीमेटम आए और चले गए, लेकिन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध में रूस की अडिग मांगों से टस से मस नहीं हुए हैं, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि वह अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक प्रस्तावित शिखर वार्ता का इस्तेमाल कीव को एक प्रतिकूल समझौते को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने के लिए कर सकते हैं।

रूस की जो मांगें हैं, वे उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के पुतिन के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं, जो उन्होंने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू करते समय निर्धारित किए थे। पुतिन, ट्रंप के साथ संभावित बैठक को एक ऐसे व्यापक समझौते पर बातचीत करने के अवसर के रूप में



देखते हैं, जो न केवल रूस के क्षेत्रीय लाभ को मजबूत करेगा, बल्कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने और उसे किसी भी पश्चिमी सेना की मेजबानी करने से भी रोकेगा। फलस्वरूप रूस को धीरे-धीरे यूक्रेन को अपने प्रभावक्षेत्र में वापस लाने में मदद मिलेगी। क्रेमलिन नेता का मानना है कि समय उनके पक्ष में है, क्योंकि थकी हुई और हथियारों की कमी से जूझ रही यूक्रेनी सेना ।,000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी अग्रिम पंक्ति के कई क्षेत्रों में रूसी बढ़त को रोकने के लिए जूझ रही है, जबकि रूसी मिसाइलों और ड्रोनों के झुंड यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहे हैं। उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की भी अपने रुख पर अड़े हुए हैं। उन्होंने ट्रंप द्वारा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# असली जीत दिमाग में होती है : थलसेना प्रमुख

### ऑपरेशन सिंदूर किसी भी पारंपरिक मिशन से अलग था और यह शतरंज की बाजी जैसा था

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर किसी भी पारंपरिक मिशन से अलग था और यह शतरंज की बाजी जैसा था क्योंकि हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैच चौथे दिन ही रुक गया लेकिन देखा जाए तो यह लंबा संघर्ष हो सकता था। उन्होंने नैरेटिव मैनेजमेंट (विमर्श गढ़ने, किसी विषय पर लोगों की धारणा बनाने) के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि असली जीत दिमाग में होती है। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी पाकिस्तानी से पूछें कि आप हारे या जीते, तो वह कहेगा कि हमारे (सेना प्रमुख) फील्ड मार्शल बन गए हैं, तो हम जरूर जीते होंगे, इसीलिए वह फील्ड मार्शल बने हैं।

सेना प्रमुख ने चार अगस्त को मद्रास स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में आयोजित एक समारोह को संबोधित करने के दौरान यह टिप्पणी की। उनके संबोधन का वीडियो सेना ने



सप्ताहांत में साझा किया। सेना प्रमुख ने किसी देश का नाम लिए बिना खतरे की आशंका को भी रेखांकित किया और कहा कि अगली बार यह (खतरा) कहीं ज्यादा हो सकता है और वह देश इसे अकेले करेगा या किसी और देश के समर्थन से करेगा, हमें नहीं पता। लेकिन, मुझे पूरा यकीन है, मुझे लगता है कि वह देश अकेला नहीं होगा। यहीं हमें सावधान रहना होगा। जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर की जटिलताओं पर जोर देने के लिए शतरंज और क्रिकेट की उपमाओं का इस्तेमाल किया। भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में मई में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर निर्णायक सैन्य कार्वाई की थी। इस ऑपरेशन के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक सैन्य संघर्ष जारी रहा, जो 10 मई को दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद रुक गया। जनरल द्विवेदी ने इसकी तुलना शतरंज की बाजी से करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमने शतरंज की बाजी खेली। इसका क्या मतलब है? इसका मतलब है कि हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। इसे हम ग्रे जोन कहते हैं। ग्रे जोन का मतलब है कि हम पारंपरिक अभियान नहीं चला रहे, लेकिन हम कुछ ऐसा कर रहे हैं जो पारंपरिक अभियान से थोड़ा हटकर हो। पारंपरिक अभियान का मतलब है, सबकुछ ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रिपोर्ट में डीएम बरेली ने पहला, श्रावस्ती ने दूसरा और शाहजहांपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

# सीएम डैशबोर्ड से समग्र विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा यूपी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में सीएम डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में बरेली ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि श्रावस्ती ने दूसरा और शाहजहांपुर ने



तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, बेहतर कानून एवं व्यवस्था के मामले में रामपुर एसपी ने पहला, कौशांबी एसपी ने दूसरा और शाहजहांपुर एसएसपी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड की ओर से हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रिपोर्ट के अनुसार बरेली ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं श्रावस्ती जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों, और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावस्ती में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि श्रावस्ती पिछले कई माह से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपने जगह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कुलगाम में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ 10वें दिन भी जारी

**एजेंसी**

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद-रोधी अभियान रविवार को 10वें दिन भी जारी रहा तथा सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों पर शिकंजा कसने के लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, अभियान अब भी जारी है। सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के ठिकानों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी जंगली क्षेत्रों में लड़ाई में अत्यधिक प्रशिक्षित प्रतीत होते हैं और ड्रोन से बचने के लिए वे घने जंगलों का फायदा उठा रहे हैं। कुलगाम के अखल वन क्षेत्र में एक अगस्त को शुरू हुई मुठभेड़ के बाद से सेना के दो जवान शहीद हुए हैं, जबकि नौ अन्य घायल हुए हैं। यह हाल के वर्षों में कश्मीर घाटी में सबसे लंबा आतंकवाद-रोधी अभियान है। मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए हैं। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके संगठन का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर पुलिस प्रमुख नलिन प्रभात और सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस और सैन्य अधिकारी 24 घंटे अभियान पर कड़ी नजर रख रहे हैं। सुरक्षाबल वन क्षेत्र में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टरों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में बचाव और राहत की हों युद्ध स्तरीय तैयारियां : योगी

## गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ सीएम योगी ने की बैठक, दिये जरूरी दिशा निर्देश,मुख्यमंत्री ने जिले और शहर का हवाई सर्वेक्षण भी किया

जिला संवाददाता

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों को लेकर तैयारियों में किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। तैयारियां युद्ध स्तरीय होनी चाहिए जनता को किसी तरह की परेशानी न होने पाए। मंदिर में बैठक करने से पूर्व मुख्यमंत्री ने जिले और शहर का हवाई सर्वेक्षण भी किया और बारिश के प्रभाव का जायजा लिया।

शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाढ़ बचाव की तैयारियों, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा विद्युत आपूर्ति को लेकर सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में बाढ़ बचाव को लेकर हुए कार्यों के चलते जनता को बड़े पैमाने पर राहत मिली है।

इस साल अभी तक गोरखपुर बाढ़ की चपेट में नहीं है। पर, कुछेक क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए उससे निपटने का हमारा प्रयास युद्ध स्तरीय होना चाहिए। नदियों के जलस्तर की निगरानी करते हुए तटबंधों को सुरक्षित रखने से जुड़े कार्य लगातार होने चाहिए। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति के प्रभावित होने की दशा में तत्परता से उसका सुरक्षित व्यवस्थापन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

बाढ़ बचाव और राहत कार्यों को लेकर पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था करने के साथ बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों और राहत शिविरों को क्रियाशील करने की तैयारी पूरी होनी चाहिए। बाढ़ से प्रभावित होने की दशा में हर जरूरतमंद तक पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री तत्काल पहुंचनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों से कहा कि बारिश से यदि कोई सड़क क्षतिग्रस्त हुई हो तो जल्द से जल्द उसकी मरम्मत कराई जाए। जहां सड़कों का निर्माण जारी है, वहां ऐसी व्यवस्था हो जिससे कार्य ज्यादा प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि शासन द्वारा तय मानक के अनुसार विद्युत आपूर्ति में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कहीं फाल्ट की शिकायत आए तो उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए।



**कहीं भी न होने पाए जल जमाव :** सीएम योगी ने शहरी क्षेत्र में जलनिकासी की व्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि बारिश होने पर जल भराव न हो, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि कहीं भी जल जमाव नहीं होना चाहिए। जलनिकासी से संबंधित सभी व्यवस्था मुकम्मल होनी चाहिए। जहां जल जमाव की तनिक भी आशंका हो, वहां पंपिंग सेट उपलब्ध होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने विरासत गलियारा की प्रगति के बारे में भी पूछा और जरूरी निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने किया गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन :** गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के विग्रह का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के समाधि स्थल पर आए और अपनी श्रद्धा निवेदित की।

### एडीजी जैन की पुस्तक का सीएम ने किया विमोचन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में एडीजी गोरखपुर जोन अशोक मुथा जैन की पुस्तक 'रिवर ऑफ थॉट्स' का विमोचन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

### गंभीर रोगों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार : सीएम



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। सीएम योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों से एक-एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

- **गोरखनाथ मंदिर में 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं सीएम योगी ने**
- **अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। एक महिला की गुहार पर उन्होंने अफसरों को उक्त महिला को जमीन का पट्टा देने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

# समाजसेवा की मिसाल जगन्नाथ लल्ला का निधन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/उरई।** उरई और आस-पास के क्षेत्र में समाजसेवा और कृषि विकास के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले वयोवृद्ध समाजसेवी जगन्नाथ लल्ला ( सोमई वाले ) का प्रातः 7 बजे 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपनी पुत्री मंजनी देवी के पटेल नगर, कुर्मी कॉलोनी स्थित आवास पर रह रहे थे।

- **वैदिक इंटर कॉलेज सोमई के पूर्व अध्यक्ष और प्रगतिशील कृषक रहे लल्ला को उरई में दी गई भावभीनी विदाई**

जगन्नाथ लल्ला का जीवन सादगी, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण था। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वैदिक इंटर कॉलेज, सोमई के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने न केवल विद्यालय के शैक्षिक स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयास किया, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार और अनुशासन का बीजारोपण भी किया। जगन्नाथ



लल्ला के व्यक्तित्व में विनम्रता और सहजता का अनोखा संगम था। वे समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच समान रूप से लोकप्रिय थे। अपने जीवन में उन्होंने कई बार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे बढ़कर कदम उठाए, चाहे वह शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराना हो, बीमारों की सेवा हो या किसी सामाजिक आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाना हो। उनके परिवार में पांच पुत्रियां हैं। अंत समय में वे अपनी पुत्री मंजनी देवी के पास रहे। शनिवार को उनके पार्थिव शरीर को उरई स्थित मोक्षधाम ले जाया गया, जहाँ बड़े धूमधाम और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। मुखाग्नि उनकी पुत्री मंजनी देवी के मंझले पुत्र अरविंद कुमार, जो इमिलिया जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाचार्य हैं, ने दी।

अंतिम यात्रा में परिवारजन, रिश्तेदार, मित्र और सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूरे शहर से लोग उन्हें अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उनके चाहने वालों की आंखें नम थीं और हर कोई उनके व्यक्तित्व, योगदान और सादगी की चर्चा कर रहा था।

# योगी सरकार में प्रदेश की धार्मिक धरोहरों का वापस लौट रहा वैभव

## 225 साल पुराना है श्रावस्ती के मुंडा शिवाला का इतिहास, नेपाल से दर्शन को भी आते हैं श्रद्धालु

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और पुनरोद्धार के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ जिसे छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है, नैमिषारण्य जैसे सैकड़ों महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के बाद अब श्रावस्ती के ऐतिहासिक मुंडा शिवाला को नया जीवन देने की तैयारी है। इस प्राचीन शिवाला का 225 वर्षों का इतिहास है और यहां नेपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धार्मिक धरोहर के संरक्षण और जीर्णोद्धार पर लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, नैमिषारण्य और छोटी काशी में हो रहे कार्यों की तर्ज पर मुंडा शिवाला को भी पुनर्जीवित करने की पहल की गयी है।

इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती के फखरपुर क्षेत्र के मोहल्ला बंजड़हा में स्थित मुंडा शिवाला का इतिहास करीब 225 वर्ष पुराना है। इसका निर्माण लगभग 1800 से 1820 के बीच स्थानीय ठाकुर परिवार द्वारा किया गया था। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है, बल्कि स्थानीय सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा रहा है। वर्षों से उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण मंदिर परिसर की स्थिति जर्जर हो गई थी। ऐसे में लगभग 4

- **योगी सरकार अयोध्या, काशी, छोटी काशी, नैमिषारण्य के बाद श्रावस्ती के प्राचीन मुंडा शिवाला का कराने जा रही जीर्णोद्धार**
- **योगी सरकार 4 करोड़ से शिवाला का करायेगी जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण, ट्रस्ट का भी होगा गठन**

करोड़ रुपये की लागत से मुंडा शिवाला का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही मंदिर के बेहतर प्रबंधन, नियमित पूजा-पाठ और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए एक ट्रस्ट का गठन भी किया जाएगा। यह ट्रस्ट मंदिर के रखरखाव, धार्मिक आयोजनों और सुरक्षा व्यवस्था का संचालन करेगा।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह, प्रांगण और चारों ओर की दीवारों की मरम्मत, रंग-रोगन, फर्श और टाइल्स का निर्माण किया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए सीसी रोड और संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बैठने की जगह, प्रकाश और सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे। परिसर में पौधरोपण, वर्षा जल संचयन, डिजिटल सूचना बोर्ड और सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। वहीं ट्रस्ट का गठन किया जाएगा। इससे पुजारी की नियुक्ति, नियमित पूजा-अर्चना, प्रमुख त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की योजना और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

यह ट्रस्ट स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मंदिर परिसर के संरक्षण और विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि मुंडा शिवाला के जीर्णोद्धार से श्रावस्ती में धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। यह क्षेत्र पहले से ही बुद्धकालीन धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक नया आकर्षण केंद्र बनेगा। नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी इससे बढ़ने की संभावना है।

# मोदी काशी से जीते नहीं, जिताये गये हैं : अजय राय

**लखनऊ/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को अपने लहुराबीर स्तिथि आवासीय कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर काशी लोकसभा चुनाव में ह्लवोट चोरीह्व का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 का काशी चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाकर, फर्जी वोटिंग, मतदाता सूची में हेरफेर और सरकारी मशीनरी के खुले दुरुपयोग से भाजपा के पक्ष में जबरन मोड़ा गया।अजय राय ने साफ कहा– मोदी काशी से जीते नहीं, बल्कि जिताए गए हैं वोट चोरी बेईमानी करके।



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की मोदी काशी से जीते नहीं, जिताएयेगए हैं वोट चोरी- बेईमानी करके। जननायक नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा पेश किए गए पुख्ता सबूतों से यह स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वोट चोरी से बनी है और काशी में संगठित तरीके से मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़े गए और बाहरी राज्यों के लोगों को वोट डलवाया गया।उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि विशाल सिंह नामक व्यक्ति का नाम एक साथ कर्नाटक और काशी, दोनों जगह मतदाता सूची में दर्ज है। यही व्यक्ति वाराणसी के कैंट विधानसभा क्षेत्र में काशी के आरएसएस संचालित निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कालेज तुलसीपुर₹ स्कूल में वोट डाला।ऐसे लाखों फर्जी मतदाता भाजपा-आरएसएस के कार्यकर्ता होते हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर बार-बार मतदान करते हैं।

यही फर्जीगिरी है कि भाजपा लाखों वोट से विधानसभा और लोकसभा जीत जाती है। अगर निष्पक्ष चुनाव हो जाए तो भाजपा यहाँ लोकसभा, विधानसभा क्या–पार्षद तक का चुनाव जीतने के लिए भी पसीना बहा देगी। यह पूरा चुनावी खेल चुनाव आयोग की नाक के नीचे हुआ, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, आयोग विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट देने से इंकार कर रहा है।कांग्रेस लगातार ठोस डेटा और सबूत दे रही है, लेकिन आयोग उन्हें स्वीकारने की बजाय विपक्ष से हलफनामा मांग रहा है।जब भाजपा सरकार विपक्ष पर ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां लगाकर छापे मार सकती है, तो काशी में हुई इस बड़ी धांधली की जांच क्यों नहीं कराई जा रही? भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए हर भ्रष्टाचार को गले लगाया जिनको सलाखों के पीछे होना चाहिए थे वह भी भाजपा के लिए चुनाव में लामबंद हो कर मोदी जी को चुनाव जीतने के लिए कार्य कर रहे थे।लेकिन सच्चाई छिप नहीं सकती सच्चाई आज नहीं कल सामने तो आएगा ही और समय आने पर सच्चाई का हिसाब भी होगा जननायक नेता विपक्ष राहुल गांधी ने स्पष्ट कह दिया किसी भी भ्रष्टाचारियों को बक्शा नहीं जाएगा।

**मेरा चुनाव आयोग से सीधे 8 सवाल:** विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं दी जा रही? आखिर क्या छुपाया जा रहा है? सीसीटीवी फुटेज और वीडियो सबूत क्यों मिटाए जा रहे हैं? और किसके इशारे पर? वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और फर्जी वोटिंग क्यों की गई? विपक्षी नेताओं को धमकाने और डराने का खेल क्यों चल रहा है? क्या चुनाव आयोग अब भाजपा का चुनावी एजेंट बन चुका है?2024 लोकसभा चुनाव के समय चुनाव आयोग की डिजिटल वेबसाइट पर वाराणसी की सीट का डाटा रोक दिया गया था ? वाराणसी में चुनाव वाले दिन विपक्ष के जनप्रतिनिधियों,नेताओं को नजरबंद किया जा रहा था।और वोटरों को धमकाया जा रहा था ? वाराणसी में जब नतीजों हम आगे चल रहे थे तब गिनती को जानबूझकर धीमा किया गया आखिर क्यों ?

# भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय है : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा या नहीं इस पर बहस होनी चाहिए। अभी उस पर वोट चोरी के जो आरोप लगे हैं उसकी सफाई होना स्वयं चुनाव आयोग उसकी विश्वसनीयता एवं चुनावी पारदर्शिता के लिए बहुत जरूरी है। जनता का विश्वास किसी संवैधानिक संस्था से डिगा तो उसके परिणाम अच्छे नहीं होगे। ऐसा लगता है कि भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय है और चुनावी भ्रष्टाचार का ब्रह्मांड विश्वविद्यालय।

अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे ज्यादा फर्जी वोट भाजपा ने बनवाए है। भाजपा के चुनावी हथकंडे अब उजागर हो चले है। भाजपा कुछ लोगो की मिलीभगत से कभी अपने समर्थक फर्जी मतदाताओं का नाम बढ़ा देती है और चुनावी अधिकारियों से साठगांठ कर कभी अपने विरोधियों के नाम मतदाता सूची से गायब कर देती है। भाजपा चुनाव में लगे अपने चुनिंदा अधिकारियों को बाकायदा टारगेट देती है कि कितने फर्जी वोट डालना है। एक वीडियो में एक आदमी छह-छह वोट डालने का दावा कर रहा था। भाजपा समर्थक एक पुलिस



अधिकारियों का वीडियो भी आया था, जिसमे पिस्तौल तान कर महिला मतदाताओं को वोट डालने से रोक रहा था। कुंदरकी, मीरापुर और अयोध्या के मिल्कीपुर उपचुनावों में भाजपा के वोट हथियाने के तौर तरीकों की बानगी साफ दिखाई दी थी। भाजपा ने अपने समर्थको से उसने कई-कई वोट डलवाए वही विपक्षी मत न पडने पाए उन्हें धमकाने या ईवीएम मशीन खराब होने के बहाने मतदान से रोका गया। नकली आईडी से फर्जी मतदान की शिकायतें आई। अखिलेश यादव ने कहा कि यह आशंका अब सच लगती है कि पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने खिलाफ डाले गये वोट खारिज करवा के और डीएम के दबाव से जीत के सर्टिफिकेट बदला कर दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर भाजपा को जिताने का काम किया गया था। मतदाता सूची में हेराफेरी के मामलों में 18 हजार एफिडेविट चुनाव आयोग को समाजवादी पार्टी ने दिए थे। आज तक उन पर क्या कार्यवाही हुई पता नहीं चला। आयोग कुंडली मारकर बैठ गया है। कार्यवाही होती तो फर्जी काम नहीं होते। एक बात तो दिन के उजाले की तरह साफ है कि चुनाव आयोग की साख बहुत हद तक जनता की निगाहों मे गिर गई है।

# रालोद पंचायत चुनाव मजबूती से लड़ेगी : रामाशीष राय

## पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर रालोद कोर कमेटी की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने पंचायत चुनावों की व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि पंचायत चुनावों हेतु मंडलीय स्तर पर प्रमुख कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों की शुरूआत सितंबर माह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मंडलों से होगी, जो क्रमवार पूरे प्रदेश के सभी मंडलों में आयोजित होगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने हेतु एक पैनल प्रणाली अपनाई जाएगी। इस पैनल के माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र से योग्य, सक्रिय और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके लिए जिलाध्यक्षों को अभी से पैनल बनाने के निर्देश दिए गए है। कोर कमेटी की इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, रजनीकांत मिश्रा, आदित्य विक्रम सिंह, बी एल प्रेमी, चंद्रकांत अवस्थी, संतोष यादव, पी के पाठक समेत कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं और राष्ट्रीय लोकदल इन चुनावों को पूरे प्रदेश में पूरी मजबूत रणनीति के साथ लड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का उद्देश्य न केवल जीत हासिल करना है, बल्कि ग्राम स्तर पर ईमानदार और लोक प्रिय नेतृत्व को स्थापित करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सितंबर से प्रारंभ होने वाले इन मंडलीय सम्मेलनों में पार्टी की नीतियों, योजनाओं और चुनावी रणनीति को व्यापक रूप से जनता के बीच रखा जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से कार्यकताओं में उत्साह का संचार होगा और संगठनात्मक एकता को और भी मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय लोकदल का मानना है कि पंचायत चुनाव ही वह आधार हैं, जिनके माध्यम से जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान जमीनी स्तर पर संभव है। पार्टी का संकल्प है कि वह प्रदेश के हर कोने में किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं की आवाज को मजबूत तरीके से उठाएगी और विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

# रक्षाबंधन पर 2 दिन में 50 लाख बहनों ने की निःशुल्क यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं के लिए शुरू की गई निःशुल्क बस यात्रा योजना ने इस बार यात्री संख्या के नए कीर्तिमान बनाए हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस सुविधा को देखते हुए रात 12 बजे तक इसके 75 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड बनाने की संभावना है। परिवहन निगम के अनुसार इसमें 70 प्रतिशत तक वह यात्री हो सकते हैं, जिन्हें सरकार की ओर से निशुल्क यात्रा का लाभ दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं और बहनों को बड़ी सौगात देते हुए 8 से 10 अगस्त तक परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा का तोहफा दिया है। इसमें महिलाओं के साथ एक सहयात्री को भी यह सुविधा दी जा रही है।

**3 दिनों में 75 लाख यात्रियों के सफर का अनुमान :** परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर के अनुसार सामान्य दिनों में निगम की बसों में प्रतिदिन 14-15 लाख यात्री सफर करते हैं, लेकिन इस बार रक्षाबंधन पर्व के शुरूआती दो दिनों में ही यह आंकड़ा 50 लाख से अधिक पहुंच गया। इनमें लगभग 70 प्रतिशत महिला यात्री थीं, जिन्होंने मुख्यमंत्री योगी की ओर से दिए गए 66 घंटे के सम्मान के तोहफे का लाभ लिया। एमडी सरवर ने बताया कि 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से ही बस अड्डों पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

पहले दिन यानी 8 अगस्त को 19.5 लाख से ज्यादा लोगों ने यात्रा की, जो सामान्य दिनों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक था। रक्षाबंधन के दिन 9 अगस्त को तो यह संख्या 31.7 लाख के पार पहुंच गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में 210 प्रतिशत से अधिक रही। तीसरे दिन 10 अगस्त को दोपहर 12.50 बजे तक ही 13 लाख यात्री सफर कर चुके थे और रात 12 बजे तक यह संख्या 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। इस तरह तीन दिनों में 75 लाख से अधिक लोग बसों में यात्रा करेंगे, जो परिवहन निगम के इतिहास में अभूतपूर्व संख्या है।

- **8 अगस्त को 19.5 लाख, 9 अगस्त को 31.7 लाख यात्रियों ने किया सफर**
- **कुल यात्रियों में 70 प्रतिशत तक यात्री निशुल्क यात्रा सुविधा से हो रहे लाभान्वित**
- **तीन दिनों में 75 लाख से अधिक यात्रियों के यात्रा करने का अनुमान**
- **मुस्लिम समुदाय की बहनों ने भी उठाया सीएम योगी की सुविधा का लाभ**
- **1800 किमी संचालन पर चालकों–परिचालकों को दिया जा रहा 1200 प्रोत्साहन**

**चलाई गईं अतिरिक्त बसें, तैनात रहे सभी कर्मचारी :** उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार 8 अगस्त सुबह 6 बजे से 10 अगस्त मध्यरात्रि 12 बजे तक महिलाओं और बेटियों के लिए सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवधि में जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बसें चलाई गईं और समस्त अनुबंधित बसों को भी संचालन में लगाया गया। प्रमुख बस स्टेशनों – गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, कानपुर एवं इटावा चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने की योजना लागू की गई है, जिसमें 1800 किलोमीटर संचालन पूर्ण करने पर 1200 का भुगतान और 6 दिनों तक लगातार कार्य करने पर अतिरिक्त 0.55 प्रति किलोमीटर दिया जाएगा। वहीं तकनीकी कर्मचारियों को भी प्रतिदिन उपस्थित रहने पर एकमुश्त 500 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। संचालन व्यवस्था बेहतर बनाए रखने वाले कार्मिकों और पर्यवेक्षकों को भी 5000 प्रति स्टेशन के हिसाब से सम्मानित किया जाएगा।

**विगत 8 वर्षों में 1.23 करोड़ बहनों को मिला मुफ्त सफर का लाभ :** 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू हुई रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की योजना बीते आठ वर्षों में नारी सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गई है। इन 8 वर्षों में 1,23,30,194 महिलाओं को इसका लाभ मिला है, जिसके लिए सरकार ने 101.42 करोड़ का आर्थिक बोझ वहन किया। इन वर्षों में 2023 में सर्वाधिक 29 लाख से अधिक महिलाओं ने निशुल्क यात्रा की। यह सुविधा खासकर ग्रामीण, पिछड़े और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए सम्मान का तोहफा साबित हुई है, जिससे उन्हें सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक यात्रा का अवसर मिला।

# 36 जिलों के 1,877 गांव, साढ़े छह लाख पीड़ितों को पहुंचायी गयी राहत

## बाढ़ पीड़ितों के संकट मोचक बने सीएम, प्रदेश में 61,852 हेक्टेयर बाढ़ की चपेट में आया है, मंत्रियों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। सीएम योगी के आधा दर्जन मंत्रियों ने विभिन्न जिलों में बाढ़ प्रभावित इलाकों को दौरा किया। इन्होंने उन्होंने राहत सामग्री वितरित करने के साथ पीड़ितों को कुशलक्षेम भी जाना। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 36 जिलों की 92 तहसीलें और 1877 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 6,42,913 लोग प्रभावित हैं, जिन्हें राहत पहुंचायी गयी। वहीं बाढ़ की वजह से 84,700 मवेशियों को सुरक्षा स्थान पर शिफ्ट किया गया है। बाढ़ की चपेट में आने से अब तक 573 लोगों के मकानों को क्षति पहुंची है, जिनमें से 465 लोगों को सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। वहीं प्रदेश में 61,852 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में आया है। इन प्रभावित क्षेत्रों में 2,610 नावों और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इन इलाकों में अब तक 67,169 खाद्यान्न पैकेट और 7,99,734 लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के साथ मवेशियों की सुरक्षा और उनके खाने-पीने का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अब तक मवेशियों के लिए 11,640 कुंतल भूसा वितरित जा चुका है। इसके अलावा 5,83,758 क्लोरीन टेबलेट और 2,88,860 ओआरएस पैकेट भी वितरित किए जा चुके हैं ताकि जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 475 बाढ़ शरणालय सक्रिय हैं, जहां 65,437 लोग अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। इन सभी का 1,124 मेडिकल टीमों द्वारा मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। इसके साथ ही 1,517 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है, जो प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर निगरानी रख रही हैं।

**यह जनपद बाढ़ से हैं प्रभावित :** वर्तमान में प्रदेश के 36 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, बस्ती, कासगंज, हरदोई, मुरादाबाद, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर, भदोही, श्रावस्ती, उन्नाव, फरुर्खाबाद, मेरठ, हापुड़, गोरखपुर, गोंडा, बिजनौर, बदायूं, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में मंत्री लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वह बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उन्हें राहत सामग्री वितरित करने के साथ कुशलक्षेम जान रहे हैं। वाराणसी में मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कोटवां कपिलधारा में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन इलाकों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है, वहां साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बाढ़ से प्रभावित लोगों को राशन किट वितरित की। परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और हर जरूरतमंद को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी जरूरतमंद को राहत से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। इसी तरह जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गोंडा और बहराइच के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। गोंडा में दौरे के दौरान विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय मौजूद रहे।

# कहीं बाढ़ तो कहीं सामान्य से कम हुई बारिश

विशेष संवाददाता (vol)

- 13 से भारी बारिश की चेतावनी
- बंगाल की खाड़ी में बना नया वेदर सिस्टम, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**लखनऊ।** प्रदेश में सप्ताह भर से लगातार बारिश हो रही है। ज्यादातर नदियां उफान पर हैं। कई जिलों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके बाद भी 21 जिलों में अभी भी सामान्य से कम बारिश हुई है। इसमें आठ जिलों की स्थिति खेती के लिहाज से संवेदनशील मानी गई है। इसमें देवरिया में सामान्य 443 मिलीमीटर की अपेक्षा अभी तक सिर्फ 51.7 मिलीमीटर बारिश हुई है।

इसी तरह गौतमबुद्ध नगर में 67.2, गाजियाबाद में 92.6, शामली में 102.7, कुशीनगर में 194, पीलीभीत में 223.6, संत कबीर नगर में 279.5 और मऊ में 237.5 मिलीमीटर बारिश हुई है।

सोमवार को प्रदेश में कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी के ही आसार हैं। शनिवार व रविवार को शामली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में छिटपुट बारिश हुई।

मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में मंगलवार की देर शाम से एक बार फिर मानसूनी बारिश जोर पकड़ेगी। 13 से 15 अगस्त के बीच प्रदेश के पूर्वी-पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश के संकेत हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में एक नया वेदर सिस्टम बन रहा है। इसके असर से खाड़ी से पूर्वा हवाएं पर्याप्त मात्रा में नमी लेकर पूर्वी यूपी में प्रवेश करेंगी और पूर्वी यूपी से शुरू होकर पूरे प्रदेश में दोबारा अच्छी बारिश की परिस्थितियां बनेंगी। प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट, बदायूं जैसे 20 से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में हैं। साथ ही कई अन्य जिलों में जलभराव की परिस्थितियां हैं। इन इलाकों में धान की फसल को अच्छा खासा नुकसान पहुंचा है।

जमीन पर फैलने वाली लता और बेल वाली हरी सब्जियां कद्दू, लौकी, तरोई आदि जल जमाव से सड़ गई हैं। प्रयागराज, प्रतापगढ़ व जौनपुर आदि में होने वाले सफेद तिल, ज्वार, बाजरा, उड़द की फसल को भी भारी बारिश से नुकसान पहुंचा है।

# गोमती नदी किनारे 60 एकड़ में सोलर पावर प्लांट लगायेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण हरित ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। एलडीए ने बसंतकुंज में गोमती नदी के किनारे 60 एकड़ की खाली जमीन पर सोलर पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह सोलर प्लांट 3.5 से 4 मेगावाट तक बिजली उत्पादन करने में सक्षम होगा। इसकी मंजूरी के लिए प्राधिकरण की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

सोलर पावर प्लांट परियोजना से शहर को स्वच्छ और हरित ऊर्जा मिलेगी। एलडीए को परियोजना से हर साल करोड़ों रुपये की आय होने की उम्मीद है। यह पहल राज्य सरकार की हरित ऊर्जा नीति के भी अनुरूप है। यह जमीन गोमती नदी के किनारे होने के कारण बाढ़ का खतरा रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने प्लांट को सुरक्षित बनाने के लिए एक विशेष योजना बनाई है। प्लांट का पूरा स्ट्रक्चर बाढ़ के खतरे वाले स्तर से काफी ऊपर बनाया जाएगा। इसके लिए सबसे पहले पाइल वर्क और टाई बीम का काम किया जाएगा, जिससे संयंत्र की नींव मजबूत और सुरक्षित हो जाएगी। यह परियोजना लखनऊ के विकास में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है, जो शहर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने और बिजली के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। लखनऊ विकास प्राधिकरण को अब सिर्फ परियोजना शुरू करने के लिए शासन की मंजूरी का इंतजार है। अब शासन स्तर से मंजूरी मिल जाने के बाद, टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। यह सोलर प्लांट लखनऊ के लिए एक स्थायी और स्वच्छ भविष्य की ओर एक बड़ा कदम होगा। इसके शुरू होने से शहरवासियों को राहत मिलेगी। राजधानी के कई क्षेत्रों को सीधे लाभ मिलेगा।

# ट्रैफिक पुलिस को छाते, कैमरा व रेन कोट खरीद कर देगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में बारिश के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। चौराहों को सुधारने के साथ ही अब यातायात जाम को निजात दिलाने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को 1000 वॉटरप्रूफ कैनोपी छाते, 1200 ट्रैफिक बैटन लाइट, 1000 रेनकोट और अन्य उपकरण खरीदे दिए जाएंगे।

कई बार बारिश में लोगों के निकलने से सड़क पर जाम लग जाता है। इससे निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक कर्मियों को भीगते हुए बीच सड़क पर खड़ा होना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए 1000 वॉटरप्रूफ कैनोपी छाते, 1200 ट्रैफिक कंट्रोल बैटन लाइट, 1000 रेनकोट, 1000 आयरन बैरियर और 1000 फोल्डिं ग बैरियर खरीदने की



तैयारी है। एलडीए यह उपकरण खरीद कर ट्रैफिक विभाग को उपलब्ध कराएगा। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलूकुमार नेइसके लिए एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार को पत्र लिखा है। उनसे यह सामान शीघ्र ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध करानेका अनुरोध किया है। बारिश के दौरान यातायात सबसेबड़ी चुनौती होती है। चौराहों पर जाम और पानी मेंखड़े ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सुरक्षित रहना होता है। इसी को देखतेहुए 200 पीए सिस्टम, 28 हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे, डायवर्जन और भीड़भाड़ वालेप्वॉइंट्स के लिए और 1000 ट्रैफिक कोन की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि हर चौराहेपर निगरानी और ट्रैफिक मूवमेंट दोनों आसान हों। इतना ही नहीं, रात और कम विजिबिलिटी के समय सुरक्षा बढ़ानेके लिए 200 रिफ्लेक्टर टेप और 300 ट्रैफिक जागरूकता साइनबोर्ड लगाए जाएंगे। इसमें 200 नो-पार्किंग, 50 एकल दिशा मार्ग, 50 दुर्घटना बहुल क्षेत्र मेंलगाए जाएंगे एं। ट्रैफिक को डिजिटल और स्मार्ट बनानेके लिए 200 डिजिटल साइनज और 100 मोबाइल फोन भी फील्ड स्टाफ को दिए जाएंगे। जिससे कंट्रोल रूम सेतुरंत कम्युनिकेशन हो सके।

# खरिका में पानी सप्लाई की लाइन टूटी, लोग दूषित पानी पीने को मजबूर

**लखनऊ।** नगर निगम जोन-8 के खरिका वार्ड प्रथम की डिफेंस कॉलोनी और गोपाल नगर में पानी सप्लाई की लाइन टूट गई है। इससे क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। साथ ही लोग दूषित पानी पीने के लिए भी मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप से 24 घंटे पानी बहता रहता है। इसके कारण घरों में पानी सप्लाई बाधित हो रही है। स्थानीय निवासी विश्वजीत सिंह ने बताया कि जगह-जगह पाइप लाइन टूटने से बरसात का गंदा पानी पाइप लाइन के रास्ते घरों में पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम से की है। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि डिफेंस कॉलोनी स्थित पंप हाउस से गोपाल नगर होते हुए कुम्हार मंडी जाने वाली पाइप लाइन में 50 मीटर के अंदर ही 4 स्थानों पर लाइन क्षतिग्रस्त है। इन जगहों से लगातार पानी बहता रहता है। जब लोग टुल्लू पंप चलाते हैं तो टूटी जगहों से दूषित पानी टंकियों में भर जाता है।

# मांगों को लेकर सीएम से शिकायत करेंगे कम्युनिटी हेल्थ वर्कर



**लखनऊ।** ऑल इण्डिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसियेशन, स्वैच्छिक कार्यकर्ता और कोरोना वालिंटियर के सदस्य व संगठन के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक रविवार को गोमतीनगर के विनम्र खण्ड में हुयी। मण्डल अध्यक्ष आजमगढ़ विनय प्रकाश भारती ने बताया कि इस कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले सदस्य और पदाधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। बैठक में तय हुआ कि मांगों को लेकर सभी सदस्य और पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से लिखित रूप से शिकायत की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से विनोद कुमार अत्री, राजेन्द्र सिंह जि.उपाध्यक्ष, दीपक कुमार सचिव, मनोज कुमार गौतम पर्यवेक्षक, बाबूराम राजभर, सहदेव राजभर, रामरतन, अजीत कुमार, लल्लन, विनोद, सरोज, राजेश व अंकित सहित अन्य कई पदाधिकारी शामिल रहे।

# निगोहां प्रेस क्लब का हुआ उद्घाटन

**निगोहां।** निगोहां क्षेत्र में पत्रकारों के संगठनात्मक विस्तार के बाद बने निगोहां प्रेस क्लब का रजिस्ट्रेशन हाल ही में पूर्ण हुआ। बीते शुक्रवार को क्लब के नवगठित कार्यालय का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने अपने कर कमलों से किया था रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता अमरपाल सिंह ने प्रेस क्लब कार्यालय का दौरा किया इस दौरान उन्होंने क्लब के समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने अपने पदाधिकारियों की उपस्थिति में सपा नेता अमरपाल सिंह का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना और समाजहित में सार्थक भूमिका निभाना है। इस अवसर पर संरक्षक प्रबंधक मुकेश द्विवेदी अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, संगठन मंत्री मुकेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, सुनील त्रिवेदी मोइन खान, आरिफ मंसूरी, अशोक मिश्रा, फहीम खान चांद सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# अंतरराष्ट्रीय मंच पर लखनऊ को मिलेगी पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

- नॉलेज सिटी के रूप में मिला आमंत्रण

**लखनऊ।** स्वच्छता, हरित विकास और सतत शहरी प्रबंधन के क्षेत्र में अपने नवाचारपूर्ण और प्रभावी प्रयासों के कारण लखनऊ नगर निगम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। महापौर सुषमा खर्कवाल और न्नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव को नॉलेज सिटी के रूप में आसियान गवर्नर्स एवं मेयर्स फोरम (एजीएमएफ) में आमंत्रित किया गया है, जहां वे वैश्विक मंच पर लखनऊ की उपलब्धियों को प्रस्तुत करेंगी। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 10 से 15 अगस्त 2025 तक कुआलालंपुर कन्वेंशन सेंटर, मलेशिया में आयोजित होगा। इसमें विभिन्न देशों के राज्यपाल, महापौर और शहरी प्रबंधन विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। भारत से केवल कुछ चुनिंदा शहरों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, जिनमें इन्दौर, लखनऊ, पणजी और सूरत नॉलेज सिटी श्रेणी में शामिल हैं। इसके अलावा, प्रतिनिधि सूची में शिमला और कोयम्बतूर जैसे शहर भी दिखते हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि भारत के कम से कम छह शहर इस सम्मेलन में अपना अनुभव साझा करेंगे।

विभिन्न देशों और शहरों के बीच शहरी प्रबंधन, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन से निपटने और नागरिक भागीदारी से जुड़े सफल मॉडलों का आदान-प्रदान करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस मंच पर लखनऊ नगर निगम अपनी उपलब्धियों में विरासत कचरा निस्तारण, शिवरी सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, बायो-उठत्र्ृ परियोजना, प्लास्टिक कचरे का पुनः उपयोग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली, हरित क्षेत्र विस्तार, और नागरिक सहभागिता आधारित स्वच्छता अभियानों को प्रस्तुत करेगा। लखनऊ ने बीते वर्षों में घैला डंप साइट से 6.5 लाख टन विरासत कचरा हटाकर भूमि को पुनः उपयोग के लिए उपलब्ध कराया, जबकि शिवरी में दशकों पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण कर आधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट और ग्रीन बेल्ट विकसित की जा रही है। नगर निगम की योजनाओं ने लखनऊ को उत्तर प्रदेश का पहला नेट जीरो वेस्ट डंप सिटी बना दिया है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर लखनऊ का प्रतिनिधित्व करना हर लखनऊवासी के लिए गर्व की बात है। यह आमंत्रण हमारे शहर के हर नागरिक की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ का मॉडल अन्य देशों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध होगा। एशियाई देशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी शामिल होंगी। इससे लखनऊ को वैश्विक स्तर पर नए साझेदारों और सहयोग के अवसर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ की यह पहचान न केवल शहर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी, बल्कि स्वच्छ, हरित और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को भी मजबूती देगी।

# गोबर से 5500 किमी तक चलेगी कार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में पहली बार गाय के गोबर से इतने बड़े पैमाने पर मीथेन तैयार की जाएगी, जो वाहनों को लंबी दूरी तक चलाने के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार और हरित अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। विशेषज्ञों का कहना है कि एक गाय के गोबर से सालाना 225 लीटर पेट्रोल के बराबर मीथेन गैस तैयार होगी। इसे शुद्ध कर सीबीजी में बदला जाएगा, जिससे एक कार 5500 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय कर सकेगी।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में निराश्रित गोवंश से रोजाना औसतन 54 लाख किलोग्राम गोबर प्राप्त होता है। इस गोबर को सीबीजी संयंत्रों में प्रोसेस किया जा सकेगा, जिसका इस्तेमाल मीथेन बनाने से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में खाना पकाने, लघु उद्योगों में हीटिंग ईंधन और प्राकृतिक खेती में जैविक घोल के रूप में किया जाएगा। इससे लाखों रुपये तक की सालाना कमाई संभव होगी। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि यह 'मीथेन फार्मिंग' आने वाले समय में जीवाश्म ईंधनों का विकल्प बन सकती है। यह योजना 'कचरे से कंचन' की अवधारणा को बढ़ावा दे रही है, जो परिवहन और हरित अर्थव्यवस्था के लिए प्रभावी ईंधन उपलब्ध कराएगी। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि एक गोवंश के गोबर से तैयार मीथेन प्राकृतिक गैस का ही एक रूप है, जो पर्यावरण अनुकूल और किफायती भी है।

# अशफाकउल्लाह - बिस्मिल की घनिष्ठा की दास्तां बतायी

**लखनऊ।** लॉस्ट लाइब्रेरी की ओर से शनिवार को होटल सराका में काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर दास्तानगो हिमांशु बाजपेयी ने दास्तानगोई की। दास्तान-ए-सरफरोशी शीर्षक से हुई दास्तानगोई में काकोरी एक्शन को दर्शकों के सामने रखा। हिमांशु बाजपेयी ने कहा कि अगर कोई एक व्यक्ति भी उनकी 'दास्तान' के सार को पूरी तरह समझ ले, तो कहानी कहने का उद्देश्य पूरा हो जाएगा। हिमांशु ने अशफाकउल्लाह खान और राम प्रसाद बिस्मिल के बीच के स्नेह और घनिष्ठ संबंधों का वर्णन करके धर्मनिरपेक्षता के अंतर्निहित संदेश को श्रोताओं तक खूबसूरती से पहुंचाया। यह वृत्तांत दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के मार्मिक पहलुओं से भरा था, जैसे कि कैसे वे एक ही थाली में खाना खाते थे और अपने धर्म-पराये संबंधों की रक्षा करते थे। दास्तान-ए-सरफरोशी काकोरी एक्शन की कथा को शुरू से आखिर तक यानी उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और मंसूबाबंदी से लेकर ट्रेन एक्शन, क्रांतिकारियों का निजी जीवन, गिरफ्तारियां, मुकदमा, जेल-गतिविधियां, सजा एवं संदेश तक हर एक पड़ाव को इस रोचकता से प्रस्तुत करती है कि सुनने वाले इस दास्तान में बंध गए।

# विधायक राजेश्वर सिंह ने कराया ग्रामीणों को अयोध्या दर्शन

## 60 श्रद्धालु पहुँचे अयोध्या, किए रामलला के दर्शन, रामरथ बनी खुशियों की सवारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर ने निभाया वादा, बुजुर्ग महिला के आग्रह पर 60 श्रद्धालुओं को कराया अयोध्या दर्शन
- श्रद्धा का रथ, सेवा का संकल्प 45वीं रामरथ यात्रा सम्पन्न
- यात्रियों की श्रद्धा, विधायक राजेश्वर सिंह की उत्तम व्यवस्था, पूर्ण हुई 45वीं रामरथ अयोध्या यात्रा



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा के समग्र विकास के साथ-साथ क्षेत्रवासियों की सांस्कृतिक और धार्मिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनुपम सामाजिक पहल द्वारामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा ने रविवार को अपनी 45वीं यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की।

इस विशेष अवसर पर कूढ़ा ईंटगाँव से 60 श्रद्धालुओं, जिनमें अधिकांश बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं, को अयोध्या धाम के श्रीरामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। यात्रा के दौरान भोजन, जलपान, प्रसाद और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था विधायक की टीम द्वारा निःशुल्क की गई।

2 अगस्त को कूढ़ा ईंटगाँव की एक बुजुर्ग महिला ने विधायक से अपने गाँव के लोगों के लिए रामरथ यात्रा की मांग की थी। विधायक ने तत्काल स्वीकृति दी और ग्रामीणों के अनुरोध पर रक्षाबंधन पर्व के बाद यात्रा का आयोजन सुनिश्चित किया। इस संवेदनशील पहल ने गाँववासियों के दिलों में विशेष स्थान बना दिया।

अयोध्या पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने रामलला के दिव्य दर्शन किए और भावविभोर हो उठे। यात्रा के समापन पर सभी महिला तीर्थयात्रियों को विधायक द्वारा रक्षाबंधन उपहार स्वरूप साड़ी भेंट की गई। पूरी यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों और श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा, ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**जनसेवा का पूरा होता संकल्प:** रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा के अंतर्गत हर महीने एक से दो बार निःशुल्क बस सेवाएं चलाई जाती हैं, जिनका सम्पूर्ण व्यय स्वयं डॉ. राजेश्वर सिंह वहन करते हैं। इस यात्रा का उद्देश्य उन वृद्धजनों और महिलाओं को तीर्थदर्शन कराना है, जिनके लिए यह स्वप्न मात्र रह जाता है।

इस सम्बन्ध में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है, वृद्धजनों को तीर्थयात्रा करवाना मेरे लिए सौभाग्य और पुण्य का अवसर है। उनके चेहरे पर दर्शन के बाद की खुशी और संतुष्टि ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा की सफलता माता तारा सिंह की प्रेरणा, क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद और सभी के सहयोग का परिणाम है। यह सेवा यात्रा आगे भी अनवरत जारी रहेगी।

# बिजली मीटर खराब होने पर लाखों की संख्या में लग रहे हैं चेक मीटर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद ने पूरे उत्तर प्रदेश में कुल लगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सापेक्ष उपभोक्ताओं के परिसर पर लगे चेक मीटर का किया आंकड़ा जारी कहीं भी कोई मिलान नहीं दो बिजली कंपनियों में अभी 5 प्रतिशत चेक मीटर भी नहीं लगे जिसमें पश्चिमांचल व दक्षिणांचल प्रमुख मिलान की बात तो दूर कोई देखने वाला नहीं।

उपभोक्ता परिषद ने कहा पूरे प्रदेश में 3 करोड़ 45 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने की योजना पूरी तरह विवादों में हो गयी है। प्रदेश में 18885 करोड़ की परियोजना ऊंची दरों पर अवार्ड होकर 27342 करोड़ में पूरी हुई लगभग रुपया 9000 करोड़ की ऊंची दर निजी घरानों के अब मीटर तेज चलने से उपभोक्ता परेशान।

उत्तर प्रदेश में 18885 करोड़ की योजना केंद्र सरकार ने अनुमोदित की लेकिन टेंडर फाइनल किया गया 27342 करोड़ यानी लगभग 9000 करोड़ अधिक दरों पर जो अपने आप में बड़ा भ्रष्टाचार है भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि एक मीटर की कास्ट पूरे सिस्टम सहित रुपया 6 हजार प्रति मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए लेकिन बिजली कंपनियों ने रुपया 8 हजार प्रति मीटर तक टेंडर अवार्ड किया गया उपभोक्ता परिषद भ्रष्टाचार का खुलासा करता रहा लेकिन लोग टेंडर अवार्ड कर निजी घरानों को लाभ पहुंचाते रहे।

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 11 लाख 29442 स्मार्ट मीटर लगाए गए वही पूर्वांचल में 65026 चेक मीटर लगाएंगे लगभग 5.76 प्रतिशत वहीं दूसरी तरफ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में कुल 7 लाख 11472 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और लगभग 43578 चेक मीटर लगाए गए यानी कि लगभग 6.13 प्रतिशत वहीं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 7 लाख 45916 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और 29260 चेक मीटर जो लगभग 3.92 प्रतिशत है वही केस्को कानपुर में लगभग 31660 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए औरकुल चेक मीटर लगभग 1892 यानी 5.98 प्रतिशत वही पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 6 लाख 28 हजार 437 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और केवल 10783 चेक मीटर यानी की केवल 1.87 प्रतिशत चेक मीटर लगे जो अपने आप में बहुत गंभीर मामला है पूरे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में 32 लाख 46927 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए जिसमें 1 लाख 50539 चेक मीटर यानी लगभग 4.64 प्रतिशत चेक मीटर स्थापित हुई जो 5 प्रतिशत से कम है और कोई भी मिलन नहीं किया गया जिससे बड़े पैमाने पर जो सभी बिजली कंपनियों उपभोक्ताओं के बीच मीटर तेज चलने की शिकायत आ रही है और सभी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# उधार मांगने पर दबंग ने दोस्त को मारी गोली

## गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उधार की रकम मांगने पर आक्रोशित दबंग ने अपने साथी की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। गोली पीठ में लगते ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मामला काकोरी थाना क्षेत्र के मोइनुद्दीनपुर गांव का है। जहां घायल युवक गोलू उर्फ अनिल कुमार गौतम 25 वर्ष अपने दोस्त गुड्डू उर्फ शैलेंद्र और उसके साथ आए अंकित से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान अनिल ने अंकित से अपने उधार के पैसों की मांग की। यह बात गुड्डू को नागवार गुजरी। उसने टोकते हुए कहा कि हमारे साथ अंकित आया है, लिहाजा अभी पैसे मत मांगो। बात इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में गुड्डू दौड़कर अपने घर गया और पिता की लाइसेंसी डबल बैरल 12 बोर बंदूक लेकर लौटा। जिसके बाद उसने अनिल को गाली देते हुए फायर कर दिया। बंदूक देखते ही गोलू भागा, लिहाजा गोली गोलू के पीठ पर जा धंसी। गोली चलते ही वहां हड़कम्प मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां उसकी हालत नाजुक देख पुलिस उसे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले गयी। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। काकोरी प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश दी जा रही है। घटना में प्रयुक्त बंदूक बरामद कर ली गयी है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

**ट्रेन से कटकर युवक की मौतः** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सेवई के पास रेलवे क्रासिंग पार कर रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार निलमथा इलाके का रहने वाला नसीम 28 धोन्धन खेड़ा में बाल काटने की दुकान करता था। वह रविवार को सेवाई के पास रेलवे लाईन पार कर रहा था, तभी ट्रेन आ गई। जिससे कटकर उसकी मौत हो गई। यह देख लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राखी बंधकर लौट रही महिला पर कुल्हाड़ी से हमला

- बीकेटी के कठवारा गांव में हुई रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात
- बेटी के पुराने दोस्त ने किया हमला, फरार आरोपितों की तलाश

विशेष संवाददाता (vol)

**इटौंजा।** बीकेटी के कठवारा गांव में शनिवार दोपहर राखी बांधकर ससुराल जा रही अंजू को रास्ते में दबंगों ने रोका और कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन पर प्रहार कर दिया। उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। अंजू की हमलावरों से पुरानी रंजिश है। अंजू शनिवार को इटौंजा के बगहा गांव से कठवारा स्थित मायके में भाई को राखी बांधने गई थी। दोपहर राखी बांधकर बेटे मोहित के साथ घर जा रही थी। मोहित के मुताबिक रास्ते में बाइक सवार विनीत उर्फ गोलू और उसके साथी सुरेश ने उसे ओवरटेक कर रोका। मोहित ने बताया कि सुरेश ने उसे पकड़ लिया, जबकि विनीत मां को पीटने लगा। विनीत ने मां की गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। मां गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ी। मां को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां उनकी हालत नाजुक देख भर्ती कर लिया गया। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अंजू ने चप्पलों से पीटा था विनीत को पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों में पुराना विवाद है। विनीत, अंजू की बेटी का दोस्त था। दोनों में बातचीत होती थी। डेढ़ साल पूर्व दोनों में विवाद हुआ था। अंजू ने विनीत को चप्पलों से पीटा था। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी।

# कपड़ा व्यवसायी के मकान में चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में बीते तीन दिन पूर्व दिनदहाड़े एक कपड़ा व्यवसाई के घर का ताला तोड़ चोरों ने लाखों के आभूषण सहित नकदी चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-एम निवासी अभय शर्मा के अनुसार वह मकान में पत्नी वंदना के साथ रहते हैं और पेशे से कपड़ा व्यवसाई हैं। पीड़ित के अनुसार बुधवार को वह अपने दुकान पर चले गए थे और उनकी पत्नी अपनी मां के घर गई थी। शाम करीब 7 बजे पत्नी घर पहुंची तो देखा कि कमरे में आलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े थे और लॉकर खुला हुआ था। जिसमें रखा चार लाख रुपए नगद, दो अंगूठी, एक चेन और कान का झुमकी गायब थी। घर में चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना देते हुए स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश की जा रही है।

**रिक्शा में सफर कर रही महिला का बैग चोरी उड़ायाः** रक्षाबंधन का त्यौहार मनाकर मायके से ससुराल लौट रही एक महिला का बैग अज्ञात उचक्कों ने पार कर दिया। बैग में लगभग 20 हजार रुपये नकद और चांदी के जेवरात रखे थे। रायबरेली जिले के बछरावा थाना क्षेत्र के हसनगंज की रहने वाली लवली गुप्ता ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने पति रीतेश गुप्ता और बच्चों के साथ मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजौली गांव स्थित मायके आई थी। भाई ने उन्हें पूर्व में लिया उधार 20 हजार रुपये लौटा दिए। रविवार को पति पीजीआई दवा लेने चले गए, जबकि वह अकेले ई-रिक्शा से मोहनलालगंज कस्बे के लिए रवाना हुईं। कस्बे में उतरने के बाद जब उन्होंने सामान चेक किया तो पैसों और बच्चों की चांदी की जंजीरों से भरा बैग गायब मिला। इसकी जानकारी उन्होंने तत्काल कस्बा चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पर पहुंचे पति ने लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# बार काउंसिल ने वकील को दस वर्ष के लिए किया निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वकालत पेशे में अनुशासन और आचरण की मयार्दा को सख्ती से लागू करते हुए बार-काउंसिल यूपी ने शहर के अधिवक्ता सुशील कुमार पर कड़ी कार्रवाई की है। काउंसिल ने उन्हें 10 वर्षों के लिए निलंबित करते हुए पूरे देश में वकालत करने से रोक दिया है। बार काउंसिल के आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान अधिवक्ता सुशील कुमार न तो भारत के किसी भी न्यायालय में न किसी प्राधिकरण के समक्ष और न ही किसी व्यक्ति के लिए वकालत का कार्य कर सकेंगे। आदेश की प्रमाणित प्रति जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखनऊ, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और शिकायत के दोनों पक्षों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में अधिवक्ता की पहचान सुशील कुमार रावत पुत्र श्रीराम निवासी कल्ली पश्चिम थाना पीजीआई लखनऊ नामांकन संख्या - यूपी05802/2016 के रूप में दी गई है। वह फिलहाल जिला लखनऊ बार में सक्रिय रूप से कार्यरत थे। यह मामला अधिवक्ता की पत्नी की शिकायत पर शुरू हुआ। शिकायत में पत्नी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुशील कुमार ने एक के बाद एक तीन शादियां कीं हैं, आरोप है कि हर बार शादी के बाद पत्नी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और अंत में मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार यह केवल घरेलू विवाद नहीं बल्कि सुनियोजित ढंग से किए गए धोखे और हिंसा के मामले हैं। बताया गया कि तीनों पत्नियों ने अलग-अलग समय पर अधिवक्ता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना पीजीआई में मुकदमे दर्ज कराए हैं बार काउंसिल ने मामले की गंभीरता और अधिवक्ता आचरण संहिता के उल्लंघन को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया। काउंसिल के सूत्रों के अनुसार यह फैसला वकालत पेशे में गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए एक मिसाल के तौर पर लिया गया है एक वरिष्ठ वकील ने नाम न छापने की शर्त पर कहा बार काउंसिल का यह निर्णय उन सभी अधिवक्ताओं के लिए चेतावनी है जो अपने पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण में मयार्दा का पालन नहीं करते। कानूनी जानकारों का मानना है कि यह आदेश न केवल आरोपी अधिवक्ता के लिए बल्कि पूरे वकालत समुदाय के लिए एक सख्त संदेश है कि वकालत की गरिमा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पेशेवर नैतिकता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# राजधानी में अलग-अलग हादसों में महिला समेत आठ घायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर सड़कों पर स्पीड और लापरवाही ने कहर बरपा। शनिवार को विभिन्न इलाकों में हुई घटना में महिला समेत आठ लोग घायल हो गये। जिन्हे इलाज के लिएअलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां कई लोगों की हालत नाजुक बनी है।

पहली घटना निगोहां थाने के ठीक सामने हुई। जहां दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में निगोहां निवासी शीबू (22), उसकी बहन रीता (32) और मोबिन (35) घायल हो गए। शीबू की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वही दूसरी घटना भगवानपुर मोड़ पर हुई, जहां एक डाले ने बछरावां निवासी रामकली (42) को टक्कर मार दी। घायल महिला का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। शनिवार देर रात मस्तीपुर गांव के पास मदाखेड़ा मंदिर से लौट रहे मजदूर सुजीत कुमार (26) को एक तेज रफ्तार वैन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुजीत को सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। वहीं चौथी घटना उतरावां पुलिया के पास हुई, जहां दो बाइकों की टक्कर में डीहा निवासी रईस की पत्नी रेशमा नहर में जा गिरी। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांचवीं घटना सुदौली मोड़ पर हुई, जहां कांटा करौंदी निवासी नन्हकाऊ की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। वही निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि सभी घटनाओं में शामिल वाहनों को कब्जे में लिया गया हैं, घायलों का उपचार कराया जा रहा है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**टहल कर लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्करः** मोहनलालगंज हाइवे पर सूर्या कॉलेज के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें पैदल घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल रेफर किया गया। मोहनलालगंज के गौर कॉलोनी निवासी पूनम शनिवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे अपने पति जीतेन्द्र गौतम उर्फ जीतू के साथ टहलने के बाद पैदल घर लौट रही थी। जैसे ही दोनों सूर्या कॉलेज के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने जीतेन्द्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर मोहनलालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की पत्नी पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक सवार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और आरोपी बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

# बुजुर्ग ससुर की बहू ने काटी उंगली, दी गालियां

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग ने अपनी बड़ी बहू पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर लिया है।

कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ईडी-1 सेक्टर-डी एलडीए कालोनी निवासी राकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व० राम स्वरूप गुप्ता के अनुसार उनकी उम्र 70 साल है। मकान के ऊपरी हिस्से में बड़ी बहू रहती है और नीचे के हिस्से में वह और छोटी बहू रहती है। वहीं पीड़ित बुजुर्ग का कहना था कि बड़ी बहू के जाने-आने का रास्ता बाहर से है। आरोप है कि उसकी बडी बहू ने बाहर से ताला लगा दिया। जिसका विरोध कर चाभी मांगने गया तो बड़ी बहू ने गाली-गलौज मारपीट करने के साथ दांत से उनकी उंगली काट ली। जिससे उनके अंगूठे का पूरा नाखून गायब हो गया है और दाहिने हाथ में चोट आयी है। जिसके चलते उन्होंने अपना उपचार कराने के बाद बड़ी बहू के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 1994 बैच के आईपीएस अफसरों की डीपीसी आज

लखनऊ। डीजी आनन्द स्वरूप के प्रतिनियुक्ति व अशीष गुप्ता के स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होने के बाद सोमवार को रिक्त पदों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 1994 बैच के आईपीएस अफसरों की डीपीसी होगी। जिसमें प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजीपी राजीव कृष्णा भी मौजूद रहेंगे। डीपीसी के बाद रिक्त पदों के सापेक्ष एडीजी वीके सिंह, एडीजी सुजीत पांडेय और पुलिस कमिश्नर कानपुरनगर अखिल कुमार, डीजी बन जायेंगे।

# रिश्तेदार बन युवती से ठगे 28 हजार

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक युवती को जालसाजों ने निशाना बनाया है। जालसाजों ने फोन कॉल पर रिश्तेदार बन युवती से ऑनलाइन 28 हजार रुपये ट्रांसफर करा हड़प लिया। वहीं पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर घटना के दो माह बाद जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित माली टोला बंगला बाजार निवासी जिज्ञासा वर्मा पुत्री हरिहर नाथ के अनुसार बीते सात जून को साइबर ठगों ने खुद को उनका रिश्तेदार बता झांसे में लेकर ऑनलाइन 28 हजार रुपये ट्रांसफर करा हड़प लिया। वहीं पीड़िता का कहना था कि उसने अपने संग ठगी का एहसास होने पर साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर कर मामले की जांच की जा रही है।

# विवाहिता ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में एक नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अलीनगर सुनहरा नादरगंज निवासी हिना खातून पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह बीते 30 नवम्बर 24 को मुमताज नगर, ताज पुर कोन्डरा थाना कैन्ट जनपद अयोध्या निवासी मोहम्मद शाहबाज खान पुत्र सरवर खान के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद पति सहित ससुर सरिन खान, सास ताहिरा बेगम और जेठ मोहम्मद शादाब खान द्वारा दहेज में दस लाख रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। इसके अलावा जेठ शादाब खान ने जबरन अवैध संबंध बनाने की कोशिश की और विरोध करने पर मारपीट की गई।

# मामूली विवाद पर मारपीट कर मोबाइल फोन छीना, गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि इनके साथ घटना में शामिल रहे एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार मानस इंक्लेव इन्द्रानगर के रहने वाले गौरव मिश्रा ने पांच अगस्त को लिखित शिकायत की थी कि 02/03 अगस्त की रात पुलिस मुख्यालय के पास स्थित चौराहे के पास उनका भाई अपने मित्र के साथ खड़ा था। तभी कुछ लोगों ने उनके भाई व मित्रों पर घेर कर जान से मारने की नीयत से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। उसके बाद मोबाइल छीन कर फरार हो गए। जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही थी। जिसमें कुछ आरोपितों के नाम प्रकाश में आये थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए सुशांत गोल्फ सिटी व अपराध शाखा की टीमें लगाई गई थी। इन टीमों ने रविवार को बिलाल खान पुत्र बब्लू खान निवासी करबला ढाल के पास मोहल्ला खदरा थाना मदेयगंज व मोहम्द जाहिद पुत्र अली अहमद निवासी मोहल्ला खदरा बड़ी पकडिया के पास थाना मदेयगंज को उनके घरों के पास से व एक बाल अपचारी को थाना मदेयगंज क्षेत्र से पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया कि 02/03 अगस्त की रात को हम सभी लोग टानिक बार गये थे। वहा से बाहर निकलने के दौरान टानिक बार में मौजूद कुछ लोगों के साथ धक्का लगने की बात को लेकर मेरे व मेरे दोस्तों द्वारा टानिक बार के गेट पर झगड़ा व मारपीट की गई थी। जिसके बाद मॉल से बाहर निकलने के बाद भी मेरे व साथियों द्वारा मातृ शिशु अस्पताल के पास स्थित चौराहे के समीप रोककर उन लोगों पर हमला किया गया था। उसके बाद हम लोग उनसे मोबाइल छीन कर फरार हो गए थे, लेकिन वह मोबाइल मेरे द्वारा रास्ते में कही फेंक दिया गया था। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किये गए दो चाकू भी बरामद किए। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया।

**शांति भंग के आरोप में छह गिरफ्तारः** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों को जांच के दौरान शांति भंग करने की आशंका पर छह आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी बीच शांति भंग करने की आशंका पर अब्दुल सैफ पुत्र स्व० अब्दुल शब्बीर निवासी 99/142 मुन्ना पुरवा थाना बजरिया कानपुर नगर, हिमांशु चौधरी पुत्र राकेश चौधरी निवासी 32-हरिहरगंज थाना कोतवाली फतेहपुर,

मोहम्मद फईम अख्तर पुत्र अली अख्तर निवासी ग्राम बेदू टोला थाना थावे जनपद गोपालगंज बिहार, विश्वजीत सिंह पुत्र उधम सिंह निवासी विशुनपुर थाना चिलुआताल गोरखपुर, सयंम शिवहरे पुत्र मनोज शिवहरे निवासी आनन्दपुरम कालोनी थाना कोतवाली फतेहपुर व दिनेश पाल पुत्र राधेश्याम निवासी गडरियन पुरवा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।

# डिवाइडर से टकरायी स्कूटी, युवक की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे के फुलवरिया मोड़ पर शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई।

रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र के जियालालखेड़ा गांव निवासी देवीदीन ने बताया कि उनका बेटा अमर बहादुर यादव (24) लखनऊ के चिनहट स्थित एक होटल में काम करता था। बीते शुक्रवार को वह रक्षाबंधन मनाने अपने घर आया था, शनिवार को बहन से राखी बंधवाने के बाद वह स्कूटी से वापस अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था। परिजनों के अनुसार, जैसे ही अमर बहादुर फुलवरिया मोड़ के पास पहुंचा स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को ट्रॉमा सेंटर भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सर्प दंश से युवती की गयी जान

**लखनऊ।** नगराम के कमालपुर विचलिका का मजरा अहिरन खेड़ा गांव में 24 वर्षीय महिला की सर्प दंश से मौत हो गयी। परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

नगराम के कमालपुर विचलिका का मजरा अहिरन खेड़ा निवासी दुर्गेश गौतम की 24 वर्षीय पत्नी चांदनी शनिवार शाम करीब तीन बजे घर के कमरे में रखे फ्रिज के नीचे साफ सफाई कर रही थी। कि तभी सर्प ने डस लिया। काफी देर तक चांदनी कुछ समझ नहीं पाई। कुछ समय बाद हालत बिगड़ने पर सर्प डसने का अंदेशा हुआ। सूचना पाकर खेत से घर पहुंचे परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज ले गए। वहां डाक्टरों ने सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव घर लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जन्माष्टमी पर न वसूली और न हो अशोनभीय नृत्य

लखनऊ। आगामी 16 अगस्त 2025 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पर वसूली न हो, कर्मचारियों के वेतन से पैसे न काटे जाये व अशोभनीय नृत्य का कार्यक्रम न किया जाए। ये निर्देश प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्णा ने सभी जिलों के पुलिस अफसरों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व जिलों के सभी थाना व कोतवालियों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर अशोभनीय नृत्य करवा कर जश्न मनाना महंगा पड़ सकता है। दोषी पाए जाने पर सिर्फ सस्पेंड व निलंबित की कार्रवाई नहीं हो सकती बल्कि विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है। इस मौके पर सुरक्षा के मद्देनजरे सख्त निर्देश भी दिये गएहै।

# विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा रहेगी पुख्ता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किये जाने को लेकर पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने जेसीपी बब्लू कुमार, डीसीपी मध्य व भारी पुलिस फोर्स के साथ बैठक की। जिसके बाद विधानसभा के चारों तरफ मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने बताया कि विधानसभा सत्र की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी गयी है। बैरिकैटिंग करके विधानसभा मार्गो पर जाने वाले वाहनों पर निगरानी रखी जायेगी। इसके ट्रैफिक व्यवस्था को डायवर्ट किया गया है। वहीं सुरक्षा में एटीएस कमांडो के अलावा बम निरोधक व डॉग स्काएड की टीम लगातार भ्रमण करती रहेंगी। वहीं देर शाम पुलिस कमिश्नर पुलिस फोर्स और अफसरों के साथ विधानसभा सत्र की सुरक्षा को लेकर मौके पर पहुंचे। जहां अफसरों को उनकी तैनाती स्थल पर कई बिन्दुओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने गेट और चारों तरफ किसी प्रकार के वाहनों को रोके जाने पर प्रतिबंधित किया है। पुलिस कमिश्नर ने विधानसभा के अंदर से बाहर तक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं विधानसभा सत्र के दौरान किसी को भी बाहर विरोध प्रदर्शन और हंगामा करने पर कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-10.08.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख.-दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 11.08.2025 से दिनांक 17.08.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सुखऊपुर अशरफपट्टी पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 17.08.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिचरोड से ऊमेश वर्मा के चक तक खण्डजा मरम्मत कार्य। | 2.03 लाख। | ईंट, मिट्टी व अन्य सामग्री। |
| 2. | पूरन के चक से गौरीशंकर के घर खण्डजा मरम्मत कार्य। | 2.02 लाख। | ईंट, मिट्टी व अन्य सामग्री। |
| 3. | इण्टरलॉकिंग से बाबुल्लाह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1.60 लाख। | ह्यूम पाईप ईंट गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेंट, सरिया व अन्य सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख.-दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**



**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रावस्ती**

**पत्रांकः 4409/2025-26** **दिनांकः 07.08.2025**

**आउटसोर्सिंग भर्ती विज्ञापन**

वन स्टाप सेन्टर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, मिशन वात्सल्य व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई हेतु निम्न रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों सेसेवा योजन पोर्टल के माध्यम आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**योग्यता/अनुभवः** पदानुसार, विस्तृत विवरण सेवा योजन पोर्टल Sewayojan Portal.com पर आवेदन पात्र अभ्यार्थी कर सकते है।

**आवेदनः**

सेवा योजन पोर्टल पर 15 दिवस के भीतर पंजीकरण करें व प्रमाणपत्र अपलोड करें। चयन प्रक्रिया अभिलेखीय परीक्षण/साक्षात्कार विभाग से पूर्ण होने पर होगा।





रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधती बहनें | भाई को राखी बांधती बहन | भाई को राखी बांधती बहनें | फोटो-अमित वर्मा

# रक्षाबंधन पर्व : राखी बांधकर बहनों ने भाइयों से लिया रक्षा का वचन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। स्नेह और प्यार की डोर बांध मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

लोगों ने अपने परिवार के साथ पार्कों में जाकर इस त्योहार का मजा लिया। अपने बहनों के यहां राखी बंधवाने के लिए बाहर से उनके भाई पहुंचे, तो बहनों ने भी अपने भाइयों के यहां जाकर राखी बांधी। बच्चों ने राखी का त्योहार मनाया। वहां रह रही छोटी लड़कियों ने अपने साथ के लड़कों को राखी बांधी। सुबह से ही सड़क पर निकलने वाले अधिकांश लोगों की कलाई पर राखी बंधी थी और माथे पर टीका लगा था। इस अवसर पर कुछ भाई-बहनों से बात की। इनमें से शिवांगी ने चहकते हुए कहा कि उसके भाई ने राखी बांधने पर उसे चॉकलेट दी है।

**महाकाल बाबा को बांधी राखी:** राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मन्दिर में शनिवार को राखी का पर्व मनाया गया। सुबह आरती के बाद भगवान भोलेनाथ को राखी बांधी। भक्तों ने भोलेनाथ को राखी बांध देश में शांति और कल्याण की कामना की। वहीं मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों ने एक दूसरे को राखी बांधी।

**भाई-बहन के प्यार में घुलती है मिठास:** राखी बंधवाने वाले रवि ने कहा कि उसने गिफ्ट में अपनी बहन को कुछ रुपए और सूट दिया है। उनकी बहन सोवी ने कहा कि राखी भाई-बहन के प्यार को मजबूती देने वाला त्योहार है। मिठास बढ़ती है। इस अवसर पर तान्या का कहना था कि उनका भाई हमेशा राखी के दिन गिफ्ट नहीं देने पर अड़ जाता है। वे भी राखी नहीं बांधने पर अड़ जाती हैं। बाद में उनका भाई राखी बंधवा कर गिफ्ट दे ही देता है। यही तो भाई.बहन के प्यार को बढ़ाता है।

**मंदिरों में की पूजा-अर्चना:** बहुत सी महिलाओं ने भाइयों को राखी बांधने के पहले मंदिरों में जाकर भगवान को राखी अर्पित कर अपने और अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। रक्षाबंधन के दिन भी राखियों और मिठाइयों की बिक्री जारी रही। गुरुवार को मिठाइयों की रिकार्ड बिक्री हुई है। परंपरागत मिठाइयों के अलावा इस बार ब्रांडेड मिठाइयों की मांग ज्यादा रही। चाकलेट की जमकर बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। भाइयों ने बहनों को यथाशक्ति दक्षिणा और उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। दिन भर मिठाइयों और राखी की दुकानों पर भीड़ भाड़ रही।

## दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया कुश्ती कौशल

**लखनऊ।** मलिहाबाद के ग्राम पंचायत मवई के मजरे फत्तेपुर में रक्षाबंधन के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में दंगल प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम ने इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया। मेले में भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए। यह भीड़ इस आयोजन की लोकप्रियता को दशार्ती है। दंगल प्रतियोगिता में क्षेत्र के पहलवानों ने अपनी कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम द्वारा कराया गया यह आयोजन क्षेत्र के विकास और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने वाला प्रयास है। मेले में लोगों की अधिक संख्या में भागीदारी ने इस आयोजन को सफल बनाया। इस मेले से क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में मदद मिली है। साथ ही स्थानीय लोगों को एकजुट होने और आपस में जुड़ने का अवसर भी मिला। ऐसे आयोजन क्षेत्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**सोशल साइट ने मिटाई दूरियां:** रक्षा बंधन पर सोशल साइट्स ने शहर से बाहर या विदेश में रहने वाले भाईयों व बहनों की दूरियों को कम किया। सिंगापुर में रहने वाले वेदकांत त्रिपाठी को उनकी बहनों ने इलाहाबाद से राखी भेजी थी। उन्होंने रक्षाबंधन पर निर्धारित मुहुर्त में बहनों द्वारा भेजी राखियों को बांधा और उसकी फोटो वाट्सएप के जरिये शेयर की। अपनी बहनों से हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले ऐसे हजारों भाईयों ने सोशल साइट्स के जरिये रक्षाबंधन सेलीब्रेट किया।

**जमकर शेयर की सेल्फी:** फेसबुक और वाट्सएप ने भाई-बहन के प्यार के पर्व को यादगार बनाया। लोगों ने बहनों के साथ जमकर सेल्फी ली और उसे फेसबुकए ट्वीटर व वाट्सएप पर शेयर किया। वहीं दिन भर रक्षाबंधन की बधाई देने का सिलसिला भी जारी रहा।

**दिन भर चली आवाजाही:** रक्षाबंधन पर्व के चलते आज पूरे दिन भाइयों और बहनों की आवाजाही चलती रही। अधिकांश भाई और बहन पहले से नहीं जा सके थे, लिहाजा वे आज ही भाई या बहन के घर पहुंचे और रक्षाबंधन का त्योहार मना कर वापस भी लौटे। इसके चलते ट्रेन, बस और अन्य यात्री वाहनों में आज पूरे दिन भारी भीड़ का माहौल बना रहा। ट्रेन हो या बस किसी में भी पूरे दिन पांव रखने को भी जगह नहीं मिल सकी। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन भी दिन भर यात्रियों से खचाखच भरे रहे। पुलिस द्वारा आज भी दिन भर सतर्कता बनाए रखी गई।

**रक्षाबंधन पर खूब बिके गिफ्ट और मिठाई:** इस बार भाई.बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर बाजार चमक गया। पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार दोगुना कारोबार हुआ और कपड़ा, राखी, मिठाई की बिक्री का आंकड़ा 250 करोड़ पार कर गया। वहीं राखियों की बिक्री ने भी पिछला रिकार्ड तोड़ दिया। व्यापारियों के मुताबिक लखनऊ में दो करोड़ की राखियां बिकी हैं। सबसे ज्यादा मांग लाइट, कार्टून और नग वाली राखियों की रही। मिठाई का कारोबार भी 200 करोड़ से अधिक का रहा। लखनऊ में शुक्रवार को बाजार दोपहर तक गुलजार रहा। अमीनाबाद, चौक, भूतनाथ मार्केट सहित अधिकांश बाजारों में रक्षाबंधन की दुकानें सजी थीं। आईटी चौराहा, निशातगंज पर लगी दुकानों पर महिलाएं राखी की खरीदारी करती दिखाई दीं।

**चांदी के पायल भी खूब बिकी :** इस बार आभूषणों की भी खूब बिक्री हुई। विशेष रूप से चांदी की चमक बढ़ी। आठ से नौ हजार रुपए तक के चांदी के ब्रेसलेट की बिक्री हुई जबकि चांदी के राखियां पांच सौ से पांच हजार रुपये के बीच बिकीं। चौक सराफा बाजार के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि कि रक्षा बंधन पर कारोबार पिछले दो वर्षों की अपेक्षा बेहतर रहा है राखी के होलसेल डीलर और रिटेल विक्रताओं के यहां से शुक्रवार दोपहर तक राखियां खूब बिकीं। राजधानी में राखियों का अनुमानित कारोबार करीब 2 करोड़ रुपये का हुआ है। वहीं रक्षाबंधन से पहले देर रात तक बाजारों में महिलाएं मेहंदी लगवाने पहुंचीं।

## जेल में राखी बांधने पहुंचीं बहनें, भाइयों के खिल उठे चेहरे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जिला जेल में भी रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। जेल पहुंची बहनों ने बंदी भाइयों के माथे पर टीका कर उनकी लंबी उम्र और जल्द रिहा होने की कामना की। इस भावुक पल में बंदी भावुक हो गए। इनमें से कई बंदी रो पड़े। बहनों ने संकल्प दिलाया कि वह जेल से छूटने के बाद अपराध की दुनिया को छोड़कर सामान्य जीवन जिएंगे।

शनिवार को जिला कारागार में बंद बंदियों से बहनों ने मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी और उनकी सलामती की दुआ माँगी। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। रक्षाबंधन के मौके पर शनिवार सुबह छह बजे ही सैकड़ों की संख्या में बंदी भाइयों से मिलने के लिए बहनें जिला जेल पहुंच गई। खुली मुलाकात के चलते हजारों की संख्या में महिलाओं के जेल पहुँचने की संभावना को देखते हुए जेल प्रशासन ने कई रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए थे। महिला पुलिस कर्मी व जेल कर्मियों ने कई चरणों में सघन तलाशी कराने के बाद ही बहनों को जेल में प्रवेश दिया। गोसाईंगंज के एसएसआई उमाशंकर सिंह की अगुवाई में 44 दरोगा, 45 पुलिसकर्मियों के अलावा एक प्लाटून पीएससी को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया गया था। जिला कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि रक्षाबंधन पर शनिवार को खुली मुलाकात में 2293 बंदियों को 3881 बहनों व 1133 बच्चों ने राखी बांधी। शाम करीं छह बजे तक मुलाकात कराई गई। किसी भी महिला मुलाकाती को लौटाया नहीं गया। इस मौके पर जेलर सुनील दत्त मिश्रा, डिप्टी जेलर कुंवर वीरेंद्र विक्रम सिंह, आशुतोष मिश्रा, अजय कुलवंत, तारकेश्वर सिंह व आनंद कुमार के अलावा सभी अफसरों व जेल कर्मी मौजूद रहे।



**हेल्प डेस्क पर की राखी और मिष्ठान की व्यवस्था:** जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी के मुताबिक जेल प्रशासन की ओर से हेल्प डेस्क पर राखी के साथ ही मिष्ठान की निशुल्क व्यवस्था की गई थी। ताकि जल्दबाजी में जेल पहुँचने वाली महिलाओं को राखी और मिष्ठान के लिए भटकना न पड़े। राखी बांधने के बाद जेल से बाहर निकलने पर महिलाओं और बच्चों के लिए जलपान का विशेष इंतजाम किया गया था। जिसमें मिठाई कोल्डड्रिंक आदि की व्यवस्था की गई थी।

**बेटे से मिलने के लिए भटक रही महिला का सहारा बने अधीक्षक:** सआदतगंज के पुराना चबूतरा निवासी बुजुर्ग शकुंतला जेल में बंद बेटे मनीष यादव से मिलने पहुंची थी। दो घंटे तक बेटे का इंतजार करने के बाद वह वापस लौट रही थी। तभी राउंड पर निकले वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल से उनकी भेंट हो गई। महिला ने बेटे से मिलाने की गुहार लगाई। अफसर ने हवालात प्रभारी अजय कुलवंत व महिला डिप्टी जेलर के साथ बुजुर्ग को लेकर दफ्तर पहुंचे। रिकार्ड देखने पर पता चला कि महिला जिस बेटे से मिलने के लिए जेल के चक्कर लगा रही है वह एक साल पहले ही जेल से छूट चुका है। वर्तमान में वह प्रदेश की किसी भी जेल में नहीं बंद है।

# इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मना बलराम पूर्णिमा महोत्सव

## भक्तों ने अभिषेक, कीर्तन और नृत्य के साथ मनाया उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इस्कॉन मंदिर में शनिवार को श्री बलराम पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने अपनी कथा में बलराम जी के आविर्भाव के रहस्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि हमारे हृदय में भगवान का आविर्भाव तभी संभव है जब हम छह अनर्थों - काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर्य को समाप्त करें। यह केवल गुरु की शरणागति से ही संभव है। प्रभु जी ने बलराम जी की एक प्रमुख लीला का वर्णन किया। वृंदावन के बारह वनों में से एक तालवन में अति स्वादिष्ट फल पाए जाते थे। लेकिन कृष्ण-बलराम के सखा इन फलों का आनंद नहीं ले पाते थे। वहां धेनुकासुर नामक राक्षस गधे के रूप में रहता था। बलराम जी ने उसकी पूंछ पकड़कर चारों तरफ घुमाते हुए फेंककर उसका वध किया। अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया कि श्री बलराम जी अनंत ब्रह्मांडों का भार ग्रहण कर भगवान की सेवा करते हैं। वे आध्यात्मिक जगत के एक चौथाई भाग के पालनकर्ता हैं और गुरु तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बलराम जी की कृपा के बिना भगवान की भक्ति और कृष्ण प्रेम प्राप्त करना असंभव है। उत्सव का प्रारंभ शाम 6:30 बजे हुआ। अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बलराम जी का अभिषेक किया। सभी भक्तों ने उत्साह और उमंग के साथ विशेष आरती, कीर्तन और नृत्य में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसाद ग्रहण किया।



# लोक नृत्य शैली से 'क्रांति की धुन' ने दिया देशभक्ति का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर की सांस्कृतिक संस्था एस एस एस फाउंडेशन द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष में स्थानीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में मंचित किया गया।

मंच से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात कुमार बोस वरिष्ठतम रंग निदेशक एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित एवं श्री राजेश जायसवाल सुप्रसिद्ध समाजसेवी व आक्सीजन मैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शन से संबंधित समस्त कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। काकोरी ट्रेन के क्रांतिकारी पर आधारित इस प्रस्तुति को लगभग 45 दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से तैयार किया गया। कार्यशाला का कुशल संचालन नगर की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री जरा हयात के निर्देशन में संचालित किया गया। लोक नृत्य शैली को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोरियोग्राफर शुभम द्वारा कोरियोग्राफ किया गया। काकोरी कांड के प्रमुख राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह द्वारा क्रांति के महत्व को ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध एक साहसिक कदम एवं देश भक्ति एवं स्वतंत्रता की भावना को सजीवता से शुभम, सुश्री जरा हयात, अंकिता सिंह, दीपा यादव, पूजा वर्मा, अनुष्का राजपूत, अनन्या साहू, सोम कुमार, पवन साहू, राहुल कुमार, एवं अभिजीत राजपूत व अन्य कलाकारों ने बड़े ही प्रभावशाली ढंग से मंच पर मंचित किया इस अवसर पर नगर की प्रसिद्ध रंग निर्देशिका अचला बोस उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी भी उपस्थित रही मंच संचालन की कमान आमिर मुख्तार ने सँभाली इस कार्यक्रम को अपने कैमरे में कैद किया कैमरा मैन आशुतोष विश्वकर्मा ने और संगीत दिया सचिन शाक्य जी ने। और इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं जारा हयात ने किया।



# गुरु चरणन नितगान करिए से किया गुरुओं को नमन

- गुरु उत्सव में याद किये गये उस्ताद जाकिर हुसैन
- डा. मोनिका सिंह की संगीत आधारित पुस्तक का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय संगीत महाविद्यालय द्वारा पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन को समर्पित कार्यक्रम गुरु उत्सव में कलाकारों ने तबला वादन एवं गायन के माध्यम से गुरुओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। रविवार को डा. राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विक्रम सिंह, डा. अरविन्द सिंह, डा. संजीव सिंह, डा. विभोर महेंद्रु, डा. सत्या, डा. रंजना, कुसुम वर्मा, सुनील विश्वकर्मा व अविनाश शर्मा ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलन व उस्ताद जाकिर हुसैन के चित्र पर पुष्पार्पण कर किया। इस अवसर पर डा. मोनिका सिंह की पुस्तक संगीत का अन्य विषयों से सह संबंध का विमोचन भी हुआ।

मुख्य अतिथि डा. विक्रम सिंह ने हिंदुस्तानी संगीत को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजनों को प्रासंगिक बताया। इस अवसर पर संस्था ने प्रसिद्ध शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरुप पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और पांच हजार एक रुपये की धनराशि प्रदान की गई। उस्ताद जाकिर हुसैन के प्रमुख शिष्य व कार्यक्रम संयोजक शेख मोहम्मद इब्राहिम ने उस्ताद जी एवं संस्था के बारे में जानकारियां साझा करते हुए अतिथियों, कलाकारों व शिष्यों का स्वागत किया। गुरु उत्सव का शुभारम्भ कलाकारों ने सामूहिक रुप से राग अहीर भैरव में गुरु चरणन नितगान करिए, राग खमाज में छोटा ख्याल नमन करूं मैं गुरु चरण, तथा भजन हे दुख भंजन मारुति नंदन से किया। दिव्यांशी एवं सिराज अहमद ने रूपक ताल में तबला की युगलबंदी की। कमल गुप्ता एवं विजय यादव ने तीन ताल में तबला वादन कर सभी को मुत्रमुग्ध कर दिया। अनुज महेंद्रु ने राग मियां मल्हार में बड़ा ख्याल बादल बरसे, छोटा ख्याल गरजन बरसन लगे बदरा सुनाया। कृष्णा एवं त्रयंबकेश यादव ने भजन कभी राम बनके कभी श्याम बनके, आरुषि एवं आदित्य ने पायो जी मैंने राम रतन धन पायो, निशि ने नन्ही नन्ही बुंदिया रे, डा. संजीत सिंह ने गजल तुमको देखा तो ख्याल आया, अंश ने गजल लोग कहते हैं अजनबी हो तुम, अंशिका ने लोकगीत गोदना गोदे गोदन हारि, मनीष अवस्थी ने चदरिया झीनी रे झीनी तथा अतिथि कलाकार वरिष्ठ गायिका सुनीता झिंगरन ने ठुमरी दादरा और भजन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संगत कलाकारों में गिटार पर सम्राट राजकुमार, तबला पर अरुण मिश्रा, सिंथेसाइजर पर मयंक सिंह, नाल पर प्रखर प्रताप सिंह, बांसुरी पर सौरभ सोनवानी, क्लेरियोनेट पर देवी प्रसाद, हारमोनियम पर आरिफ खान ने प्रभावी संगत दी।




# संकट मोचन हनुमान मंदिर में लगा 101 किलो लड्डुओं का भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में शनिवार 09 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा के दिन हनुमान सेतु स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में 101 किलो लड्डुओं का भोग लगाया गया।

इस अवसर पर सपना गोयल ने संदेश दिया कि आत्म अध्ययन ही है अध्यात्म। उन्होंने बताया कि हम वाह्य जगत का अध्ययन कर शारीरिक और सामाजिक उन्नति तो हासिल कर सकते हैं पर आध्यात्मिक उन्नति के लिए हमें आत्ममुखी होना होगा। परमात्मा से जुड़ने का मार्ग, आत्मज्ञान से ही संभव है। सुंदरकांड का नियमित पाठ इस दिशा में व्यक्ति के सुप्त बल को जागृत करता है और उसका सम्पूर्ण जीवन ही आनंदमयी और सुंदर बना देता है। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने कहा कि यह वक्त की पुकार है कि सभी सनातनी मातृशक्तियां, अपने-अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के परिवेश में ढालें। इसके साथ ही उनके जीवन को खुशियों से भरने के लिए सनातन धर्म क्या है? इसके बारे में उन्हें पूर्ण जानकारी दें। जैसे स्वयं देवी मां अंजना ने अपने पुत्र हनुमान महाराज को संस्कारवान बनाया था। उनके अनुसार जीवन में जननी और जन्मभूमि दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण है। सनातनी परंपरा का अनुसरण करके हम इन दोनों को नमन कर अपना और समाज का उत्थान कर सकते हैं। इसी में, राष्ट्र उन्नति निहित है। सुंदरकांड के नियमित पाठ से केवल सनातनियों का ही नहीं बल्कि हर समाज के अनुयायियों का कल्याण सम्भव है। सुंदरकांड के पाठ में सुंदर विश्व की कामना का भाव निहित है। उनके अनुसार सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचान महज एक साल की अल्पावधि में दिलों से लेकर जिलों तक को जोड़ने में सफल रहा है। उनके इस महा अभियान का लक्ष्य है कि संतों और देवों की पावन भूमि भारत पुनः विश्व गुरु बने। अयोध्या जी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला 11 सितम्बर 2024 से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवासमिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में स्थानीय अनगिनत मंदिरों के साथ ही नैमिषारण्य तीर्थ, उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर-सिद्धबली परिसर, काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर, मथुरा स्थित भगवान कृष्ण जन्मस्थली मंदिर परिसर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, सफलतापूर्वक आयोजित करवाया जा चुका है।



# 23 रेलगाड़ियां हुईं निरस्त, अनेक के मार्ग परिवर्तित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुये क्षमता विस्तार हेतु अनेक प्रभावी कदम उठाये गये हैं। अभी तक कुसुम्ही से देवरिया सदर एवं डोमिनगढ़-बस्ती-गोविन्दनगर रेल खण्डों पर ऑटोमेटिक सिगनलिंग पर टेज्नों का संचालन किया जा रहा है।

इसी क्रम में छपरा से बाराबंकी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। इसको आगे बढ़ाते हुये गोरखपुर-गोण्डा रेल खण्ड पर स्थित गोविन्दनगर-टिनिच-गौर-बभनान (24.64 किमी.) के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशन हेतु नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण 18 अगस्त को ब्लाक दिये जाने के फलस्वरूप गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा तथा कुछ गाड़ियों का बभनान/ गौर/ गोविन्दनगर/ टिनिच स्टेशनों पर अस्थाई रूप से ठहराव नही दिया जायेगा।



• 18 और 19 अगस्त को यात्रियों को होगी परेशानी

निरस्तीकरण के तहत भटनी एवं अयोध्या धाम से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 19 अगस्त को चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

छपरा से 17 अगस्त को चलने वाली 15114 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी तथा गोमतीनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 15113 गोमतीनगर-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र से 19 अगस्त को चलने वाली 15034/15033 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

गोरखपुर एवं बहराइच से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच -गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। नकहा जं. एवं नौतनवा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55071/55072 नकहा जं.-नौतनवा-नकहा जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55031 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 20 एवं 21 अगस्त को चलने वाली 55032 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55093 गोरखपुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी तथा गोण्डा से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55094 गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 55091 गोण्डा-सीतापुर सिटी सवारी गाड़ी निरस्त तथा सीतापुर सिटी से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55092 सीतापुर सिटी-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

गोण्डा एवं सीतापुर सिटी से 19 अगस्त को चलने वाली 55033/55034 गोरखपुर-सीतापुर सिटी-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर जं. एवं शाहजहाँपुर से 19 एवं 20 अगस्त को चलने वाली 55059/55060 सीतापुर जं.-शाहजहाँपुर-सीतापुर जं. सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 20 एवं 21 अगस्त को चलने वाली 55075 एवं 55073 गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत छपरा से 18 अगस्त को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 18 अगस्त को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

मुजफ्फरपुर से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर- बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। गुवाहाटी से 17 अगस्त को चलने वाली 15655 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

दरभंगा से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी।

भागलपुर से 18 अगस्त को चलने वाली 09412 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 17 एवं 18 अगस्त को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-आजमगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

काठगोदाम से 18 अगस्त को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोमतीनगर से 18 अगस्त को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 18 अगस्त को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 18 अगस्त को चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मथुरा जं.से 18 अगस्त को चलने वाली 15110 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 18 अगस्त को चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत प्रयागराज संगम से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस बस्ती के स्थान पर मनकापुर में यात्रा समाप्त करेगी ।

यह गाड़ी मनकापुर से बस्ती के मध्य निरस्त रहेगी। बस्ती से 18 एवं 19 अगस्त को चलने वाली 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस बस्ती के स्थान पर मनकापुर से चलाई जायेगी । यह गाड़ी बस्ती से मनकापुर के मध्य निरस्त रहेगी।

## वाटर लॉगिंग के कारण छह ट्रेनें रद

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मंडल के मैलानी-नानपारा रेल खंड के भीराखेरी-पलिया कलां स्टेशनों के मध्य वाटर लॉगिंग के कारण गाड़ी संख्या 52261/52262 एवं 52263/52264 नानपारा-मैलानी-नानपारा सवारी गाड़ी का निरस्तीकररण 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है तथा 16,17, 23, 24, 30 एवं 31अगस्त को चलने वाली गाड़ी संख्या 52259/52260 बिछिया-मैलानी-बिछिया सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

## महिलाओं ने अखिलेश यादव को बांधी राखी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आज भी बड़ी तादाद में आई महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट की। अखिलेश यादव ने बहनों से वायदा किया कि वे माताओं-बहनों के लिए काम करने का रक्षा बंधन पर संकल्प लेते है।महिलाओं के सम्मान एवं जीवन निर्वहन के लिए समाजवादी पेंशन की व्यवस्था करेंगे।समाजवादी सरकार बनने पर उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज नफरत की राजनीति हो रही है, आपसी रिश्तों में जहर घोला जा रहा है। रक्षाबंधन के पर्व से परस्पर सद्भाव और प्रेम का संदेश जाना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव की भावनाओं से अभिभूत बहनों ने भी संकल्प लिया कि वे 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में कुछ उठा नहीं रखेंगी। 2027 में अखिलेश यादव को हर हाल में मुख्यमंत्री बनाना है। प्रदेश में तभी खुशहाली आएगी और महिलाओं को उनका हक तथा सम्मान मिल सकेगा। इस अवसर पर कुछ बहनों ने पीडीए की राखी भी बांधी। बड़ी संख्या में बच्चे भी उनके साथ आए थे। श्री जनेश्वर मिश्र जी की बहन उनके दामाद तथा बेटा ने अखिलेश यादव से मुलाकात कर राखी बांधी।

## रेलवे ने लागू की राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम

### रिटर्न जर्नी पर 20% का मिलेगा डिस्काउंट, एक्सपेरिमेंटल बेसिस पर शुरू की गयी योजना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिवाली और छठ की छुट्टियां परिवार के साथ बिताने व काम से 5 हफ़्ते का अवकाश लेने के इच्छुक लोगों के लिए खुशखबरी। रेलवे ने भीड़ को कम करने के लिए राउंड ट्रिप पैकेज के लिए वापसी यात्रा के मूल किराए पर 20% की छूट शुरू की। राउंड ट्रिप पैकेज की बुकिंग 14 अगस्त से शुरू होगी और आगे की यात्रा 13 से 26 अक्टूबर तक होगी।। 17 नवंबर से 1 दिसंबर तक बुक की गई रियायती वापसी यात्रा टिकटों पर वर्तमान 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी

भारतीय रेल भीड़ से बचने, परेशानी मुक्त बुकिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयास कर रही है। त्योहारों के मौसम में भीड़भाड़ को कम करने और विशेष ट्रेनों सहित रेलगाड़ियों का दोनों तरफ से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रियायती किराए पर राउंड ट्रिप पैकेज योजना तैयार की गई है, जो प्रायोगिक आधार पर लागू की जा रही है। यह योजना उन यात्रियों पर लागू होगी जो दी गई निर्धारित अवधि के दौरान अपनी वापसी यात्रा भी चुनते हैं।

इस योजना के तहत, समान यात्रियों के समूह के लिए आगे और वापसी दोनों यात्रा (राउंड ट्रिप) के लिए बुकिंग करने पर छूट लागू होगी। वापसी यात्रा का यात्री विवरण, आगे की यात्रा के समान होगा। अग्रिम आरक्षण अवधि तिथि 13 अक्टूबर के लिए बुकिंग प्रारंभ तिथि 14 अगस्त होगी। आगे की टिकट 13 अक्टूबर और 26 अक्टूबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए बुक की जाएगी और बाद में 17 नवंबर और 1 दिसंबर के बीच ट्रेन प्रारंभ तिथि के लिए कनेक्टिंग यात्रा सुविधा का उपयोग करके वापसी यात्रा टिकट बुक की जाएगी। वापसी यात्रा की बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी। उपरोक्त बुकिंग केवल दोनों दिशाओं के कन्फर्म टिकटों पर ही मान्य होगी। वापसी यात्रा के मूल किराए पर केवल 20 % की कुल छूट दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत बुकिंग आगे और वापसी दोनों यात्राओं के लिए समान श्रेणी और समान आरम्भ एवं गंतव्य स्टेशन के लिए होगी। इस योजना के अंतर्गत बुक किए गए टिकटों के लिए किराया वापसी की अनुमति नहीं होगी। उपर्युक्त योजना फ्लेक्सी किराया वाली ट्रेनों को छोड़कर सभी श्रेणियों और विशेष ट्रेनों (मांग पर ट्रेनें) सहित सभी रेलगाड़ियों में मान्य होगी। किसी भी यात्रा में इन टिकटों में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। रियायती किराए पर वापसी यात्रा बुकिंग के दौरान कोई अन्य छूट, रेल यात्रा कूपन, वाउचर आधारित बुकिंग, पास या पीटीओ आदि स्वीकार्य नहीं होंगे।

आगे और वापसी यात्रा के टिकट एक ही माध्यम से बुक किए जाने चाहिए। इंटरनेट (ऑनलाइन) बुकिंग, या आरक्षण कार्यालयों में काउंटर बुकिंग के माध्यम से टिकट बुक किया जा सकेगा।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बहनों से बंधवायी राखी



**लखनऊ।** पावन रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी ने आलमबाग स्थित कार्यालय में महिला मोर्चा एवं क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाकर भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का संदेश दिया। इस अवसर पर आनंद द्विवेदी ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जो हमें परस्पर स्नेह, सुरक्षा और सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने बहनों को हर संभव सहयोग और सुरक्षा का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में महानगर मंत्री मधुबाला त्रिपाठी, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सीता नेगी कार्यालय मंत्री दीपक शुक्ला सहित महिला मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर सभी ने समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

## डॉ. सूरज और डॉ. रीता को मिला अनागत सम्मान

**लखनऊ।** त्रिवेणी नगर तृतीय में अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान की ओर से काव्य व सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यहां संस्थान ने डॉ. सूरज बहादुर थापा को अनागत मार्तण्ड और डॉ. रीता चौधरी को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान से नवाजा। मुख्य अतिथि कैप्टन सरोज सिंह, विशिष्ट अतिथि राम मूर्ति रहे। सरस अनागत काव्य गोष्ठी का संचालन प्रवीण कुमार पांडेय आवारा ने किया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष डॉ. अजय प्रसून, डॉ. एलपी गुर्जर लखनवी, पंडित बेअदब लखनवी, राम राज भारती, स्वतंत्र कुमार शुक्ल, अजय तोमर अपनी रचनाएं सुनाई।

## अंकुश राजा के भोजपुरी गाने 'रक्षाबंधन' को दर्शक कर रहे पसंद

**लखनऊ।** देशभर में सभी त्योहारों की तरह ही रक्षाबंधन भी धूमधाम से मनाया जाता और इस पर हर इंडस्ट्री में फिल्मों से लेकर तमाम तरह के गाने रिलीज हुए हैं, जिसमें भाई-बहन का अटूट प्यार देखने को मिलता है। भोजपुरी इंडस्ट्री में भी कई सिंगर्स ने अपनी सुरीली आवाज में इस खूबसूरत पर्व को अपने-अपने अंदाज में पिरोया है। आज हम आपको एक ऐसा ही गाना सुनाने जा रहे हैं, जिसको 4 साल समें रिकॉर्डतोड़ व्यूज मिले हैं। राखी पर फिल्माया गया गाना 'रक्षाबंधन' अंकुश राजा, प्रियंका सिंह और दीपा भारती ने गाया है। इसे 12 अगस्त 2021 को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक इसे 66 मिलियन यानी 6 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने पर 456' लाइक्स आए हैं और 12494 कमेंट्स किए गए हैं इस गाने में बहन शादी के बाद अपने मायके भाइयों को राखी बांधने के लिए आती है, जिसके आने से मां-बाप और दोनों भाई खुश हो जाते हैं। हालांकि बाद में माहौल थोड़ा इमोशनल हो जाता है क्योंकि भाई अपनी बहन के साथ बिताए पलों को याद करते हैं। इस गाने में अंकुश राजा और रंजीत जी अहम भूमिका में हैं। बोल गाने के ले बोस रामपुरी ने लिखे हैं। चार साल पहले आए इस गाने का व्यूज के मामले में कोई रिकॉर्ड नहीं तोड़ सका है। राखी के मौके पर हर साल इसे सुनकर लोग भावुक भी हो जाते हैं। 66,241,704 व्यूज वाले म्यूजिक वीडियो को छोटू रावत ने डायरेक्ट किया है और कोरियोग्राफी ऋतिक राज ने की है। लोगों ने कमेंट में भी लिखा है कि इस गाने ने उन्हें रुला दिया।

## भाजपा सरकार में महिलाएं सशक्त हो रहीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिनाथ के नेतृत्व में देश की बेटियां सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज बेटियां हवाई जहाज की उड़ान से लेकर देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का जो नारा बीजेपी ने दिया था वह पूर्णतया सार्थक होता जा रहा है। आज बेटे के समान बेटियां पढ़ने के लिए स्कूल जा रही है। यह बात आज बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की अवध प्रांत की सहसंयोजक मनीषा सिंह मनु ने कहीं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां अपने बौद्धिक क्षमता से हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं । आज उच्च पदों में बेटियां विद्यमान है और नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हो। आर्मी, पुलिस बल, सीआरपीएफ, बैंक आदि विभागों में पुरुषों के समान कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर में देश की बेटियों ने पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया। उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर, बैंक अधिकारी बनकर देश की सेवा में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि जब से देश में और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज किसी की भी हिम्मत नहीं है कि वह बेटियों की तरफ आंख उठा कर देख ले। उन्होंने कहा इससे पूर्व जो सरकारें थी उसमें बेटियों का शोषण उत्पीड़न किया जाता था उनको न्याय नहीं मिल पाता था न्याय के लिए उन्हें भटकना पड़ता था। लेकिन भाजपा सरकार ने बेटियों को बराबर का दर्जा दिया और उनकी तरफ बुरी नजर रखने वालों को सख्त से सख्त सजा दी । उन्होंने कहा कि आज दिन हो या रात बेटियां घर से निकल कर अपने काम पर जा सकती हैं उनकी सुरक्षा की गारंटी भाजपा सरकार लेती है । जनता के विश्वास पर भाजपा खरी उतर रही है। उन्होंने कहा की डबल इंजन सरकार जिन-जिन राज्यों में है वहां चौमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा देश की जनता का मत है कि देश को बुलंदियों तक यदि कोई ले जा सकता है तो भाजपा सरकार ही है।

## रेडियो जयघोष बना यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति का पर्याय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



• तीसरी वर्षगांठ पर संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दिया संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष की तीसरी वर्षगांठ, शनिवार 9 अगस्त के अवसर पर माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संदेश दिया कि आजादी की महान क्रांतिकारी घटना, काकोरी एक्शन डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा रेडियो जयघोष की शुरूआत की गई थी। बीते 3 वर्षों से लगातार रेडियो जयघोष अपनी ऊंचाइयां छूने का, सेवा देने का और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को आकर्षित करने का काम किया है। उन्होंने रेडियो जयघोष की तीसरी वर्षगांठ पर रेडियो जयघोष से जुड़े सभी कलाकारों को भी हार्दिक बधाइयां दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष द्वारा उत्तर प्रदेश की पर्यटन और संस्कृति के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक आयामों से जुड़े हुए विषयों पर कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि वे अपेक्षा करते हैं कि लोकहित और जनहित के तमाम विषयों को छूते हुए रेडियो जयघोष, उत्तरोत्तर अपनी समृद्ध विरासत, उत्तर प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन के साथ-साथ अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हुए, उत्कृष्टता के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहेगा। रेडियो जयघोष की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने हर घर तिरंगा अभियान से अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने का आवाहन किया। रेडियो जयघोष द्वारा स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत पांच से 9 अगस्त तक विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। इसमें वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ इतिहासविद् रवि भट्ट, अर्जुन पुरस्कार विजेता रचना गोविल, यूपी दृष्टिबाधित क्रिकेट के कप्तान शौकत अली, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमंग खन्ना, वरिष्ठ गायिका मुक्ता चटर्जी, यूपीएसएनए के अध्यक्ष और वरिष्ठ गायक जयंत खोत सहित विभिन्न हस्तियों के साक्षात्कार और शुभकामना संदेश प्रसारित किए गए। इसके साथ ही रेडियो जयघोष है यूपी की धड़कन नवीन गीत का प्रसारण भी किया गया।

## संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी वैकुण्ठवासी श्री रूपनारायण अग्रवाल (बच्चे लाला) की पुण्य स्मृति में चल रही विराट संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में क्रांतिकारी कथाव्यास स्वामी बाल भरत जी महाराज ने प्रह्लाद चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि एक दैत्य बालक प्रह्लाद ने केवल कीर्तन के बल पर अपने भगवान को प्रसन्न कर लिया और भगत शिरोमणि के नाम से प्रसिद्ध हुए जैसा कि गोस्वामी जी ने श्री रामचरित मानस में भी लिखा कि नाम जपत प्रभु कीन्ह प्रसादू भगत सिरोमनि भे प्रहलादू। इसी क्रम में श्री व्यास जी ने नृसिंहावतार की कथा सुनाते हुए ईश्वर की सर्व व्यापकता पर प्रकाश डाला।

चतुर्थ दिवस की कथा में समुद्रमंथन वामनावतार आदि की भी कथा सुनाई और बताया कि यह संसार ही समुद्र है देवता और दैत्य ही जीव हैं जो संसार से अनेक भोगों की इच्छा करते हुए उसका मंथन करना चाहते हैं और अमृत प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन पहले अमृत नही बल्कि विष से सामना करना होता है उसके बाद यदि अमृत की पात्रता हो तो ही अमृत मिलता है अन्यथा नही ।

जैसे कि देवताओं को अमृत मिला और दैत्यों को मदिरा। इसी क्रम में श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार ही कारागृह है जिसमे देवकी और वसुदेव रूपी जीव वन्दी बने बैठे हैं तथा माया की हथकड़ी में जकड़े हुए हैं और यह हथकड़ी तब तक नही टूटेगी जब तक श्रीकृष्ण अर्थात ब्रह्म को अपने सिर पर धारण नही करेंगे। जैसे ही टोकरी में श्रीकृष्ण को रखकर खड़े हुए वैसे ही सारी हथकड़ी बेड़ी टूट गयी और उधर से जब कन्या अर्थात माया को सिर पर धारण किये उसके तुरत बाद हथकड़ी बेड़ी फिर से पहले जैसे लग गयी।

## समाधान दें नहीं तो होगी सख्त कार्यवाही : डॉ. नीरज बोरा

### डेढ़ घण्टे तक गलियों में घूमे, लोगों से की बात, समस्याओं से हुए रुबरु

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उफनाते सीवर, बजबजाती नालियां, मुख्य मार्ग पर अस्थाई कूड़ा पड़ाव घर, जगह जगह व्याप्त गंदगी। कुछ ऐसा ही नजारा भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड के सेक्टर ए कालोनी और पल्टन छावनी में देखने को मिला। बीते कई दिनों से लगातार मिल रही शिकायतों पर रविवार सुबह औचक निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा यह नजारा देख भड़क उठे। उन्होंने साथ में मौजूद नगर निगम, जलकल विभाग और सुएज कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी। करीब डेढ़ घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान विधायक गलियों में घूमे और लोगों से मुलाकात कर समस्याओं से भी रूबरू हुए।



**क्या आपको बदबू नहीं आ रही है... ?** विधायक डा. नीरज बोरा ने निरीक्षण की शुरूआत इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से मड़ियांव पुल की ओर जाने वाले सर्विस लेन से की। इस दौरान वहां बने अस्थाई कूड़ा पड़ाव घर से पूरे सड़क पर फैली गंदगी देख नाराजगी जताई। उन्होंने साथ में मौजूद नगर निगम के अधिकारियों से पूछा कि क्या आपको बदबू नहीं आ रही है ? स्थानीय निवासियों ने बताया कि वहां नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा कूड़ा डंप किया जाता है जिससे व्याप्त भीषण गंदगी और बदबू के चलते उधर से निकलना दूभर हो गया है। जिस पर विधायक ने तत्काल अस्थाई कूड़ा पड़ाव घर को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किए जाने के निर्देश साथ में मौजूद नगर निगम अधिकारियों को दिए।

**लाओ फावड़ा मैं करता हूँ सफाई आप लोगो से नही होगा :** सर्विस लेन से फेस टू सेक्टर ए कालोनी में प्रवेश करते ही अजंता टेलर के पास नालियों के आसपास कूड़ा व झाड़ियां देख विधायक ने नाराजगी जताई। यह नजारा देख उन्होंने कहा कि यहां सफाई नहीं होती है क्या ?लाओ फावड़ा मैं करता हूँ सफाई आप लोगो से नही होगा। हालांकि नगर निगम के जिम्मेदारों ने तर्क दिया कि यहां क्षेत्र में नियमित सफाई होती है। जबकि मौके पर ऐसा कुछ नहीं दिख रहा था। वही पल्टन छावनी ढाल के पास बजबजाता नाला देख विधायक भड़क उठे। स्थानीय निवासियों ने भी सफाई न होने की शिकायत की जिस पर विधायक ने जोनल सेनेटरी अफसर जितेंद्र गांधी और सफाई निरीक्षक प्रमोद गौतम को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने पूछा कि बीते दिनों निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई के निर्देश दिए थे फिर भी कार्य क्यों नहीं हुआ ? विधायक ने लापरवाही बरतने पर सफाई निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

## बुध आज होंगे मार्गी, 3 राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ग्रहों के राजकुमार बुध की चाल बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। बुध की चाल बेहद प्रभावशाली मानी जाती है। बुध कम्यूनिकेशन, बिजनेस और बुद्धि के कारक माने जाते हैं। बुध की चाल शुभ होने पर व्यक्ति को व्यापार में मुनाफा और मान-सम्मान का लाभ मिलता है। द्रिक पंचांग के अनुसार, बुध इस समय वक्री चाल में गोचर कर रहे हैं। कुछ ही दिनों में बुध वक्री से मार्गी होने जा रहे हैं। 11 अगस्त के दिन दोपहर 12:59 पी एम से बुध मार्गी अवस्था में गोचर करना शुरू करेंगे। 10 नवंबर तक बुध सीधी चाल में गोचर करेंगे। बुध का मार्गी चाल में गोचर करना कुछ राशियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

**वृश्चिक राशि:** बुध की मार्गी चाल से वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आ रही मुश्किलें खुद ब खुद खत्म होने लगेंगी। व्यापार में धन लाभ होने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों को अपने बॉस और सहयोगियों का साथ मिलेगा। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। वहीं, वैवाहिक जीवन में भी मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि के जातकों के लिए बुध की मार्गी चाल फायदेमंद मानी जा रही है। बुध के शुभ प्रभाव से व्यापार से जुड़ी योजनाएं अपना कमाल दिखाएंगी। वहीं, समाज में नाम और काम दोनों मान-सम्मान बटोरेंगे। सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, कुछ लोग अपनी छोटी बहन के साथ वक्त बिताएंगे। बुध की कृपा से रुके हुए कार्य रफ्तार पकड़ेंगे।

**तुला राशि:** तुला राशि के लोगों के लिए बुध की मार्गी चाल बेहद ही शुभ मानी जा रही है। व्यापार में आ रही मुश्किलें समाप्त होने लगेंगी। बुध ग्रह की कृपा से विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सेहत भी ठीक-ठाक रहने वाली है। वहीं, आर्थिक दिक्कतें भी धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

संक्षेप

## खेत में मिला टेंट संचालक का शव

**देवरिया।** जिले के थाना तरकुलवा क्षेत्र के बजरिया गांव में टेंट संचालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या की आशंका सूचना पर पुलिस, डॉग स्क्वाड और फॉरेन्सिक टीम मौके पर पहुँची। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार तरकुलवा थाना क्षेत्र के बजरिया गांव में टेंट संचालक 32 वर्षीय हीरालाल शर्मा खेत में मिला है। वह बीती रात को घर से निकले थे। जिनका रविवार की सुबह खेत में शव मिला। पुलिस परिजनों से तहरीर लेकर जांच में जुट गई है। एसपी विक्रान्त वीर ने बताया कि रविवार की सुबह जरिए 112 सूचना मिली कि हीरालाल शर्मा जिनकी उम्र लगभग 32 साल है और जो गाँव बजरिया थाना तरकुलवा के रहने वाले हैं। उनका शव एक खेत में मिला है। घटना स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# विशुनपुर के आठ टोले बाढ़ से घिरे



**बरहज, देवरिया।** सरयू और राप्ती नदी उफना गई है। सरयू नदी खतरे के निशान से 1.05 मीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर इस वर्ष का अब तक का सर्वाधिक लेबल पर पहुंच गया है। सरयू नदी के पार विशुनपुर देवार का स्कुलहिया टोला, कतलहिया टोला, पुरानी हरिजन बस्ती, चौहान टोला, सरवन टोला,

- बरहज में सरयू नदी खतरे के निशान से 1.05 मीटर ऊपर
- थाना घाट की सीढ़ियां डूबी

आदित्य टोला, दसरसरिया टोला, नकीहवा टोला, भरटोला बाढ़, बिचला हरिजन बस्ती के पानी से घिर गया है। सरयू नदी के बाढ़ का पानी बरहज से सूरजपुर जाने वाला मुख्य बंधे के करीब पहुंच गया है। कपरवार पश्चिम टोला पर छठ घाट के पास राप्ती नदी के उफनाने की कगार पर है। भदिला प्रथम गांव पूर्व से ही राप्ती नदी के पानी से घिरा है। थानाघाट, बाबा बरहनाघाट की सीढ़ियां डूब गई है। कई स्थानों पर पानी ओवरफ्लो कर रहा है। पशुओं के लिए चारे की समस्या है। ग्राम कोलखास नई बस्ती सरयू नदी के बाढ़ के पानी से घिर गया है। बाढ़ को लेकर तटवर्ती गांव के लोग दहशत में है। शनिवार को सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.55 मीटर पर बह रही है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 1.05 मीटर ऊपर है। 24 घंटे में जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। शनिवार को सरयू नदी 67.45 मीटर पर बह रही थी। बाढ़ का पानी मैदानी क्षेत्रों में फैल रहा है। ग्राम प्रधान ओम प्रकाश यादव ने बताया कि करीब आठ टोले बाढ़ के पानी से घिरे हैं। अब सुरक्षित स्थान पर जाना मजबूरी है। प्रशासन यहां के लोगों के आवागमन के लिए नाव लगाई है। एसडीएम विपिन द्विवेदी ने बताया कि सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जरूरत के अनुसार नाव लगाई जा रही है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को हर संभव सुविधा मुहैया कराई जाएगी। प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## तहसील प्रशासन ने मदरसे की भूमि व भवन की जांच की शुरू

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के महियरवा में संचालित एक मदरसे की भूमि एवं भवन के संबंध में तमकुहीराज तहसील प्रशासन ने जांच शुरू कर दिया है। तहसील प्रशासन की जांच आख्या रिपोर्ट के आधार पर

- फूलबदन कुशवाहा ने दर्ज कराई थी शिकायत

मदरसे की भविष्य तय होना है। तहसील प्रशासन की यह कारवाई जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा एसडीएम तमकुहीराज को भेजे गए पत्र के विषयक शुरू की गई है। तहसील प्रशासन के जांच पड़ताल से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके फर्जी ढंग से मदरसा संचालित करने वाले लोगो में हड़कंप की स्थिति है।

उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य फुलबदन कुशवाहा ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कुशीनगर से शिकायत दर्ज कराया है कि तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के महियरवा में आबादी की भूमि पर नियम विरुद्ध ढंग से एक मदरसा संचालित किया जा रहा है। शिकायत संज्ञान में आते ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बीते 25 जुलाई को पत्र जारी कर मदरसे के भूमि एवं भवन के स्वामित्व एवं मौके की वस्तुस्थिति आदि से जुड़ी जानकारी एसडीएम तमकुहीराज से मांगी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पत्र के सापेक्ष मदरसे से जुड़े तमाम बिंदुओं की जांच तहसील प्रशासन ने करना शुरू कर दिया है। तहसील प्रशासन के इस जांच पड़ताल से संबंधित मदरसे के संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। तहसील प्रशासन के इस कारवाई को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चचाएँ हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मदरसे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके नियम विरुद्ध ढंग से संचालित किए जा रहे है। इस संबंध में एसडीएम आकांक्षा मिश्र ने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के पत्र के सापेक्ष मदरसे से जुड़े तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## फाजिलनगर के बनकटा बाजार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**कुशीनगर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व फाजिलनगर के बनकटा बाजार में भाजपा चौरा मंडल की ओर से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्वतंत्रता सेनानी रामफल चौक से प्रारंभ होकर सुभाष चौक तक निकाली गई।

यात्रा का नेतृत्व करते हुए मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। आज हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम हर दिल में राष्ट्रभक्ति का संकल्प जगा रहे हैं। यह यात्रा युवाओं को अपने देश के प्रति समर्पण और कर्तव्य की भावना से ओत-प्रोत करने का एक प्रयास है। मंडल उपाध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि देश की आजादी लाखों बलिदानों से मिली है। हमें उन वीरों की कुबार्नी को कभी नहीं भूलना चाहिए। तिरंगा यात्रा के जरिए हम आज की पीढ़ी को देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येन्द्र मिश्र, रामवृक्ष गिरी, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, मंडल उपाध्यक्षगण अवधेश तिवारी, अमिताभ मिश्र, विजय शुक्ला, शिवनारायण शर्मा, संतोष कुशवाहा, रामकृपाल मद्धेशिया, ग्राम प्रधानगण, मैनेजर गुप्ता, संजय चौरसिया, दिलीप यादव, उमेश मद्धेशिया समेत सैकड़ों शामिल रहे।

## फूलन देवी की जयंती मनायी गयी

**देवरिया।** फूलन देवी की जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती पर उन्हें याद किया गया ।फूलन देवी के साथ ज्यादती होने के बाद कोई कानूनी या सामाजिक मदद न मिलने पर उनके द्वारा ज्यादती करने वालों को स्वयं द्वारा सजा देने पर गलत करार देते हैं जो समाज के दोहरे मानदंड को दशार्ता है ।सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि फूलन देवी ने वर्तमान दौर में नारी उत्पीड़न और पुरुष वर्ग स्त्रियों के प्रति नकारात्मकता के खिलाफ संघर्ष का इतिहास रच दिया । फूलन देवी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए मुरलीधर यादव, रामप्यारे यादव, सुरेश नारायण सिंह, व्यास यादव, अशोक यादव, अयोध्या वर्मा, शंकर यादव, लोरिक यादव, संतोष मद्धेशिया, नाजिर अंसारी, नगीना यादव, उत्तिम यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव, रामप्रवेश यादव आदि ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## शहीद देश की शान, करें उनका सम्मानः प्रभाकर तिवारी

**देवरिया।** देश की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद हमारे देश की शान हैं, हम सभी देश वासियों को मां भारती के इन अमर बलिदानियों को सम्मानपूर्वक नमन करना चाहिए, उक्त बातें जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे शहीद स्थलों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के ग्राम नकडीहा में स्थित पंडित उग्रसेन त्रिपाठी के शहीद स्थल पर साफ सफाई करने के दौरान कहीं । उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ 155 बटालियन के हवलदार पंडित उग्रसेन त्रिपाठी ने 28 जनवरी सन 2012 में मणिपुर में लोकतन्त्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी । श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में देश की सामरिक शक्ति काफी मजबूत हुई है । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना के संयुक्त आपरेशन, आपरेशन सिंदूर और आपरेशन महादेव के सेना द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिए जाने के बारे में लोगों को बताया । उन्होंने जाति, पंथ और मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के बारे में लोगों से एकजुट होने की अपील की । स्वच्छता कार्यक्रम के उपरांत सभी लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस दौरान जिला मीडिया संपर्क प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व बूथ अध्यक्ष राधेश्याम तिवारी, दिवाकर तिवारी, दीनानाथ गोंड, कमलेश प्रसाद, लक्ष्मण गोंड सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## श्रावण पूर्णिमा पर उपासकों ने भिक्षुओं को दिया दान

**कसया, कुशीनगर। श्रावण** मास की पूर्णिमा के अवसर पर वर्षा वास में ठहरे बौद्ध भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन का चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की ।शनिवार की सुबह थाई बुद्ध बिहार, म्यांमार बुद्ध बिहार, तिब्बत बुद्ध बिहार सहित विभिन्न बुद्ध विहारों के भिक्षु मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और तथागत बुद्ध की लेटी प्रतिमा का धम्म पाठ के साथ दर्शन, पूजन किया और चीवर चढ़ाया और स्तूप की परिक्रमा की। इसके भिक्षुओं ने बुद्ध मार्ग कुशीनगर, अनिरुद्धवा गांव में पिंड पात्र लेकर भिक्षाटन किया। जहां उपासक आनंद यादव, दिनेश यादव, गौतम शर्मा, ओम प्रकाश कुशवाहा, सुरेन्द्र शर्मा, टीके राय, राधेश्याम गौतम, इंद्रासन सिंह, रवि सिंह, आदित्य कुशवाहा, पूर्व सभासद राम आधार यादव, गोपाल दुबे, धर्मेन्द्र गुप्ता आदि ने भिक्षुओं को फल, खाद्य आदि दान किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरानडॉ कितिफान, फ्रा पविन, फ्रा नरोंग, फ्रा अचान अनुवत, फ्रा खोमीन, फ्रा बुन मा, भंते नंदिका, भंते कंचुक लामा भंते सन्नी आदि भंते मौजूद रहे।

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का किया गया विस्तार

**देवरिया।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में रविवार को स्थित जया हॉस्पिटल सोन्दा के सभागार में हुई। बैठक में फार्मासिस्टों की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही सांगठनिक मजबूती के लिए जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार हम लोग बडी परी धूमधाम से 25 सितम्बर 2025 को विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया जायेगा। चुनाव प्रभारी विकास यादव ने कहा कि फार्मासिस्टों की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि एसोसिएशन उनके हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। नियुक्ति को लेकर संवाद बनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने ने बताया कि जिलाउपाध्यक्ष नीतिश रावत त्रिलोकी मौर्या दीपक यादव जिला सचिव भागवत कुशवाहा मोहित सिंह विनय कुशवाहा जिलामहासचिव आदित्य मिश्रा जिला महामंत्री विनय विश्वकर्मा अभिषेक यादव जिला सन्गठन मंत्री अभिषेक कुमार यादव खुर्शीद अली जिला मीडिया प्रभारी प्रेम चौरसिया जिला सलाहकार राजेश मिश्रा जिला वरिष्ठ सलाहकार सद्दाम हुसैन जिला जिला कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानेंद्र गुप्ता आशिष गुप्ता परमिंदर यादव पुरुषोतम मद्देशिया प्रशांत शर्मा संदीप यादव बनाये गए पुष्पेन्द्र ठाकुर सिकन्दर चौधरी व जिलेभर से आये फार्मासिस्ट उपथिति रहे।

## फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन कराने के लिए दिलायी शपथ

देवरिया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के के तहत ब्लॉक भलुअनी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुरवरिया, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु व आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली से सम्बंधित पंचायत भवन बरौली में पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) सदस्य सीएचओ, प्रधान, एएनएम, आशा, अनगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों व गांव के लोगो ने दवा का सेवन कर सार्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) अभियान का शुभारम्भ किया। गांव के लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए लोगों को दवा का सेवन कराने के लिए जागरूक किया। पीएसपी सदस्यों ने खुद दवा का सेवन किया और लोगों से अपील किया कि ₹हमने फाइलेरिया से बचाव की दवा के सेवन किया है आप भी जरूर सेवन करें₹। ब्लॉक भलुअनी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर फुलवारिया में सीएचओ ब्यूटी विश्वास के नेतृत्व व आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु में सीएचओ गुंजन व पंचायत भवन बरौली सीएचओ वरुण के नेतृत्व में पीएसपी द्वारा दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया गाया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, सीएचओ, एएनएन, आशा, द्वारा लोगों को बताया गया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार 5 साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। पीएसपी द्वारा लोगों को यह भी बताया गाया की दवा का सेवन करने के बाद उल्टी, चक्कर, बुखार जैसी समस्या हो तो परेशान होने की जरुरत नहीं है।

## रक्षाबंधन पर हुआ रक्तदान




**देवरिया।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देवरिया प्राइवेट टीचर्स फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के संयुक्त तत्वावधान में लाइव चैरिटेबल ब्लड सेंटर, साकेत नगर, देवरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय पटेल ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया और स्वयं रक्तदान कर समाज को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ॡरक्तदान महादान है, इसे नियमित रूप से समाज में होना चाहिए ताकि जरूरतमंदों की समय पर मदद हो सके ।इस शिविर का विशेष उद्देश्य बहनों और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान कुल 43 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ ।संस्था के संस्थापक प्रिंस तिवारी ने कहा झ ॡसमाज में ऐसे कार्य हर समय होने चाहिए, जिससे किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी के कारण परेशानी न झेलनी पड़े ॡ राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के अध्यक्ष जनार्दन चौहान ने भी कहा कि ऐसे आयोजन समाज में उत्थान और मानवता के भाव को मजबूत करते हैं ।रक्तदान का शुभारंभ ब्लूमिंग रोज एकेडमी की प्रिंसिपल मिस अंजलि यादव ने किया एवं इस अवसर पर सुनील कुमार यादव, लाल बाबू यादव, अनुराधा त्रिपाठी, राम भवन यादव, अनिल शर्मा, वंदना, जनार्दन चौहान, उमेश चंद्र, सौरभ श्रीवास्तव, अमन कुमार सिंह, रविराज यादव, अभिजीत तिवारी, श्री प्रकाश पांडे, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, प्रियंका बर्नवाल, अविनाश कुमार गुप्ता, प्रिंस तिवारी, सुमित सिंह, सौरभ शाही, श्याम सुंदर यादव, अभिनीत श्रीवास्तव, मयंक कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, शिवमुरत गुप्त ?, डॉ. अखिल अहमद राघवेंद्र सिंह कृतिका शर्मा स्मिता सिंह सहित कई समाजसेवियों ने रक्तदान किया ।आयोजक प्रिंस तिवारी एवं जनार्दन चौहान द्वय ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आम जनता से आग्रह किया कि वे भी रक्तदान के इस पुनीत कार्य में आगे आएँ, क्योंकि ॡरक्तदान झ जीवनदान है

## 13 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए हुई समन्वय बैठक

**देवरिया।** 13 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा समस्त पैनल अधिवक्ता के साथ किया गया समन्वय बैठक

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के साथ समन्वय बैठक आहूत की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित सम्मानित अधिवक्ता से अपेक्षा करते हुये कहा कि न्यायालय में लम्बित मामलों को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में संदर्भित कर वादों का निस्तारण करवाएं। उन्होनें कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13.अगस्त शनिवार को किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ट विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# माहुवाडीह की गायब पीड़ित को पुलिस ने किया बरामद

जिला संवाददाता




**देवरिया।** विधायक शलभ मणि नें कहा जिहादी नर्गिस खान, इसका पिता और बहन दबोच लिए गए हैं, बच्ची सकुशल बरामद कर ली गई है। जिले की महुआडीह पुलिस ने अपहत बालिका को पश्चिम बंगाल के बर्दमान से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने बताया कि 6.08.2025 को पीड़ित लड़की के पिता द्वारा स्थानीय थाने पर सूचना देकर अवगत कराया गया कि उनकी नाबालिग बेटी घर से कहीं चली गयी है, जिसके किसी अज्ञात लोगो के बहकावे में आने की आशंका है। इस सूचना पर थाना महुआडीह पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत कर पीड़िता की बरामदगी हेतु टीमें गठित कर तलाश की जा रही थी। इस घटना के बाद देवरिया के सादर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी नें सोशाल मीडिया के माध्यम से इस मामले को प्रकाश मे लाया था और जिहादियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही थी।और पीड़िता के बरामदगी के बाद सोशाल मीडिया पर पोस्ट कर कहा जिहादी नर्गिस खान, इसका पिता और बहन दबोच लिए गए हैं, बच्ची सकुशल आसनसोल में बरामद कर ली गई है, जिहादियो के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, ऐसी कि उनकी सात पुश्तें साद रखेंगी, हम सभी को ऐसी घटनाओं पर नजर रखने और एकजुट होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है, हिंदू बहन बेटियों के खिलाफ ये बड़ी साजिश है, देवरिया में चोरी छिपे ऐसी तमाम घटनाएं सामने आ रही हैं, कुछ मामलों में पुलिस की हीलाहवाली भी दिखी है, ऐसे पुलिसकर्मियों को चिह्नित किया जा रहा, समाज को ऐसी घटनाओं के पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति रखनी होगी, हर स्तर पर उनका साथ देना होगा, लव जिहाद के खिलाफ ये जंग तभी जीती जाएगी, आप सभी का धन्यवाद ।गिरफ्तार अभियुक्तों व बरामद पीड़िता से पूछताछ करने पर यह ज्ञात हुआ है कि पीड़िता करीब 8 माह पूर्व इंस्टाग्राम के जरिए अभियुक्ता नरगिस खातून उपरोक्त से संपर्क में आयी थी। जिनके द्वारा आपस में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान कर वार्ता की जा रही थी। इसी क्रम में करीब 1 माह पूर्व अभियुक्ता नरगिस खातून पीड़िता के पडोसी के यहाँ भी आयी थी। जिसको पीड़िता द्वारा जनपद बलिया जाकर अपने साथ घर लाया गया जो कुछदिन तक पीड़िता के गांव में भी रही। अभियुक्ता नरगिस खातून के कथनानुसार नरगिस व उसकी दो बहनों व नरगिस के पिता द्वारा साजिश करके पीड़िता को अपने भरोसे से बहकावे में लेकर 6 अगस्त को जनपद बलिया बुलाया। जहां से अभियुक्ता नरगिस आकर अपनी बहन व पिता के सहयोग से पीड़िता को लेकर अपने घर पता सान्ता 8 नं. बस्ती बर्नपुर थाना हीरापुर जनपद वर्धमान, आसनसोल पश्चिम बंगाल पर लेकर पहुंची। जहां नरगिस द्वारा पीड़िता को अपने घर में रखा गया था। महुआडीह पुलिस टीम ने विवेचना के क्रम में अभियुक्ता व पीड़िता के मोबाइल नंबर की लोकेशन व अन्य संसाधनों के माध्यम से पीड़िता की लोकेशन चिह्नित करते हुए अभियुक्तों के घर सान्ता 8 नं. बस्ती बर्नपुर थाना हीरापुर जनपद वर्धमान, आसनसोल पश्चिम बंगाल पहुंचकर पीड़िता को बरामद करते हुए सभी अभियुक्तों नरगिस खातून, अलाउद्दीन, नगमा और आयशा बेगम को उनके घर सान्ता 08 नं0 बस्ती बर्नपुर थाना हीरापुर जनपद वर्धमान से गिरफ्तार कर मौके से पीड़िता को बरामद करते हुए नियमानुसार थाना स्थानीय पर लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। तलाशी के दौरान अभियुक्तगण के पास से कुल 4 एन्ड्रॉएड मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# अश्वनी दुबे के भोजपुरी गीत संग्रह छमछइयां का विमोचन




**कुशीनगर।** बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सभागार में गीतकार अश्वनी द्विवेदी नमन' के गीतों का भोजपुरी गीत संग्रह ₹घमछेंइयाँ' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया ।रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि भोजपुरी भाषा को सम्मान और रचनाकारों के प्रोत्साहन के लिए उनकी पुस्तकों को खरीद कर पढ़ा जाय।

विशिष्ट अतिथि नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, मुजिबुल्लाह राही ने कहा कि हमें अपनी माटी की भाषा को सहेजने के लिए आगे आना होगा। जिलाध्यक्ष लोकंजरी ज्ञान बर्द्धन गोविंद राव, विश्व भोजपुरी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष आर के भट्ट बावरा ने संग्रह को भोजपुरी भाषा का संग्रह बताया।

उत्तर प्रदेश सरकार से राहुल संस्कृतियायन सम्मान प्राप्त कवि चंदेश्वर परवाना, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, संगीत सुभाष ने पुस्तक समीक्षा करते हुए कहा कि अश्वनी सुर , लय, ताल के माहिर हैं और सुंदर गीत, भजन, मुक्तक, सम सामयिक, दोहा, गजल की रचना कर कवि कुल में अपनी अलग पहचान बनाई है। मंटू पाठक, सुनील मिश्रा ने द्विवेदी की रचनाओं को सुनाकर तालियां बटोरी। राम विनोद दूबे ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। अपने गीत संग्रह पर चर्चा करते हुए अश्वनी द्विवेदी ने सभी साहित्यकारों, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता पंडित वीरेंद्र तिवारी और संचालन सच्चिदानंद पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और समापन सामूहिक राष्ट्र गान से हुआ। इस दौरान सत्य प्रकाश शुक्ल बाबा, मधुसूदन पांडेय मधुर, बादशाह तिवारी प्रेमी, उमेश चौबे, रमेश द्विवेदी, अवध किशोर अवधु, आकाश महेश पूरी, सत्यम बदा शर्मा, डॉ सावन चौरसिया, राजेश राव, कृष्णानंद त्रिपाठी, संतोष गुप्ता संगम, साहिल बजाज, डॉ हरीओम मिश्रा, अनिल कुमार मल्ल, बेचू बीए, दीपक मद्धेशिया, मनोज मिश्रा, फिरोज अश्क, मुन्ना मवाली, उमेश चौबे अश्क, डॉ आरफीन, नागेन्द्र दूबे, राजेंद्र ओझा, संतोष शुक्ला, पवन दूबे, आदित्य पाण्डेय, अतुल भारती, बृजेश सिंह, ऋषभ राव, मनोज जायसवाल आदि साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

# भाजपा सभासद के पत्र का सीएम कार्यालय ने लिया संज्ञान

जिला संवाददाता

**दुदही, कुशीनगर।** नगर पंचायत दुदही के सीलिंग के जमीन में दशकों से निवासरत लोगों को मालिकाना हक दिलाने का मामला जोर पकड़ लिया है। भाजपा सभासद गुड्डी देवी के पत्र का मुख्यमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लिया है और सीएम के विशेष सचिव

- तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पडरौन मडुरही में सीलिंग की भूमि को आबादी दर्ज कारने की मांग
- अपर मुख्य सचिव राजस्व से रिपोर्ट तलब

मुख्यमंत्री कार्यालय नवनीत सिंह चहल ने मामले में विस्तृत रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (राजस्व एवं आपदा विभाग) से तलब किया किया है।

तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव पडरौन मडुरही (वर्तमान में नगर पंचायत दुदही के वार्ड संख्या 10, राम जानकी नगर) की गाटा संख्या 551/3.8650 हे. भूमि सीलिंग के रुप में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भाजपा सभासद गुड्डी देवी ने सीएम को भेजे अपने पत्र में कहा है कि उक्त भूमि के अधिकांश भाग पर हजारों लोग कई दशकों पूर्व (जमीदारी के समय) से अपना - अपना झोपडी और मकान बनाकर निवासरत है। नगर पंचायत सृजन के पूर्व लोगों के सहूलियत के लिए ग्राम पंचायत पडरौन मडुरही, क्षेत्र पंचायत दुदही, जिला पंचायत, सांसद / विधायक निधि आदि ने सरकारी धनराशि से खड़ंजा, इंटरलॉकिंग सड़क, नाली आदि का निर्माण कराया है। यहां निवासरत पात्र लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी इंदिरा आवास योजना से भी लाभान्वित किया गया है। जिसका निर्माण कर उक्त परिवार निवासरत है। लोगों की सुविधा के लिए बिजली विभाग द्वारा उक्त भूमि पर विद्युतीकरण भी कराया गया है। इसके बाद भी लोग अपने मालिकाना हक के लिए आज तक तरस रहे है। नगर पंचायत का सृजन होने के बाद लोगों को मालिकाना हक को लेकर कुछ उम्मीद बंधी और निकाय चुनाव में यह मुख्य मुद्दा भी बना। वोट हासिल करने के लिए लगभग सभी चेयरमैन प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के बाद लोगों को मालिकाना हक दिलाने का आश्वासन भी दिया लेकिन चुनाव बाद नगर पंचायत द्वारा बकायदे अखवारों में विज्ञप्ति प्रकाशित कर कोई भी निर्माण कार्य कराने पर रोक लगा लोगों की उम्मीदों को काफूर कर दिया। उक्त भूमि के मलकाना हक की बात कौन करें, अब लोगों को सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

भाजपा सभासद गुड्डी देवी और इनके पति समाजसेवी राजन व्याहुत ने लोगों के परेशानियां को महसूस किया और पत्र भेजकर सीएम योगी आदित्यनाथ से गरीब और असहाय लोगो की पीड़ा से अवगत कराया है और उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में गांव सभा आबादी दर्ज करने की मांग किया। मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव नवनीत सिंह चहल ने अपर मुख्य सचिव (राजस्व और आपदा विभाग) से रिपोर्ट तलब किया है। अपर मुख्य सचिव ने डीएम कुशीनगर को मामले में आवश्यक कार्रवाही का निर्देश दिया है। सभासद के इस प्रयास ने लोगों के मालिकाना हक के उम्मीदों को एक बार फिर से जगा दिया है। लोगों का कहना है कि जो कार्य नगर के चेयरमैन को करना चाहिए। उसको महिला सभासद कर रही है। इसकी जितनी प्रसंशा किया जाय कम है। सभासद के पति राजन जायसवाल ने कहा है कि मैं जनहित में जनता के साथ हूँ। लोगों ने जो विश्वास मुझपर जताया है। उसपर हर सम्भव खरा उतरने का प्रयास करुंगा। जनहित में जरुरत पड़ी तो पद का त्याग भी कर दूंगा।

## गणेश महोत्सव के लिए डांस ऑडिशन संपन्न

**अयोध्या।** श्री मंगल मूर्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव 2025 के अंतर्गत डांस आडिशन बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुए। इस अवसर पर अयोध्या, सुल्तानपुर, बस्ती, गोरखपुर और प्रयागराज के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम यादव ने बताया कि नाकआउट राउंड 31 अगस्त को, सेमीफाइनल 4 सितम्बर को और फाइनल 5 सितम्बर को आयोजित होगा। विजेताओं को नगद पुरस्कार के साथ बड़ी ट्राफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है तिरंगा यात्राः भूपेंद्र सिंह



**देवरिया।**, हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकताओं और समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौराहे से पैकौली महाराज के कुटी तक तिरंगा यात्रा निकाली । हाथों में तिरंगा लिए नौजवान युवा और कार्यकर्ता भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लक्ष्मीपुर चौराहे से पैकौली चौराहा होते हुए पौहारी महाराज की कुटी पर पहुंचे जहां जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है।

यह हमारी एकता अखंडता और राष्ट्रीय सद्भावना को प्रतिबिंबित करता है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा का संकल्प लिया है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस अभियान के सहभागी बन रहे हैं। युवा मोर्चा के उत्साही कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में तिरंगा यात्राएं निकाल रहे हैं। तमाम सामाजिक सांस्कृतिक संगठन द्वारा भी इस अभियान में सहभागिता की जा रही है।

इस दौरान कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, अंकुर राय, मंडल अध्यक्ष अरविंद चौहान, नवीन तिवारी, विपिन यादव, यशवंत शाही, राजू शाही, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मारपीट के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव मुरैता प्राचीन निवासी मेडीलाल पुत्र पूरन यादव ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीती 25 जुलाई की सुबह 5 बजे जब वह अपने खेत जा रहा था तभी रास्ते मे ही गाँव के शिव नरायण ने उसको देखते ही अकारण गन्दी गालियाँ देने लगा। जब गाली देने से मना किया तो शिव नरायण ने डंडो से पीटना शुरू कर दिया। जिससे आँख के ऊपर काफी चोटे आयी है। घायल का परिवारी जन इलाज करवा रहे है। शिव नरायण जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान मे है जिसका मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

## घरेलू विवाद में मारपीट, मामला दर्ज

पुरवा, उन्नाव। नगर के मुहल्ला जोतपुर निवासी मूलचंद ने बताया कि घटना बीते बुधवार समय करीब सायं 6 बजे की है जब लालबाबू, स्नेहा, अनीता, अतुल लाठी डन्डो से लैस होकर खेत पर आये। जबरन जमीन अपने नाम लिखने को कहा। इसी बात का युवक ने विरोध किया तो उपरोक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गये। जिससे उसको काफी चोटे आयी है। इसके दो माह पहले भी उक्त लोग युवक के साथ मारपीट कर चुके है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

## गांव के बाहर मिला युवक का शव

सीतापुर। जिले के संदना इलाके में रविवार सुबह ग्रामीणों ने कोठावां गांव के बाहर एक युवक का शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान नहोईया निवासी सौरभ 25 वर्ष पुत्र नन्हे के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमष्ट्रम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमष्ट्रम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मृतक के भाई अमित ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन वे सौरभ को उसकी ससुराल छोड़कर आए थे। ससुराल इस्माइगंज के मजरा हुसैनपुर में है। अमित के अनुसार सुबह सौरभ के ससुर सोहन ने फोन कर जानकारी दी कि सौरभ का शव कोठावां के बाहर सड़क पर पड़ा है। अमित ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके भाई की हत्या कर शव सड़क पर फेंक दिया गया है। हालांकि परिजनों ने पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत अभी तक दर्ज नहीं कराई है। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मणिकापुर गांव के सामने हुई। जानकारी के अनुसार मणिकापुर गांव के निवासी विनोद 48 वर्ष पैदल चैराहे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर लदे हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एक ट्रक ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में विनोद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को हिरासत में ले लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। स्थानीय लालबाग शहीद उद्यान में स्थापित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार काली प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में हुआ। गोष्ठी का संचालन गोष्ठी के मुख्य संयोजक अशोक मिश्र ने किया। गुरूशरण त्रिपाठी की वाणी वंदना से गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। विभिन्न रसों में काव्य पाठ बृजेश मिश्र, कन्हैया लाल शुक्ल, रजनीश मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, नफीस सीतापुरी, डा0 कुलदीप सक्सेना, शिव प्रताप सिंह चैहान शौर्य, विपिन कुमार मेहरोत्रा, ओंकार नाथ मिश्र, रविकान्त मिश्र व उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल ने प्रस्तुत किया। गोष्ठी के अन्त में आजीवन सदस्य रही श्रीमती विनोदनी रस्तोगी का 2 अगस्त को निधन हो जाने से शोक प्रकट करने व हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौत रहकर शांति पाठ किया गया।

# कच्चे धागों में गूंथे भाई-बहन के प्यार भरे पक्के वादे



सीतापुर। भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रिश्तों की प्रगाढ़ता का अनूठा पर्व रक्षा बंधन शनिवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रेशम के कच्चे धागों में घर-घर में सच्चे संकल्प गूंथे गए। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी, रक्षा का वचन लिया, मिठाइयां खिलाईं और उपहार पाकर गदगद हुईं। सुबह से ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस अनूठे पर्व रक्षाबंधन का हर्षोल्लास हर चेहरे पर झलक रहा था। तड़के से ही पर्व की हलचल घरों व गली चैबारों में महसूस की जाने लगी थी। बहनों ने स्नान व पूजन करने के बाद राखी की थाल सजाई।

भाइयों के माथे पर रोली-चंदन, अक्षत का टीका किया और कलाई पर सुरक्षा की गुहार और वचन में लिपटी राखी सजा दी। भाइयों ने संकल्प निभाने के वादे के साथ उपहार भी भेंट किए। पर्व को लेकर बच्चों में खूब उत्साह रहा। रंग-बिरंगे परिधान पहने व उपहार पाकर वे निहाल हो रहे थे। गांव हों या शहर, हर घर, गली, चैबारे में राखी की धूम चहक रही थी। जो बहनें दूर थीं, वे भी अपनी ससुराल से अपने भाइयों के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांध रक्षा का वचन लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में विशेष चहल पहल देखी गई। बाजार में जगह जगह रखी और मिठाइयों की दुकानें सजी थीं। बहने दुकानों में राखी खरीदती नजर आई। राखी बाजार में इस वर्ष अधिकांशतरू देसी राखी ही बिक्री होती दिखी। अधिकांश लोग सितारा और नग वाली राखी खरीदते देखे गए। इस बार में पूर्व की भांति चाइनीज राखी बाजार से गायब दिखी।

## आधुनिक युग में रिश्तों को संभालने की जरूरतः पुष्पेंद्र

पाटन, उन्नाव। भाई बहन के अटूट प्रेम के पावन पर्व रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय सुमेरपुर मे समाजसेवक राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा रक्षाबंधन के त्यौहार को महापर्व के रूप में मनाया गया। जिसमे विधानसभा भगवन्तनगर के हर ग्रामीण पंचायत से हर मोहल्ले से बहनों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्थल से कई किलोमीटर दूर से आयी बहनों ने राखी बाँधकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दीघार्यु यशस्वी जीवन का आशीर्वाद दिया। समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के जीवन में अभी तक कोई सगी बहन नहीं थी। उन्होंने समस्त महिलाओ को अपनी बहन माना है।

पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आधुनिक युग मे हम देख रहे है कि रिश्ते किस प्रकार नाजुक स्थिति मे है। हमने पूरे राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओ को हमने बहन माना है। सदैव एक भाई का फर्ज निभाने की कोशिश करूंगा। रक्षाबंधन पर्व एक रस्म नहीं एक रिश्ते की मजबूत निशानी है। हमें समाज मे हर चेहरे पर खुशी देखना है। जब सभी सुखी होंगे तभी हमारा समाज सशक्त बनेगा। कार्यक्रम




लगभग हजार से अधिक सभी बहनों ने राखी बाँधी। प्रसिद्ध आल्हा गायिका काजल सिंह ने आल्हा व भक्ति गीत गाकर कार्यक्रम मे समा बांधा। कार्यक्रम मे पवन पासवान, क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्र, बिहार थाना अध्यक्ष राहुल सिंह गौर, बीरेंद्र सिंह, इकबाल प्रधान, आशू सिंह राठौर प्रधान, मानवेन्द्र सिंह, उपेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, दिनेश बाबा, पंकज सिह, रामू रावत, लोकेन्द्र सिंह, बबलू सिंह, कमलेश यादव, सूरज सिंह, वीरू सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## हर ओर दिखा जाम का झाम

अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए दूर-दराज ससुराल से भी बहनें मायके पहुंची थीं। कहीं भाइयों ने भी उनकी ससुराल जाकर राखी बंधवाई। इससे सड़कों पर भी खूब चहल-पहल रही। शहर से लगायत ग्रामीण अंचल तक की सड़कों पर पूरे दिन जाम का झाम रहा। वाहनों में जाती भीड़ पर्व की व्यस्तता का प्रमाण दे रही थी।

# 18 को होगा शहीद दिवस का आयोजनः हरीश



सीतापुर। स्वतंत्रता संग्राम स्मृति संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में संस्थान अध्यक्ष पूर्व विधायक हरीश बाजपेई के आवास पर आगामी 18 अगस्त शहीद दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में एक तैयारी बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक स्वतंत्रता संग्राम स्मृति संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हरीश बाजपेई ने कहा की आगामी 18 अगस्त को शहीद दिवस का आयोजन स्थानीय लाल बाग पार्क के शहीद स्मारक में किया जाएगा।

श्री बाजपेई ने कहा कि सन 1974 से अनवरत संस्थान 18 अगस्त 1942 में शहीद हुए तमाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शहीद दिवस का कार्यक्रम संस्थान करता आ रहा है। इस बार संस्थान का यह 51वां वर्ष है। श्री वाजपेई ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य आगे आने वाली पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश के इतिहास से रूबरू कराना है। श्री बाजपेई ने उपरोक्त कार्यक्रम के संदर्भ में बताया कि 18 अगस्त दिन सोमवार प्रातः 10 बजे शहीद स्मारक लालबाग में ध्वजारोहण एवं उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों को आश्रितों का सम्मान समारोह समिति द्वारा 18 अगस्त को किया जाएगा। तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से संस्थान के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शुक्ला, उत्कर्ष अवस्थी, विनीत दीक्षित, रमेश निषाद, संतोष भार्गव, रामाश्रय अवस्थी, आमोद मिश्रा, चोक्ष विभु अवस्थी, शत्रोहन लाल भार्गव, इकबाल अंसारी, जेपी शुक्ला, अमित मिश्रा, आनंद श्रीवास्तव, गिरीश शर्मा, इकबाल अहमद अंसारी, राज किशोर सिंह, अनिल दीवान, शिशिर बाजपेई, त्रिभुवन सिंह यादव, आशीष पांडे, बाहोरी लाल, ओम प्रकाश मिश्रा, संजय सिंह, अमित मिश्रा, राज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में नव विवाहिता की मौत

● मायके पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना में हत्या कर लटकाने का आरोप

महोली (सीतापुर)। कस्बे के शास्त्री नगर गंज बाजार (अवस्थी टोला) में शनिवार को सुबह एक नव विवाहिता की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। इस ह्रदय विदारक घटना से रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई और भाइयों की कलाइयां सूनी हो गई। जब मृतका के भाई राखी बंधवाने उसके ससुराल गये तो वह लटकी हुई मिली। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया और पीएम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक नव विवाहिता शिखा 26 पुत्री स्व हरिकृष्ण तिवारी की शादी विगत कुछ वर्षो पहले शास्त्री नगर गंज बाजार थाना महोली के निवासी सचिन मिश्र पुत्र स्व प्रेम प्रदीप मिश्र उर्फ मुन्ना के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही शिखा (अब मृत) को ससुराली जनों व उनके रिश्तेदारों द्वारा तरह तरह से प्रताड़ित किया जाता था। जिससे वह काफी परेशान रहती थी। जिसकी शिकायत भी वह अपने मायके के लोगों से बराबर करती थी। इस पर मृतका के परिजन उसे समझा कर शांत कर देते थे। किन्तु ससुराली जन, पति, सास, ननदें आदि लोगों द्वारा उसे शारीरिक व मानसिक यातनाएं देना जारी रहा। जिसकी परिणति रक्षा बंधन के त्योहार की सुबह भोर में उसकी मौत के रूप में सामने आ ही गयी। मृतका के भाई अमित का आरोप है, शिखा के पति आदि के द्वारा उसकी बहन को मारकर लटका दिया और स्वयं फरार हो गया है। पुलिस द्वारा मृतका की सास को हिरासत में ले लिया गया है। रविवार को सुबह मृतका के रोते बिलखते परिजनों के बीच विधायक शशांक त्रिवेदी भी सांत्वना देने पहुंचे। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक दिलीप चैबे तथा फारेंसिक विभाग आदि ने तत्परता से विधिक कार्यवाही शुरूकर दी है।

## पूर्व सपा विधायक से हुई पुलिस की नोकझोंक

सीतापुर। नगर पालिका मिश्रिख नैमिषारण्य में उपचुनाव से ठीक एक दिन पहले सियासत गरमा गई रविवार को सपा के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता और नैमिष कोतवाल पंकज तिवारी के बीच जमकर नोकझोंक हुई। मंदिर परिसर में दोनों के बीच हुई इस तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में इंस्पेक्टर ने राष्ट्रीय सचिव से कहा कि यह आपके लिए अंतिम चेतावनी है इसके बाद समझ लीजिएगा।

जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक अनूप गुप्ता मंदिर में दर्शन पूजन के बाद किसी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात कोतवाल पंकज तिवारी से ललिता देवी मंदिर में हो गई। जहां दोनों के बीच चुनाव प्रचार को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। काफी देर तक गरमा गर्मी के बाद मौके पर मौजूद पूर्व कारागार मंत्री रामपाल राजवंषी ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश की। लेकिन बहस का दौर कुछ देर तक जारी रहा। इस दौरान पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने प्रशासन पर चुनाव प्रचार में पक्षपात करने का आरोप लगाया। घटना के बाद यह मामला चर्चा का विशय बन गया है। खासकर इसलिए क्योंकि उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया से एक दिन पहले यह विवाद हुआ है। मिश्रिख नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव का मतदान सोमवार को होना है। ऐसे में राजनीतिक सरगर्मियां और तेज हो गई हैं। सपा नेताओं का आरोप है कि प्रशासन भाजपा प्रत्याशी को फायदा पहुंचाने के लिए विपक्ष के साथ सख्ती बरत रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन ने इस मामले पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## उपचुनाव में खिलेगा भाजपा का कमलः बृजेश पाठक

सीतापुर। मिश्रिख नगर पालिका परिषद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सीमा भार्गव के पक्ष में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा नैमिष व मिश्रिख में चुनावी सभाओं संबोधित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की मुझे आपका उत्साह देखकर संपूर्ण विश्वास हो गया है की मिश्रिख नगर पालिका परिषद में भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने मिश्रिख व नैमिष की जनता को संबोधित करते हुए कहा की नैमिष की धरती धर्म की धरती है और भारतीय जनता पार्टी धर्म के साथ-ही-साथ विकास के नारे पर काम कर रही है ऐसे में मिश्रित क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का विजय होना अनिवार्य है। जिससे नैमिष का विकास किसी भी तरीके से अवरुद्ध न हो सके।

उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि आपको न सिर्फ अपना और अपने परिवार का बल्कि सभी परिचितों से चुनाव की चर्चा करनी है और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मजबूत बनाकर विरोधियों की जमानत जप्त करानी है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा समाजवादी पार्टी केवल अपना विकास सुनिश्चित करके कार्य कर रही है। जबकि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ भारत के कोने-कोने के विकास के लिए प्रतिबध है। ऐसे में इस उपचुनाव में भाजपा का कमल खिलने से क्षेत्र के विकास की गारंटी हो जाएगी। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सीमा भार्गव को विजय बनाने की अपील की। साथ ही साथ उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से मजबूती से चुनाव लड़ने का आवाहन भी किया। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सभी से चुनाव में लगकर भाजपा को विजय बनाने का आवाहन किया गया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सनातन के सम्मान का चुनाव है क्योंकि महर्षि दधीच की पूर्ण धरती धर्म से जुड़ी है और भारतीय जनता पार्टी धर्म की ध्वजवाहक है। सभा में मिश्रित वी नैमिष के महंत गण उपस्थित रहे। सभा को मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे प्रत्याशी सीमा भार्गव सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा संबोधित किया गया।।

# दो दुकानों में चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार



सिधौली (सीतापुर)। कस्बा के नेशनल हाईवे किनारे बीते 15 दिनों में हुई दो चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही के अनुसार, कुछ दिन पहले जायसवाल डॉक्टर के निकट राजेश बिल्डर की दुकान तथा 8 अगस्त को महमूदाबाद चैराहा के पास स्थित लाला शंकर हाउस में चोरी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहल्ला बाजार स्थित एक कबाड़ी की दुकान पर छापा मारा। जहां से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान दुकान मालिक इसहाक पुत्र मोहर्रम निवासी चंदनपुर कोतवाली सिधौली को गिरफ्तार किया गया। जबकि आरोपी रवि हाबड़ा निवासी मोहल्ला बाजार मौके से फरार हो गया। बरामद सामान में भारी मात्रा में तार, लोहे के बांट, सरिया आदि शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इन चोरी की घटनाओं में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की गई है।

## 12 को होगा किसान पंचायत का आयोजनः आलोक राजवंशी

सीतापुर। किसानों को आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 अगस्त को किसान पंचायत का आयोजन होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक आलोक राजवंशी ने दी। श्री राजवंशी ने बताया कि जनपद में किसानों को तरह- तरह की छोटी व बड़ी समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखकर 12 अगस्त को ग्राम शेखापुर ब्लाक हरगांव में किसान पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान मंच व भारतीय गौ सेवा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी व विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार राजवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष आदि वरिष्ठ पदाधिकारी रहेंगे। श्री राजवंशी ने जनपद के किसानों से अपील की करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसान बंधु किसान पंचायत में भागीदारी दर्ज कराकर अपनी समस्याओं से मुख्य अतिथि सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी को अवगत कराएं जिससे समस्याओं से निदान मिल सके।

## बारिश में खंभे से दूर रहने की दी हिदायत

हरगांव (सीतापुर)। भारी बारिश के चलते बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है। आपको बताते चले की उपखंड अधिकारी हरगांव अब्दुल अजीज ने बताया कि वर्तमान समय में वर्षा ऋतु को देखते हुए क्षेत्र में लगे बिजली के खंभे से दूर रहे। बिजली के खंभे में अपने मवेशियों को बिल्कुल ना बांधे, यथासंभव बिजली की लाइनों के नीचे अथवा पास में किसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन न करें। नए भवनों का निर्माण बिजली की लाइनों से उचित दूरी पर करें। खेतों की मेड़ पर यदि बिजली के खंबे लगे हो तो उचित दूरी रखकर ही जुताई व अन्य कृषि कार्य करें।

बिजली के खंभे तारों में यदि स्पार्किंग हो रही हो तो तुरंत अपने क्षेत्र के लाइन स्टाफ या जे ई अथवा सब स्टेशन पर सूचना दें। यदि बारिश में बिजली के खंभे से तेज स्पार्क हो रहा हो और आसपास पानी भरा हो तो उस रास्ते से या पानी में बिल्कुल ना जाए और दूसरों को भी सावधान करें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने का प्रयास न करें। ट्रांसफार्मर अथवा लाइनों को बांस, बल्ली, डंडे अथवा अन्य किसी वस्तु से छेड़छाड़ ना करें। हैवी लाइनों पर करंट का रिसाव होने से और बरसात में गीली हुई भूमि पर रहने से बड़ा हादसा हो सकता है। किसी भी बड़े वाहन की छत पर यात्रा न करें। तेज हवाओं के चलने पर बारिश होने के दौरान बिजली के खंभे झुक गए हो व लाइन के तार ढीले होकर नीचे आ गए हो तो तुरंत क्षेत्र के लाइन स्टाफ, जेई अथवा अपने सब स्टेशन पर सूचना दें। बिजली के खंभे को चार दिवारी में अतिक्रमण न करें, हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है। घरों व प्रतिष्ठानों में लगाए जाने वाले बिजली के उपकरणों का उपयोग अच्छी गुणवत्ता का करें और प्रतिष्ठान के अंदर बिजली फिटिंग की अर्थिंग जरूर कराये। अपने बिजली के उपकरणों को अर्थिंग से जोड़कर उपयोग करें घरों व प्रतिष्ठान के सभी स्विच एमसीवी, ईएलसीबी, इत्यादि उपकरणों का उपयोग उच्च कोटि का करवा कर ही करें। बिना जानकारी किसी भी बिजली के उपकरण को खोलने से बच्चे यदि कोई व्यक्ति या पशु पक्षी बिजली की करंट की चपेट में आ जाए तो तुरंत बचाने के लिए सबसे पहले अपने आप को सुख स्थान पर रखें, जूते अथवा चप्पल जो पहने हो वह भीगा न हो, पहने जाने वाले जूते अथवा चप्पल में कोई धातु ना लगा हो। उसके बाद ही किसी सूखी लकड़ी या सूखा हुआ प्लास्टिक चढ़ा हुआ डंडे या पाइप (इंसुलेटर पाइप) से बिजली की चपेट में आए हुए व्यक्ति या पशु पक्षी को छुड़ाने का प्रयास करें।

## प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली इलाके में प्रेमी युगह ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अम्हापुरवा मजरा किशनपुर निवासी अमित 20 वर्ष पुत्र केशन का शव सुबह घर के बाहर लगे आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह नित्य क्रिया से लौटे पिता ने अमित का फंदे पर लटकता शव देखा तो पैरो तले से जमीन खिसक गई। उन्होंने परिजनों की मदद से शव को उतारकर बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। उधर अमित की आत्महत्या की खबर से आहत पास में रहने वाली 19 वर्षीय रागिनी उर्फ बबली पुत्री अंबिका ने दोपहर में घर से निकलकर पास के खेत में गई। वहां आम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर परिजनों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमष्ट्रम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। अमित की मौत की खबर सुनकर रागिनी ने यह कदम उठाया। बता दें कि रागिनी अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। दोनों एक ही परिवार से थे लेकिन अलग-अलग घरों में रहते थे। वहीं कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि अमित का अंतिम संस्कार उसके परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए कर दिया है। लेकिन रागिनी उर्फ बबली के शव को पीएम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कोई भी आरोप प्रत्यारोप परिजनों की ओर से नहीं लगाया गया है।

## एक दर्जन संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीणों द्वारा बाग में लगभग एक दर्जन संदिग्ध लोगों को देखकर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखा कर संदिग्धों को घेर थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोंग से संदिग्धों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा संदिग्धों से पूंछ तांछ जारी है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पकड़े संदिग्धों को जनपद कानपुर नगर के चैबेपुर थाना क्षेत्र का निवासी बताया है, साथ ही यह जंगली सुअरों का शिकार करते थे। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत राजेपुर चैकी क्षेत्र के बरुआघाट ग्राम सभा में स्थित जनआरोग्य केंद्र के निकट जंगल में निवास कर रहे संदिग्धों पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई, ग्रामीणों द्वारा जंगल को चारों तरफ से घेर कर थाना पुलिस को सूचना दे दी जबतक पुलिस मौके पर पहुंचती आक्रोशित ग्रामीणों ने संदिग्धों की एक बाइक में आग लगा दी, जिससे वह जलकर राख हो गई। हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़कर उनकी पिटाइ शुरू कर दी, समय पर पहुंच पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछ तांछ शुरू कर दी। वहीं संदिग्धों के पास से चार बाइक भी मिली जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पिछले पखवाड़े से बरुआघाट, मुन्नीखेड़ा, कुरौली आदि गाँव में चोरी की घटनाएं बढ़ी थी ग्रामीणों को आशंका थी कि यही संदिग्ध चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा अब तक की गईं जांच में पकड़े गए संदिग्ध चोर नहीं साबित हुए।

## फाइलेरिया अभियान की दवा खिलाकर की शुरुआत

लहरपुर (सीतापुर)। लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ हुआ। अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने स्वयं दवा खाकर इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार यादव, बीसीपीएम मनोज वर्मा, फार्मासिस्ट दिनेश गुप्ता, बबली रावत, हसीब और अंकुर निगम ने भी फाइलेरिया की दवा का सेवन किया। डॉक्टर वाजपेई ने बताया कि यह अभियान रविवार से 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 0 से 2 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को छोड़कर सभी लोगों को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा का सेवन कराएंगे। उन्होंने बताया कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाने के लिए 227 टीमें कार्य कर रही हैं। इसके अलावा 43 पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। डॉ. वाजपेई स्वयं भी निरीक्षण कर अभियान की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम खानपुर मोहिद्दीनपुर में भी रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू हुआ। आशा कार्यकर्ता कमला देवी और वॉलिंटियर आकाश पटेल ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया और उन्हें दवाइयां खिलाईं।

## मिट्टी की जांच के बाद ही किसान रासायनिक खाद का प्रयोग करें

मीरजापुर। हलिया क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित एक लान में एक दिवसीय ट्रांसफार्मिंग इंडिया थ्रू एग्रीकल्चर कृषि के माध्यम से भारत का परिवर्तन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी की जांच के बाद ही किसान रासायनिक खाद का प्रयोग करें। अच्छी क्वालिटी का बीज लें। खरपतवार की दवा डालते समय उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखें। नकली खाद से बचने के लिए क्यूआर कोड की जांच कर लें। बीएचयू बरकछा के कृषि वैज्ञानिक डॉ बी के मिश्र ने किसानों को विस्तार से कृषि संबंधी जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के सभी कार्य किसान हित से संबंधित हैं। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने से प्रधानमंत्री झुकने वाले नही हैं। अमेरिका अपना गेंहू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भारत में बेचना चाहता है। अमेरिका चाहता है दूध का पाउडर निर्यात होकर भारत जाए। हमारे देश में करोड़ों की संख्या में किसान पशुपालन कर दूध, मक्खन, घी बेच रहे हैं। जब अमेरिका से पाउडर वाला दूध बीस रुपए व गेहूं बारह रुपए में आ जाएगा तो यहां के पशुपालक किसान क्या करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान के हित में अमेरिका की धमकी के आगे झुकने वाले नही है। विश्व की कोई भी ताकत हो प्रधानमंत्री जहां किसान हित की बात आती है वहां कोई समझौता नही करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों के लिए भारत को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नही सकता। कहा कि हलिया क्षेत्र से विशेष लगाव है यहां का किसान आगे बढ़ेगा तो मुझे खुशी होगी। कार्यक्रम का संचालन राकेश उर्फ जितेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। इस दौरान मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, एमएलसी विनीत सिंह, जिला चेयरमैन जिला सहकारी बैंक, उपनिदेशक कृषि विकेश पटेल, पूर्व एसी एसटी उपाध्यक्ष मनीराम कोल, आदि मौजूद रहे।

## जाम की समस्या को लेकर होगी नयी व्यवस्था

जौनपुर । नगर में ई-रिक्शा संचालकों पर लगाम लगाने और जाम की समस्या से निजात पाने के लिए नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। जल्द ही ई-रिक्शा चालकों को क्यूआर कोड वाला रूट स्टीकर दिया जाएगा। इस स्टीकर में वाहन और चालक की पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी।पिछले समय में 1600 ई-रिक्शा चालकों को 16 अलग-अलग मार्ग आवंटित किए गए थे। इसके बावजूद ई-रिक्शा का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है। इससे नगर में जाम की समस्या बनी हुई है। नगर में जाम की समस्या को देखते हुए वन-वे सिस्टम लागू किया गया है। फिर भी जेसीज चौराहा, सिपाह, ओलंदगंज, कोतवाली, चहारसू चैराहा और भंडारी रोड सहित अन्य चैराहों पर जाम लगता रहता है। पिछले वर्ष अनफिट लगभग दो हजार ई-रिक्शा को सड़क से हटाया गया था। साथ ही 1600 ई-रिक्शा को अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए थे। ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर सुशील मिश्र के अनुसार, नगर में चल रहे ई-रिक्शा पर जल्द ही क्यूआर कोड वाला रूट चार्ट लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के संचालन पर कोई मनाही नहीं है। लेकिन इनके गलत तरीके से चलाने की वजह से जाम की समस्या हो रही है। इस पर सख्ती से पाबंदी लगाई जाएगी। नई व्यवस्था से शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है।

## किशोरी के भगाने में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर निवासी एक किशोरी को परिवार के साथ घर वापस जाते समय रात मे साथ चल रहे युवक ने किशोरी को अपने साथ जबरन लेकर चले जाने पर पुलिस ने मां की शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कुछ दिन पहले हरिद्वार अपने परिवार के साथ मजदूरी करने गई थी। जहां पहले से बरखरिया जाट थाना पसगवां निवासी कमल जोशी काम करता था। बस से वापस आते समय युवक भी साथ आया था गोमती मोड पर शनिवार रात 1 बजे बस से उतरते समय युवक ने उसकी पुत्री को जबरन अपने साथ दूसरे वाहन से लेकर चलता बना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## बड़े भाई की डांट से क्षुब्ध युवक ने लगायी फांसी

**बांदा।** बड़े भाई की डांट से क्षुब्ध होकर राहुल ने आत्महत्या कर ली। जसपुरा थाना व कस्बा में रविवार की सुबह किसी बात को लेकर राहुल के बड़े भाई ने डाँटा, इससे वह इतना आहत हुआ कि उसने घर के सामने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोस के लोगों ने जब राहुल को पेड़ से लटका देखा तो उन्होंने शोर मचाया। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने राहुल के शव को पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। आत्महत्या के पीछे कारण का पता लगाने के लिए पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। मृतक पेशे से ट्रैक्टर चालक था।

## तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट का आयोजन आज

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने समस्त जनपदवासियों को आमंत्रित करते हुए अवगत कराया है कि जिला प्रशासन की ओर से जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा म्यूजिकल कंसर्ट का आयोजन 11 अगस्त 2025 सोमवार को सायं 6 बजे से 10 बजे तक माताटीला बांध पार्क परिसर में किया जा रहा है। उन्होंने जनपदवासियों एवं मीडिया बंदुओं से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें।

## युवक का शव फांसी पर लटका मिला

**ललितपुर।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कृष्णपाल सिंह यादव ने शनिवार सुबह पेड़ पर तौलिए के फंदे युवक का शव लटकता मिला। मृतक ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर जाने वो कौन सा देश, जहां तुम चले गए गाने की स्टोरी अपलोड की थी। घटना मजरा सेवरा की है। कृष्णपाल सुबह उठने के बाद चाय बनाकर पी और फिर खेत पर चला गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा ने बताया कि कृष्णपाल की शादी कुछ साल पहले हुई थी और उसका आठ माह का एक पुत्र है। रक्षाबंधन के कारण उसकी पत्नी अपने बेटे के साथ मायके गई हुई थी। वह घर पर अकेला था। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के एक रिश्तेदार ने कृष्णपाल को धमकाया था, जिससे क्षुब्ध होकर कृष्णपाल ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने 22 क्वार्टर रसभरी बरामद की

**ललितपुर।** किराना की दुकान पर शराब बेचने के लिए जा रहे युवक से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है। नई बस्ती चैकी प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह चेतन सं. 02 मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल व पीआरडी प्रमोद कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति सफेद थैले में भारी मात्रा में देशी शराब रखकर जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुवन ग्राउण्ड के पीछे तिराहा पर जांच की, जहां मोटर साइकिल से आता हुआ एक युवक दिखायी पड़ा। उसे रोकने पर पुलिस को देखकर युवक सकपका गया। इस दौरान पुलिस को पकड़े गये युवक ने अपना नाम सिविल लाइन निवासी आशाराम कुशवाहा पुत्र स्व.प्रेमनारायण बताया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास मौजूद नारंगी रंग के थैले से 22 क्वाटर देशी शराब रसभरी मार्का के बरामद किये। पूछताछ करने पर आशाराम ने बताया कि वह सुपर मार्केट स्थित कलारी से शराब खरीदकर लाता है और किराने की अपनी दुकान से देशी क्वाटर को 55 रुपये का क्वाटर 65 रुपये में बेचता है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाश आशाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अधेड़ की नाली में गिरकर मौत

**ललितपुर।** कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित देशी शराब की दुकान के विगत देर रात शराब के नशे में गहरी नाली में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने शराब पीने के बाद संतुलन खो दिया और दुकान के बगल में खुली नाली में गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# मां ने कलयुगी शराबी बेटे को उतारा मौत के घाट



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** पुलिस ने दो दिन पूर्व गला रेत कर की गई अशोक की हत्या खुलासा करते हुए आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मां ने बताया कि उसका कलयुगी पुत्र उसके साथ अनैतिक कृत्य कर चुका था और घटना वाले दिन भी उसने शराब के नशे में उसके साथ गलत कृत्य का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामिवाला निवासी चन्द्रपाल पुत्र बक्शी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि 08 अगस्त 2025 शुक्रवार की रात्रि 12:30 उसके पुत्र अशोक कुमार (32 वर्ष) की किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने रात्रि में ही घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के खुलासे को स्वाट एवं सर्विलांस टीम को मंडावली पुलिस के साथ लगाया था, तभी से पुलिस ने घटना के खुलासे को लेकर प्रयास तेज कर दिए थे। पुलिस ने अशोक के साथ रहने वाले दोस्तो को और उसकी मां व बहन को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो सारी घटना सामने आ गई। पुलिस पूछताछ में मृतक अशोक की मां मुन्नी देवी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसके सामने अशोक की हत्या करने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं था क्योंकि अशोक शराब के नशे में धुत होकर रात में घर आता और उसके साथ जबरदस्ती अनैतिक कृत्य करता था। इससे पहले भी उसने उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया, जिससे वह अंदर ही अंदर घुटन महसूस कर रही थी। मुन्नी ने बताया कि घटना की रात को भी अशोक शराब पीकर घर आया उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया था।

लेकिन जब वह गहरी नींद सो गया तो उसने दरांती से कई वार कर उसकी हत्या कर दी और और बदमाश के द्वारा बेटे को मारने का शोर मचा दिया। पुलिस ने कलयुगी बेटे की कातिल मां की निशानदेही पर खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी मां का संबन्धित धाराओं चालान कर उसे जेल भेज दिया है।

घटना का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी स्वाट मय टीम सचिन मलिक, प्रभारी सर्विलांस मय टीम योगेश कुमार, आरक्षी सर्विलांस मोनू, थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक संजय कुमार, सोनू कुमार, आरक्षी पंकज कुमार, राहुल कुमार, महिला आरक्षी स्वाति सिंह, सोनम आदि शामिल रहे।

## पिता का हत्यारोपी नशेड़ी पुत्र गिरफ्तार



**बांदा।** शराबी बेटे ने पिता को फरसा व चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिए बुजुर्ग को परिजन जिला अस्पताल ले गए लेकिन इस दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कोतवाली देहात पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हत्या के लगभग 7 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली देहात क्षेत्र के कुल कुम्हारी गाँव में शुक्रवार की देर शाम नंदलाल कुशवाहा के पुत्र गोरे लाल ने पिता के शराब पीने से मना करने से नाराज होकर शराब के नशे में फरसा और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के दूसरे बेटे रामचन्द्र की तहरीर पर आरोपी गोरे लाल को मुखबिर की सूचना पर कुरौली रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त फरसा व चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप दुबे, उप निरीक्षक अशोक कुमार, संतोष कुमार, राजेश चंद्र, हेड कांस्टेबल जावेद अली, अजय कुमार व रेनू देवी रहीं।

## विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दर्ज कराया पर दहेज उत्पीडन मुकदमा

**स्योहारा, बिजनौर।** ससुराल पक्ष के आतंक से परेशान एक विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन लोगो के खिलाफ दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाही शुरू कर दी है।

स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम ठाटजट निवासी गुलशन पुत्री शकील ने अपने मुकदमें में कहा कि उसकी शादी थाना कोतवाली शहर के ग्राम झलरा निवासी ताजिम पुत्र इस्लामुद्दीन के साथ मुस्लिम रीती रिवाज के अनुसार 06 मार्च 2024 को हुई थी। गुलशन के एक नौ माह का बच्चा भी है। गुलशन के परिजनों ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था परन्तु शादी में दिये गये दहेज से पति ताजिम, सास खुशीर्दा, जेठ अबरार, एजाज, देवर साजिम, देवरानी नाजरीन, जेठानी गुलिस्ता, देवरानी नीलम कुमारी, जेठ नासिर ना खुश थे और आय दिन दहेज में बुलट मोटर साईकिल व दो लाख रुपए नकद की मांग कर रहते थे। दहेज न देने पर शादी के कुछ दिन बाद से ही गुलशन को मानसिक व शारीरिक उत्पीडन कर रहे है परंतु गुलशन और उसके मायके वाले अपनी इज्जत की खातिर सब कुछ बर्दास्त करते रहे। बाद में ससुराल वाले आये दिन गाली गलौच व मारपीट करने लगे और धमकी देते रहे। महिला ने अपने देवर साजिम पर गंदी निगाह रखते हुए छेड़छाड़ व अश्लील हरकते करता था। जिसकी शिकायत महिला ने अपने सास ससुर से की तो 24 फरवरी 2025 को समय करीब साढ़े ग्यारह बजे दिन के सभी लोगों ने लात घुसों व बेल्टो से बुरी तरह मारपीट की शोर सुनकर आसपास के पड़ोसियों ने महिला को बचाया और इन लोगों ने बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

## सीओ ने भारी फोर्स के साथ किया पैदल गश्त



**नगीना, बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी व थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने भारी पुलिस फोर्स के साथ रक्षाबन्धन व आगामी त्यौहारों, शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गो, बस स्टैन्ड व अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया।सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी व थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने भारी पुलिस फोर्स के साथ शनिवार को रक्षाबन्धन पर्व व आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से नगर के मुख्य मार्गो, बस स्टैन्ड, कस्बा नगीना मे पैदल गस्त किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अविचल खड़ी है अपने स्थान पर: प्रो. डॉ. शास्त्री



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** संस्कृत भारती एवं संस्कृत विभाग नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत भवन सभागार में विश्व संस्कृत दिवस मनाया गया। इस मौके पर संस्कृत के विद्वानों शिक्षकों ने आदि शंकराचार्य एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण वैदिक यज्ञ एवं पूजन के पश्चात आयोजित संगोष्ठी में संस्कृत भाषा व साहित्य के प्रचार प्रसार करते रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि संसार की अनेक प्राचीन सभ्यताएं धूल धूसरित हो चुकी हैं, किंतु संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अपने स्थान पर अविचल खड़ी है, सारे संसार में भारतीय संस्कृति की अजेय पताका फहरा रही है इसका श्रेय संस्कृत भाषा और उसके साहित्य पर जाता है उन्होंने कहा कि भारत के पास विश्व को संजीवनी देने वाली संस्कृत भाषा है, संस्कृत विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा है जिसमें ज्योतिष वास्तु योग धर्मदर्शन विज्ञान का भंडार भरा हुआ है। आज पश्चिमी देश भी संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयास रत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा को सीख कर इसमें छिपे जीवन और प्रकृति के रहस्यों को जानने की अपील की।

**● भारतीय संस्कृति की आत्मा है संस्कृत**

विद्यार्थी परिषद् के विभाग प्रमुख डॉ दीपक पाठक ने कहा कि संस्कृत भाषा में विज्ञान शिल्प प्राविधिक विषयों का भी समावेश है अतः संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाकर इसके अंदर छिपे ज्ञान के असीम भंडार को जनकल्याण हेतु प्रसारित किया जा सकता है उन्होंने कहा की संस्कृत भाषा के संवर्धन एवं विकास के यदि शीघ्र नए कदम नहीं उठाए गए तो युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा को भूल जाएगी, संस्कृत भारती जनपद अध्यक्ष डॉ जनक किशोरी शर्मा ने कहा कि आधुनिक गणित के हजारों सूत्र वैदिक गणित के अल्प सूत्रों में सन्निहित हैं वर्तमान में भारत की युवा पीढ़ी को संस्कृत साहित्य से परिचय करना आवश्यक है।

संस्कृत विद्वान् डॉ हृदय नारायण उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत भाषा भारती संस्कृति का प्रतिबिंब है इसके संवर्धन पर हमें ध्यान देना चाहिए। विमर्श की प्रान्तीय वक्ता डॉ प्रीति सीरौटिया ने कहा कि संस्कृत का अध्ययन करने से किसी एक भाषा का नहीं अपितु संपूर्ण संस्कृति का अध्ययन है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के महामंत्री डॉक्टर सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत संसार की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है। इतिहास विद् डॉ रामकुमार रिछारिया ने कहा कि आज संस्कृत भाषा में दिए गए भौतिक एवं आध्यात्मिक उपदेश उपदेशों की समाज को आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रो0 आशा साहू प्रा0 अनिल सूर्यवंशी हिमांश धर द्विवेदी, डॉ शैलेंद्र सिंह चैहान डॉ0 रामकुमार रिछारिया डॉ0 सुधा कर उपाध्याय डॉ0 विनीत अग्निहोत्री डॉ विनोद कुमार डॉ अरिमर्दन सिंह डॉ राजीव निरंजन डॉ0ओपी चैधरी डॉ0 संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रीति सीरोटिया ने किया अन्त में डॉ आशा साहू ने आभार व्यक्त किया।

# बजाज समूह के शिशिर बजाज को मिला वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित सर्वोत्तम नागरिक सम्मान

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** मुंबई के प्रतिष्ठित एक होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन और बजाज समूह के वरिष्ठ मार्गदर्शक शिशिर बजाज को सर्वोत्तम नागरिक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयोजित इस सम्मान समारोह में महाराष्ट्र विधान परिषद सभापति श्रीराम शिंदे तथा सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार द्वारा सम्मान मूर्तियों का सत्कार किया गया। सर्वोत्तम नागरिक सम्मान, मेघा श्रेय फाउंडेशन और सीमा सिंह द्वारा उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में अपने निस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मिसाल कायम की है। इस वर्ष के समारोह में पद्मविभूषण डा.अनिल काकोडकर, पद्मभूषण डा.विजय भटकर, पद्मश्री डा.शंकर महादेवन, फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली, पद्मभूषण अनुपम खेर और पद्मश्री विजेंदर सिंह जैसे कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिशिर बजाज ने कहा कि हमारे मूलभूत सामाजिक प्रयास 1926 से शुरू हुए, जब मेरे दादाजी जमनालाल बजाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन देने के लिए बजाज समूह की स्थापना की। उन्होंने बताया कि 1932 में उत्तर प्रदेश में हमारी पहली शुगर फैक्ट्री स्थापित की गई, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। तब से समूह ने व्यवसाय और सीएसआर दोनों क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण और भारतीय गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज हम राजस्थान में मेरी जन्म स्थली सीकर जिले के 1000 गाँवों में और मेरे दादाजी की कर्मभूमि महाराष्ट्र के वर्धा जिले के 1000 से अधिक गाँवों में समाज कल्याण के कार्य कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य ग्रामीण भारत के प्राकृतिक एवं मानव संसाधनों का बहुमुंखी विकास करना है, क्योंकि यह लक्ष्य विकसित और आत्मनिर्भर भारत के उस निर्माण में अहम भूमिका निभाता है, जिसकी परिकल्पना भारत सरकार ने 2047 तक के लिए निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बजाज फाउंडेशन शिशिर बजाज और उनके पुत्रों कुशाग्र नयन बजाज एवं अपूर्व बजाज के नेतृत्व में ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। फाउंडेशन ने वर्धा, सीकर और ललितपुर जिलों के गाँवों में वर्षा जल संचयन, नदी पुनर्जीवन, सूक्ष्म सिंचाई, प्राकृतिक खेती, बागवानी, किसान पाठशालाएं, महिला स्व-सहायता समूह, सौर पंप और बायोगैस संयंत्र जैसे नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, किसान उत्पादक संगठन, और परिवर्तनकारी शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से 6 लाख से अधिक परिवारों को सशक्त किया है, जिससे लगभग 22 लाख लोगों के जीवन में सुधार हुआ है। नेशन बिल्डिंग थ्रू बिजनेस एण्ड सर्विस की विचारधारा के तहत, बजाज समूह भारत के सबसे सम्मानित और विविधीकृत औद्योगिक समूहों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है। कुशाग्र बजाज के नेतृत्व में समूह की प्रमुख कम्पनियों में शामिल है, बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड जो भारत की सबसे बड़ी एकीकृत चीनी कम्पनी है और उत्तर प्रदेश में 14 चीनी मिलों और 6 एथेनॉल संयंत्रों का संचालन करती है। एक अन्य कम्पनी बजाज एनर्जी, उत्तर प्रदेश में 6 पावर प्लांटों का संचालन करती है, जिनमें 1,980 मेगावाट क्षमता वाला ललितपुर पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड का सुपर-क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन भी शामिल है, जो राज्य की लगभग 10 प्रतिशत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है। । समाज सेवा और औद्योगिक उत्कृष्टता के अद्वितीय संगम के रूप में शिशिर बजाज को मिला सर्वोत्तम नागरिक सम्मान पुरस्कार, उनके अभूतपूर्व योगदान की सच्ची पहचान है।

## वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत चंदेरी से राखी बंधवाने कार से झांसी जा रहे वृद्ध की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के दौरान जखौरा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चंदेरी निवासी 70 वर्षीय शंकर सहाय पुत्र जमुना प्रसाद अपने साथ 28 वर्षीय शुभम व 26 वर्षीय आंचल के साथ झांसी में अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने के लिए रविवार को कार में सवार होकर जा रहा था। बताया जा रहा है कि चन्देरी से राजघाट होते हुये जखौरा मार्ग से तालबेहट से झांसी जाने के लिए कार जा रही थी। इसी बीच जखौरा रोड पर कार अचानक अनियंत्रित हो गयी, जिससे हादसा हो गया। इस हादसे में 70 वर्षीय शंकर सहाय की मौत हो गयी, जबकि शुभम व आंचल गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जखौरा के अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के दौरान शंकर सहाय को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं शुभम व आंचल को अंधरूनी चोटें बतायी जा रहीं है।

## पत्नी ने 3 बच्चों के साथ नहर में कूदकर दी जान

**बांदा।** शराबी पति से आजिज महिला ने 3 बच्चों सहित केन नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार की देर रात पति के घर शराब पीकर पहुंचने पर पत्नी ने कहा कि कल रक्षाबंधन है और आप इतनी रात को शराब पीकर आ रहे हैं। इस बात को लेकर पति अखिलेश ने पत्नी रीना को पीटना शुरू कर दिया। इससे आहत होकर रीना 32 बच्चों हिमांशु 9, अंशी 5 व प्रिंस 3 के साथ पति के सो जाने पर घर से निकल गई और घर से 1 किलोमीटर दूर तीनों बच्चों को साड़ी से कमर में बांधकर नहर में छलांग लगा दी जिससे डूबकर चारों की मौत हो गई। सुबह जब पति सोकर जगा तो घर में पत्नी और बच्चे नहीं मिले, उसने गाँव में तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। गाँव की नहर के पास महिला की चूड़ी और बच्चों के चप्पल पड़े मिले। इसी आधार पर पुलिस और गोताखोरों को बुलाया गया तथा नहर का पानी रुकवाकर जाल डाला गया। 2 घंटे की तलाश के बाद चारों के शव नहर से बरामद हुए। चारों के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## रोटी बैंक सोसाइटी ने रक्षाबंधन पर जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, जरूरी सामान



**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत पडूई के जरूरतमंद ग्रामीणों को कपड़े, किताबें, जूते-चप्पल, पर्स वितरित किए गए। सामग्री वितरण के बाद ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति टीम के अध्यक्ष रिजवान अली और संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने जागरूक किया। रक्षाबन्धन, कजली के अवसर पर कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी, सभी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सोसाइटी के सदस्य महेंद्र पाल, ग्राम प्रधान पूरन लाल प्रजापति, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, शाखा प्रमुख बरईमानपुर पवन कुमार पाण्डे सदस्य नसीर खान, हीरालाल और वीरेन्द्र कुमार समाजसेवी, समाजसेवियों का योगदान रहा।

## कुएं में उतरे तीन भाइयों की दम घुटने से मौत

**बिजनौर।** जिले के शिवाला कला थाना क्षेत्र में रविवार को कुंए में उतरे तीन भाइयों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। शिवाला कला थाने के प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आज गांव सरकथल में छत्रपाल (25) अपने सगे भाई कशिश (20) और चचेरे भाई हिमांशु (22) के साथ अपने कुंए में पंपिंग सेट का पट्टा चढ़ाने उतरा था।उन्होंने बताया कि छत्रपाल पट्टा चढ़ाने नीचे उतरा तो कुंए में बनी जहरीली गैस से बेहोश हो गया और फिर एक-एक कर हिमांशु और कशिश उतरे तो वे दोनों भी बेहोश हो गये। शर्मा के मुताबिक, वहां मौजूद धर्मवीर ने घबराकर शोर मचा दिया और शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गये।थानेदार ने बताया कि गांव के ही चेतन ने हिम्मत दिखाते हुए मुंह पर कपड़ा बांधा और रस्सी लेकर कुएं में उतरा। उसने तीनों को रस्सी से बांध दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर खींच लिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने तीनों को नूरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों की दम घुटने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है।

## चोरी व गुम हुए 251 फोन बरामद कर मोबाइल स्वामियों को लौटाये



**बिजनौर।** पुलिस गुम व चोरी हुए 251 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें मोबाइल स्वामियों को वापस लौटाया। लोगो ने अपने कीमती मोबाइल वापस पाकर बिजनौर पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा और अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव वाजपेयी ने बीते दिन पुलिस लाइन के सभागार में मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिन्हें 251 लोगों को उनके मोबाइल दिए गए हैं। पुलिस ने ऐसे मोबाइल थे जो कहीं गुम या चोरी हो गए थे उनकी सूची तैयार की। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने जनपद के समस्त थानों में दर्ज पिछले तीन सालों की सूचनाओं का विश्लेषण कराया। सर्विलांस की टीम ने मेहनत करते हुए पता लगाया कि मोबाइल किनके पास चल रहे हैं। फिर उनके फोन नंबर पर संपर्क करके मोबाइल लौटाने के लिए कहा गया। एसपी ने बताया कि एक मोबाइल आंध्र प्रदेश में चलता मिला, जिसके पास मोबाइल था, उसने बिजनौर पुलिस के कहने पर मोबाइल पार्सल कर दिया। बताया कि अलग अलग राज्यों से मोबाइल मंगवाए गए हैं। मोबाइल मिलने से मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों के चेहरों पर खुश साफ नजर आई। लोगों ने मोबाइल प्राप्त करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा व उनकी पूरी पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

## अभाविप छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षासूत्र



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिसद के कार्यकताओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। आयुषी त्रिपाठी विभाग छात्रा प्रमुख ने कहा कि भारत माँ के उन बेटों तक रक्षासूत्र पहुंचाने का उद्देश्य यह है कि जो जिम्मेदारी के साथ हमारी सुरक्षा में लगे हैं और वह रक्षाबंधन जैसे भाई-बहन के अटूट स्नेह के त्योहार में भी बहनों के पास नहीं पहुंच पाते और रक्षासूत्र बंधवाने से वंचित रह जाते हैं इस भरपाई के लिए हमारा दायित्व है कि हम पुलिसकर्मियों को इसकी कमी महसूस न होने दें। अभाविप की छात्राओं ने नगर कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस दौरान नगर सह मंत्री मानसिक धुरिया, नगर मंत्री ज्योत्सना गुप्ता, प्रांत मंत्री दिव्यांशु मिश्रा और तहसील संयोजक सुभाष त्रिपाठी व अन्य छात्र - छात्राएं मौजूद रहीं।

## मारपीट करना युवक को पड़ा भारी

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** रोडवेज बस के परिचालक से मारपीट करना एक पटरी दुकानदार मनबढ़ को महंगा पड़ गया। मारपीट की घटना से आहत रोडवेज परिचालक के समर्थन में आधा दर्जन से अधिक रोडवेज बसों के चालकों एवं परिचालकों ने बस संचालन ठप कर घटना के दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग की। बाद में मौके पर पहुंचे आरएम के निर्देश के बाद बस संचालन सेवा शुरू हो सकी। इस घटना को लेकर लगभग आधा घंटे तक रोडवेज बसों का संचालन ठप रहने से यात्रियों को तमाम परेशानी झेलनी पड़ी। मामले में पुलिस ने आरोपी मनबढ़ को हिरासत में लेकर कारवाई में जुटी हुई है। तमकुहीराज कस्बा के ओवरब्रिज चौराहे के समीप तमकुही सेवरही मुख्य मार्ग पर ठेला खोमचा लगाकर फल की दुकान संचालित करने वाले एक मनबढ़ ने रोडवेज बस के परिचालक को बस ठहराव करने मना करते हुए उसके साथ मारपीट कर लिया। घटना की जानकारी परिचालक ने रोडवेज के अन्य बसों के चालकों एवं परिचालकों को दिया। जिसके बाद लगभग आधा दर्जन रोडवेज की बसों के चालकों एवं परिचालकों ने सड़क किनारे बसों को खड़ी कर उनका परिचालन ठप कर दिया। रोडवेज के चालकों एवं परिचालकों ने घटना की जानकारी आरएम रोडवेज को देकर मांग किया कि जब तक आरोपी पर कारवाई नहीं होगी तब तक वह बसों का संचालन नहीं करेंगे। घटना की जानकारी पाकर कसया रोडवेज के आरएम मौके पर पहुंचे। उ सूचना पाकर हरकत में आई तमकुहीराज पुलिस ने आरोपी मनबढ़ को हिरासत में ले लिया।

# मौद्रिक नीति यथावत

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में घोषित अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्तीय बाजारों के विश्लेषक और अर्थशास्त्री पिछले कुछ सप्ताह से यह बहस कर रहे थे कि क्या भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) नीतिगत रीपो दर में और कटौती करने की स्थिति में है। कुछ विश्लेषकों ने उम्मीद जताई थी कि एमपीसी अगस्त की नीतिगत बैठक में नीतिगत रीपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकती है। बहरहाल, छह सदस्यीय एमपीसी ने बुधवार की बैठक में सर्वसम्मति से दरों को 5.5 फीसदी के वर्तमान स्तर पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के साथ आई टिप्पणी स्पष्ट संकेत देती है कि फिलहाल जो हालात हैं उनके मुताबिक समिति शायद मौजूदा चक्र में नीतिगत रीपो दर में और कटौती करने की स्थिति में न हो। जून के मुद्रा स्फीति संबंधी आंकड़ों में गिरावट के बाद बाजार में उम्मीद जगी थी और सालाना मुद्रास्फीति संबंधी पूवार्नुमान भी कम किए गये थे। एमपीसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को 3.7 फीसदी से कम करके 3.1 फीसदी कर दिया है जो 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी कम है। बहरहाल, ऐसी कई वजह थीं जिनके चलते कोई भी समझदार केंद्रीय बैंक मौजूदा हालात में दरों में कटौती नहीं करता। पहली बात, यह कि मौद्रिक नीति का दूरदर्शी होना जरूरी है। ऐसे में जहां




मौजूदा पूरे वर्ष के लिए मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को संशोधित करके कम किया गया है, वहीं चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति की दर के 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। अनुमान है कि 2026-27 की पहली तिमाही में यह बढ़कर 4.9 फीसदी तक पहुंचेगी। ऐसे में चूंकि मुद्रास्फीति की दर के आने वाली तिमाहियों में लक्ष्य से अधिक रहने की उम्मीद है और चूंकि यह वास्तविक नीतिगत दर को कम कर देगी, ऐसे में नीतिगत दरों में और कमी करना सही नहीं होता। दूसरी बात, कम समग्र मुद्रास्फीति (सभी घटकों सहित) की दर में खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी योगदान है, खासतौर पर सब्जियों की कीमतों में मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन जैसी उतार-चढ़ाव वाली वस्तुओं से इतर) की दर जून में 4.4 फीसदी थी। खाद्य कीमतों में कमी भी समग्र मुद्रास्फीति पर असर डालेगी। तीसरा, मौद्रिक नीति समिति ने दरों में हस्तक्षेप को पहले ही लागू कर दिया था। व्यवस्था में उसका प्रभाव अब दिख रहा है। चौथा, मौद्रिक नीति समिति ने वृद्धि अनुमानों को संशोधित नहीं किया। उसे उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से विकसित होगी। 2026-27 की पहली तिमाही में वृद्धि दर के 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। 2026-27 की पहली तिमाही में वृद्धि और मुद्रास्फीति अनुमानों को देखते हुए इस समय दरों में कटौती के पक्ष में तर्क देना मुश्किल है। इसके अलावा अनिश्चितता को देखते हुए यह हमेशा बेहतर होता है कि किसी तरह के नीतिगत रोमांच से बचा जाये। व्यापार संबंधी परिदृश्य की बात करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 टैरिफ लगा दिया है। यह कदम और संबंधित अनिश्चितताएं वृद्धि और मुद्रास्फीति संबंधी परिदृश्य पर असर डालेंगी। देखना होगा कि हालात कब और कैसे बदलते हैं। मौद्रिक नीति संबंधी निर्णयों के अलावा रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नकदी प्रबंधन की भी बात की। रिजर्व बैंक ने हाल के महीनों में व्यवस्था में काफी नकदी डाली है। जून में नकद आरक्षित अनुपात में 100 आधार अंकों की कमी करने की घोषणा की थी जिसे चार चरणों में लागू किया जाना है। नकदी की आसान उपलब्धता मौद्रिक नीति के प्रभाव को लागू करने में मदद करती है। बहरहाल, यह प्रभाव पूरा होने पर रिजर्व बैंक को नकदी को लेकर बाजार के अनुमानों को दिशा देनी होगी। फिलहाल इस समय मुद्रास्फीति से कहीं बड़ा मुद्दा अमरीकी टैरिफ है। ऐसे में आरबीआई को मौद्रिक नीति ऐसी रखनी होगी जिससे अमरीकी टैरिफ का असर देश की आर्थिक प्रगति पर कम से कम पड़े।

### विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

-स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

-गीता.

# ब्रिक्स से मिल सकती है डॉलर को चुनौती



मनोज बाजपेयी

**ब्रिक्स की गतिविधियां बढ़ी हैं। मोदी चीन जा रहे हैं, पुतिन भारत आ रहे हैं और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने मोदी से बात की है। ट्रंप की हरकतों से अचानक ब्रिक्स में नयी ऊर्जा आ गयी है और लगता है कि अब भारत-चीन भी अपने मतभेदों को सुलटाकर हाथ मिलाने को तैयार हैं। अगर भारत, चीन, रूस और ब्राजील जैसे देश साथ आते हैं और एकजुट होकर अमरीका को चुनौती देते हैं, तो अमरीका का आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह पायेगा।**

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप डिप्लोमेसी और ग्लोबल ट्रेड को अपने निजी व्यापार की तरह चलाना चाहते हैं। उनकी मंशा यह है कि दुनिया उनके इशारों पर चले और वे इकतरफा फैसले करते रहे हैं। लेकिन दुनिया भर से अमरीका के लिए संसाधन खींचने और स्वयं-भू शांति दूत बनकर नोबेल पुरस्कार लेकर ओबामा की बराबरी करने की महत्वाकांक्षा रखने वाले ट्रंप यह भूल रहे हैं कि कूटनीति रिश्ते राष्ट्रीय हितों से प्रेरित होते हैं। वैश्विक व्यापार भी पारस्परिक लाभ के सिद्धांत पर चलता है। कोई भी देश अमरीका के साथ कूटनीतिक रिश्ते और व्यापार अमरीका के फायदे के लिए नहीं करता है बल्कि अपने लाभ या फिर पारस्परिक लाभ के लिए करता है।

ट्रंप इस स्थापित वैश्विक सिद्धांत को इकतरफा बदलाना चाहते हैं और इस प्रयास में उन्होंने अमरीका के लिए बड़े खतरे उत्पन्न कर दिये हैं। दरअसल बीते दो-तीन दशकों में अमरीका की पालिसी यह रही है कि भारत को किसी तरह चीन और रूस से दूर रखा जाये। इसमें कुछ हद तक वह सफल भी था क्योंकि चीन के साथ सीमा विवाद के कारण टकराव था। इस कारण भारत स्वाभाविक रूप से अमरीका के करीब था। चीन के प्रभाव को रोकने के लिए ही क्वॉड बनाया गया जिसमें अमरीका के साथ भारत प्रमुख सहयोगी था। रूस के साथ भी भारत ने अपने रिश्तों को कमजोर तो नहीं किया लेकिन रक्षा सजो-सामान के मामले में रूप पर जो निर्भरता कभी अस्सी फीसद तक थी उसे घटाते-घटाते पचास फीसद तक ले आया था। अमरीका भी यह बात अच्छी तरह से समझता था कि भारत-रूस के रक्षा संबंध दशकों पुराने हैं जो एक झटके में कमजोर नहीं होंगे बल्कि इसमें लंबा समय लगेगा। इस उम्मीद में अमरीका ने कई स्तरों पर भारत की मदद भी है। टेक्नोलॉजी, इंटेलीजेंस शेयरिंग, आर्थिक और व्यापारिक क्षेत्र में मदद की। एच-1बी बीजों के जरिए बड़े पैमाने पर भारतीय पेशेवरों को अपने यहां अवसर दिया जिन्होंने डॉलर भारत भेजा और इससे भारत की आर्थिक और व्यापारिक स्थिति मजबूत हुई। लेकिन डोनॉल्ड ट्रंप ने अपनी कूटनीतिक



नादानी में सब कुछ गंवा दिया। ट्रंप ने दरअसल अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन से भारत को अपमानित करना शुरू कर दिया था। पहले भारतीयों को जंजीरों में बांधकर वापस डिपोर्ट करना, रेसिप्रोकल टैरिफ लगाना, बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी, ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आना, मुनीर का व्हाइट हाउस में स्वागत और अब भारत पर 50 फीसद टैरिफ। ट्रंप की इन भारत विरोधी कारस्तानी के कारण आखिरकार भारत को स्टैंड लेना पड़ा। अब अगर ट्रंप की टैरिफ नीति इसी तरह बनी रही, तो यह भारत से ज्यादा अमरीका के लिए चुनौती पेश करेगी।

**विमर्श**

भारत ब्रिक्स संगठन में एक तरह से अमरीका का सिम्पैथाइजर्स था। यहां तक कि चीन जब ब्रिक्स करेंसी के प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा था, तो भारत ने उसका विरोध किया था। अब अगर ट्रंप और अमरीका की भारत विरोधी नीति जारी रहती है, तो ब्रिक्स देश अमरीका के खिलाफ मैदान में आ सकते हैं। वैसे भी ट्रंप ने ब्रिक्स के पांचों संस्थापक देशों भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील से पंगा ले रखा है। रूस से परोक्ष रूप से अमरीका युद्ध में है, चीन से भी व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्ते खराब हैं, भारत और ब्राजील पर 50 फीसद टैरिफ लगा दिया है और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में अपमानित कर चुके हैं। ऐसे में अगर ब्रिक्स पूरी तरह अमरीका के खिलाफ आ गया और उसने 'ब्रिक्स करेंसी' जारी कर दी, तो अमरीका की बादशाहत को बड़ी चुनौती मिलेगी। दरअसल ब्रिक्स के पास दुनिया की 35 फीसद अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी आबादी और सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। ऐसे में अगर ब्रिक्स खुलकर मैदान में आ गया तो एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था कायम रखने और उसकी बादशाहत अपने पास रखने की अमरीकी महत्वाकांक्षा छिन्न-भिन्न हो जायेगी। फिलहाल ब्रिक्स की गतिविधियां बढ़ी हैं। मोदी चीन जा रहे हैं, पुतिन भारत आ रहे हैं और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने मोदी से बात की है और ट्रंप की हरकतों पर ही बात की है। ट्रंप की हरकतों से अचानक ब्रिक्स में नयी ऊर्जा आ गयी है और लगता है कि अब भारत-चीन भी अपने मतभेदों को सुलटाकर या पीछे छोड़कर हाथ मिलाने को तैयार हैं। अब अगर भारत, चीन, रूस और ब्राजील जैसे देश साथ आते हैं और एकजुट होकर अमरीका को चुनौती देते हैं, तो अमरीका का आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह पायेगा।

दरअसल ट्रंप ने अपनी हताशा, कुंठ और नोबेल महापुरुष बनने की महत्वाकांक्षा में लक्ष्मण रेखा पार कर दी है। अब अमरीका और ट्रंप को इसकी प्रतिक्रिया झेलनी पड़ सकती है। ट्रंप लंबे चौड़े दावे करके आये थे। चौबीस घंटे में युद्ध रुकवाने की बात करते थे लेकिन छह माह के कार्यकाल के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में नाकाम रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर भी उन्होंने कई टिप्पणियां की हैं, लेकिन पुतिन ट्रंप को लेकर बेपरवाह हैं। रूस पर ढेरों पाबंदियों के बावजूद अमरीका, रूस के साथ, व्यापार कर रहा है। अमरीका यूरेनियम और रसायनों का इतना बड़ा खरीददार है कि जून, 2025 में 3489 करोड़ रुपये का रूसी सामान खरीदा है। अमरीका के अलावा, चीन और तुर्किये भी रूस के साथ अच्छा-खासा व्यापार कर रहे हैं। चीन पर तो 30 फीसदी का ही टैरिफ अमरीका ने लगाया है। अमरीका का गुस्सा और उसकी खीझ उन देशों के प्रति क्यों नहीं है? यह भी सवाल है कि ट्रंप अचानक भारत के दोस्त के बजाय दुश्मन क्यों बन गये? अमरीका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। ट्रंप की रणनीति यह हो सकती है कि रूसी तेल के राजस्व को तोड़ दिया जाये, तो रूस को युद्ध समाप्त करने को विवश होना पड़ेगा। यह सोच ही कुंठित और अर्द्धसत्य की है, क्योंकि रूस को अमरीका से जो राजस्व मिल रहा है, क्या राष्ट्रपति पुतिन उसे तिजोरी में सजा कर रखेंगे? चीन, ईयू और तर्किए भी तो रूस से तेल लेते हैं। दरअसल अमरीका को भारत एक 'आसान टारगेट' लगता है।

भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि रूस के साथ तेल और हथियारों के व्यापार जारी रहेंगे, हालांकि अभी भारत, अमरीका के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाये रखने पर कायम है। भारत की यह संतुलित नीति उचित है। अमरीका ने चीन पर जब 145 फीसदी का टैरिफ घोषित किया था, तो चीन ने पलटवार में प्रतिक्रिया जताई थी, नतीजतन राष्ट्रपति ट्रंप की हवा निकल गई थी। अंततः उन्होंने टैरिफ 30 फीसदी तक सीमित कर दिया। यह भारत के साथ भी संभव है, यदि भारत कुछ कड़ा कदम उठाये और व्यापार समझौते को फिलहाल लटका दे। अमरीकी राष्ट्रपति फिलहाल बदहवासी की मनोस्थिति में लगते हैं। फिलहाल भारत पर 50 फीसद टैरिफ से गंभीर असर पड़ेगा लेकिन भारत इससे निपटने में सक्षम है। इस टैरिफ के बावजूद भारत की विकास दर दुनिया में सबसे तेज रहने की उम्मीद है। लेकिन अगर भारत, चीन और ब्रिक्स के साथ अमरीका के खिलाफ मैदान में उतरा तो अमरीकी डॉलर, आर्थिक, सैनिक और कूटनीतिक साम्राज्य का डोलना तय है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

भाजपा चुनावी भ्रष्टाचार का ब्रह्मांडविद्यालय है। मतमारी व हमारी ताकत से भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का षड़यंत्र रच रही है, हम मिलकर उसे कामयाब नहीं होंने देंगे। अखिलेश यादव.



जिस प्रकार की बातें इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी कर रही हैं, वह चोरी की बात नहीं, एक बल्कि पुरानी कहावत है कि चोर मचाये शोर, वाला काम कर रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



चुनाव हारती है कांग्रेस और बदनाम देश किया जाता है। इसका बीड़ा उठाया है कांग्रेस को कई चुनाव हराने वाले पार्टी के अब तक सबसे दिग्भ्रमित नेता राहुल गांधी ने। केशव प्रसाद मौर्य.



# जीवन से प्रेम करो

**अंतर्दृष्टि**

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

# सरकार गिराने की चाल चलो

**व्यंगलोक**

मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले- घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रें उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासन हीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।



पूरन सरमा

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

# हंसाने के साथ दिमाग की बत्ती भी जलाते हैं चुटकुले



**साहित्य**

एन.के.अरोड़ा

आमतौर पर लोगों को लगता है चुटकुला सिर्फ हंसने-हंसाने का मसाला भर होते हैं। मगर ऐसा नहीं है। ये हंसाते तो हैं, लेकिन चुपके से दिमाग की बत्ती भी जलाते हैं यानी सोचने की क्षमता को तेज करते हैं या हाजिरजवाबी से हैरान कर देते हैं। मसलन ये चुटकुला देखिए-

*डॉक्टर (मरीज से)- आपको किस बात से एलर्जी है?*

*मरीज- किताबें पढ़ने से।*

*डॉक्टर- ओह, यह तो अज्ञानता से मरने वाली बीमारी है।*

अब अगर ध्यान से देखें तो यह चुटकुला सिर्फ हंसाता नहीं है बल्कि किताबें न पढ़ने पर और किताबें पढ़ने को गलत समझने पर गंभीर टिप्पणी भी करता है कि ज्ञान से बचना ही एक बीमारी है।

एक और उदाहरण देखिए-

टीचर (छात्रों से)- बताओ अगर धरती से चांद पर एक सुरंग बना दी जाए तो क्या होगा?

एक और चुटकुला देखिए-

*नेता (बड़े जोशो खरोस से)- हमने देश बदल दिया*

*एक बच्चा (बड़ी मासूमियत से)- मम्मी ये तो वही नेता है, टीवी का चैनल बदलना होगा।*

मतलब यह कि यह व्यंग्य राजनीति पर है। बच्चा मासूम है, लेकिन उसकी बात में गहरा तर्क छिपा है। इन उदाहरणों से साफ झलकता है कि चुटकुले सिर्फ हंसी मजाक के लिए नहीं होते बल्कि चुटकुलों से गंभीर टिप्पणियां भी की जाती हैं। इसलिए 16 अगस्त को हर साल जो चुटकुला सुनाओ दिवस (टेल ए जोक डे) मनाया जाता है, वह सामाजिक रूप से बेहद उपयोगी और बेहद अनौपचारिक दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों के जीवन में हंसी और मुस्कान के साथ साथ हाजिर जवाबी को भी बढ़ाना है। खासकर ऐसे दौर में जब हर कोई तनाव, चिंता और भागदौड़ से बोझिल है। चुटकुला सुनाओं दिवस अपने आपमें एक राहत है।

यह दिन कब से शुरू हुआ और पहला ऐसा व्यक्ति कौन था, जिसने इस दिन को मनाये जाने की सोची, इस बात का तो पता नहीं है। क्योंकि इस दिन की शुरूआत कोई व्यवस्थित ढंग से नहीं हुई। हां, इतना जरूर है कि इस दिन की शुरूआत अमेरिका में सोशल मीडिया और रेडियो कार्यक्रमों की वजह से हुई। जहां बहुत से ऐसे कार्यक्रम होते हैं, जिनमें लोगों से आग्रह किया जाता है कि वे दूसरों को हंसाने के लिए कोई चुटकुला सुनाएं। क्योंकि चुटकुला या जोक एक ऐसी चीज है, जो किसी भी भाषा, संस्कृति या उम्र में तुरंत जुड़ाव बना सकती है। इसी सबको ध्यान में रखकर अमेरिका में हर साल 16 अगस्त को 'टेल ए जोक डे' घोषित किया गया ताकि लोग एक दूसरे से हंसी-मजाक करते हुए जुड़ें और तनावमुक्त रहें। मगर अब यह चुटकुला सुनाओ दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। अपने देश भारत में हालांकि अभी यह आमजन के बीच मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बना, लेकिन मुंबई, बंग्लुरु, चेन्नई, पुणे, दिल्ली और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में यह खूब लोकप्रिय हो गया है। शायद इसलिए क्योंकि इन देशों में स्टैंडअप कॉमेडी की परंपरा भी खूब मजबूत हो चुकी है। टीवी, रेडियो और सोशल मीडिया में हाल के सालों में बढ़ी कॉमेडी कल्चर के कारण भी यह दिन काफी लोकप्रिय हो गया है। इस दिन की उपयोगिता यही है कि वैज्ञानिक शोधों से यह बात स्पष्ट हो गई है कि हंसी एक मानसिक स्वास्थ्य की औषधि है। वैज्ञानिक शोधों के मुताबिक हंसना तनाव के हार्मोन कोर्टिसोल को कम करता है और खुशी के हार्मोन एंडोर्फिन को बढ़ाता है।

चुटकुला सुनने या सुनाने से हमारा मूड बेहतर होता है। डिप्रेशन या एंजाइटी से राहत मिलती है और जब इकट्ठे होकर लोग एक साथ हंसते-मुस्कुराते हैं तो लोगों के बीच एक सकारात्मक सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ता है। आजकल कार्य स्थलों, स्कूलों और बड़ी बड़ी पार्टियों में न सिर्फ लोग एक दूसरे को चुटकुला सुनाकर हंसी-मजाक करते हैं बल्कि इन कार्यक्रमों में चुटकुला सुनाने वाले लोग बुलाये जाते हैं। हाल के सालों में सोशल मीडिया में कॉमेडियन की जो इज्जत बढ़ी है, वह इस बात का सबूत है कि लोगों में चुटकुलों के प्रति आकर्षण और इज्जत दोनो है। चुटकुले गढ़ना सामान्य बात नहीं है। यह जबर्दस्त रचनात्मक प्रक्रिया है। चुटकुलों में सही शब्द, सही समय और श्रोताओं की सही समय पर की गई प्रतिक्रिया का जबर्दस्त महत्व होता है।

## आप की बात

### संविदा कर्मियों का शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### ग्लोबल वार्मिंग का संकट

जलवायु परिवर्तन का संकट अब सीधे-सीधे मानव समाज के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसलिए इससे निपटने, लोगों को जागरूक करने और सरकार के नियोजित प्रयासों की तुरंत जरूरत है। देश के कई इलाके जलवायु परिवर्तन के शिकार हैं सो संबंधित राज्यों को समय रहते इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, लेकिन इस संदर्भ में विशेष चेतना तथा कार्य प्राथमिकता बहुत कम राज्यों में दिखती है। लगभग सभी राज्यों के पास कथित तौर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने की ठोस योजनाएं है। बेशक कोई राज्य अतिवृष्टि, बाढ़ से अधिक प्रभावित होता है तो कोई सूखे, लू, बर्फबारी, भूस्खलन से, किसी को कोई अन्य पर्यावरणीय परेशानी है, सबब यह कि राज्यों की नीतियां भी उनके अनुरूप बनाई गई हैं। मगर जलवायु परिवर्तन एक मूल कारण है और बाकी उसके लक्षण, प्रकार या विभेद। राज्यों को प्रकार और विभेदों से निपटने की रणनीति के साथ मूल समस्या से लड़ने की भी मजबूत योजना बनानी होगी। लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे के इतने नजदीक आने के बावजूद ज्यादातर राज्य अपनी योजनाओं को लेकर बस कदमताल करते दिखते हैं। उन्हें अपने ही निर्धारित क्लाइमेट एजेंडा की गंभीरता के प्रति बहुधा उदासीन देखा गया है। वन हरित क्षेत्र को दूने से ज्यादा बढ़ाना, राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों और सूख चुके जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्राकृतिक वैकल्पिक समाधान देना, इनमें कितने राज्य सफल हो पाए। रसायन एवं खाद्य उद्योग में बायोमास, कोयला, बिजली, गैस फीडस्टाक, हाईड्रोजन, रिफाइंड लिक्विड आदि की वास्तविक खपत विभिन्न उद्योंगों में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल संबंधी आंकड़े और तय समय में उसकी कमी कौन आंक रहा है। ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में अधिकांश राज्यों का प्रदर्शन बहुत प्रशंसनीय नहीं है। स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, जलवायु परिवर्तन संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम और शैक्षणिक संस्थानों में क्षेत्र की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पढ़ाना हो या मवेशियों, पालतू पशुओं पर इसके प्रतिकूल प्रभावों पर व्यापक शोध कराना, कौन सा राज्य किस स्तर पर कर रहा है यह जांचने से निराशा हाथ लग सकती है। ग्लोबल वार्मिक के संकट को टालने के लिए अब ईमानदारी से और दूरगामी प्रयास की जरूरत है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## हार्ट अटैक पीड़ित महिला की बचायी जान

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में ईएमओ डॉ. आशुतोष प्रताप सिंह ने त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से एक हृदय रोगी की जान बचा ली। ननसा, थाना तारुन निवासी 48 वर्षीय माधुरी सिंह, पत्नी राज कुमार सिंह को सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. आशुतोष ने तुरंत कार्रवाई की और उनका ईसीजी कराया।

ईसीजी से पता चला कि माधुरी को हार्ट अटैक आया था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉ. आशुतोष ने तत्काल टेनेकटेप्लेस इंजेक्शन लगाया, जो हार्ट अटैक के मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है। इस प्राथमिक उपचार ने माधुरी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को स्थिर करने के लिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉ. आशुतोष की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की परिजनों ने सराहना की है।

# रामपथ से जमथरा घाट तक मार्ग का होगा सुंदरीकरण

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को नई पहचान देने का कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पौराणिक स्थलों को आपस में जोड़ने और उनके विकास के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में अब रामपथ को सीधे जमथरा घाट से जोड़ने की तैयारी तेज हो गई है। जो अब स्वीकृति मिल चुकी हैं।

- लोक निर्माण विभाग ने 3600.00 लाख की कार्ययोजना शासन को भेजी, स्वीकृति
- 1.55 मीटर में चौड़ीकरणउ और सौंदर्य करण का कार्य है प्रस्तावित
- छह मीटर चेड़े मार्ग को किया जाना है 10 मीटर

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत मछली मंडी होते हुए जमथरा घाट तक मार्ग का निर्माण, चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इस परियोजना के लिए 3600.00 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी थी जो स्वीकृति हो गई है। योगी सरकार अयोध्या को एक वैश्विक धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। बता दें की जमथरा घाट सरयू नदी के किनारे स्थित है। यह भगवान राम से जुड़ा पौराणिक महत्व का स्थल है। इस मार्ग के विकास से श्रद्धालुओं को इस पवित्र स्थल तक पहुंचने में आसानी होगी। प्रस्तावित योजना के तहत 1.55 मीटर सड़क पर कार्य प्रस्तावित है। मौजूदा छह मीटर चैड़े मार्ग को 10 मीटर तक विस्तारित किया जाएगा।

इस परियोजना का उद्देश्य न केवल यातायात को सुगम बनाना है, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए इस मार्ग को आकर्षक और सुविधाजनक बनाना भी है।

मछली मंडी से जमथरा घाट तक का यह मार्ग अयोध्या के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को और अधिक उजागर करेगा। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया की इस परियोजना के लिए 3600.00 लाख रुपये की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।

स्वीकृति मिल गई है, बजट अलॉटमेंट होने के बाद कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना में मार्ग के चैड़ीकरण, सड़क की गुणवत्ता में सुधार, स्ट्रीट लाइट्स, साइनेज, और हरियाली के लिए पौधरोपण जैसे कार्य शामिल हैं। मार्ग के दोनों ओर पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ और बैठने की व्यवस्था भी प्रस्तावित है।

जमथरा घाट मार्ग का यह विकास कार्य पूरा होने के बाद सरयू के इस पावन घाट तक पहुंचना आसान होगा। साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण में अपनी धार्मिक यात्रा का आनंद ले सकेंगे। वहीं विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक में इस प्रोजेक्ट की स्वीकृति मिला चुकी हैं।

## बाढ़ पीड़ित सोहावल में ले रहे शरण



**सोहावल-अयोध्या।** गोण्डा जनपद के बाढ़ से प्रभावित परिवार अब सरयू की धारा बढ़ने के साथ पानी से घिर जाने के चलते इन गांव के लोगों ने अब सोहावल में आकर अपना ठिकाना ढूंढना शुरू कर दिया है। ढेमवा पुल और बेनीपुर गांव के रामलीला मैदान में पशुओं को सुरक्षित कर पीड़ित ग्रामीणों ने अगल-बगल अपने सगे संबंधियों के यहां शरण ले ली है।

राहत और अस्थाई निवास पाने के लिए शासन से मदद की गुहार कर रहे हैं। ब्यौदा, साखीपुर, दत्तनगर और बहादुरपुर यह चार गांव गोण्डा जनपद की तरबगंज तहसील से जुड़े हैं। पिछले एक दशक से इनका आना-जाना रहन सहन सोहावल से होता रहा है। बाढ़ आने के बाद इन्हें तहसील प्रशासन द्वारा समय-समय पर सुविधा दी जाती रही हैं ।गोण्डा प्रशासन का रास्ता जलमग्न होने के चलते इन्हे मिलने वाली मदद इन तक समय से नहीं पहुंच पाती है ।जिसके चलते यहां के ग्रामीण बड़ी संख्या में ढेमवा घाट की तरफ आ जाते हैं ।इन्हे राहत और बचाव का इंतजार रहता है। रविवार को इन गांव से जुड़े पीड़ितों ने ढेमवा पुल की सीमा सहित रौनाही के बेनीपुर रामलीला मैदान में अपने पशुओं को लेकर सुरक्षित स्थान पर बाँधा है। जँहा चारे की खोज मे भटक रहे है ।ब्यौदा निवासी पीड़ित सरजू, मोहन, जगदम्बा, झगरू, आदि ने बताया महिलाओं और बच्चों को इस पार लाया गया है। सुरक्षित आवास मिलते ही पुरुष भी भाग आएंगे। गोण्डा प्रशासन जल स्तर ज्यादा बढ़ जाने के चलते इन तक आसानी से नहीं पहुंच पाता है ।इनको सोहावल तहसील से ही मदद का इंतजार रहता है। ढेमवा पुल के उत्तरी छोर से जाने वाले स्टीमर यात्रियों को अब ब्यौदा गांव के पास ही छोड़ रहे हैं।

## यात्रियों में जल-मिष्ठान वितरण कर हुआ रेलमेध यज्ञ का समापन



**बाराबंकी।** रेलमेध यज्ञ के इतने बड़े आयोजन में सभी धर्मसेवकों का सराहनीय प्रयास है। बिना धर्मसेवकों के सहयोग के जनपद के सभी 19 रेलवे स्टेशनों पर लगातार चैथे वर्ष कार्यक्रम कर पाना असंभव है। उक्त विचार धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र द्वारा जल सहित मिष्ठान वितरण अभियान समापन कार्यक्रम के दौरान संयोजक अमित अवस्थी ने जंहागीराबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे जल-मिष्ठान वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच व्यक्त किये। इस मौके पर सुरेश चंद्र गौतम, रंजीत वर्मा, बृजनाथ शुक्ल, आदर्श वर्मा, आर0डी राव, मयंक वर्मा, हेमराज रावत, राज वर्मा, शशि रावत, प्रियांशु रावत मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग मे डीएम के प्रयास से विकास कार्यो को मिला 9वां स्थान

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद के सभी अधिकारियों के प्रयासों से सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में गत माह के सापेक्ष व्यापक सुधार होते हुये इस माह 9वीं रैंक प्राप्त हुई। जबकि गतमाह जनपद की रैंकिंग 47 थी। इस माह जनपद की राजस्व व विकास कार्यों की सम्मिलित रैंक 11वीं व गतमाह 25वीं रैंक थी। जिलाधिकारी ने जिले के सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और प्रयास करें, जिससे कि हमारा जनपद सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पा सके। बताते चले कि सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की 54 परियोजनाओं को ह्लएह्व ग्रेड, 8 परियोजनाओं को ह्लबीह्व ग्रेड और 3 परियोजनाओं को ह्लसीह्व ग्रेड प्राप्त हुआ।

## जेल में निरुद्ध बंदियों की उनके परिजनों से करायी गयी मुलाकात



**बहराइच।** अधीक्षक कारागार ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार रक्षाबंधन के पर्व पर कारागार में निरूद्ध बंदियों में से लगभग 250 बंदियों की मुलाकात उनके परिजनों (लगभग 600 लोग) से हर्षोल्लास पूर्वक करायी गयी। इस अवसर पर उ.प्र. जिला अपराध निरोधक समिति बहराइच के सदस्यों संरक्षक एस.पी. मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शेर सिह कसौधन, जिला सचिव, जेल विजिटर केशव कुमार मौर्या, जिला सचिव विनोद कुशवाहा द्वारा कारागार के बाहर समस्त मुलाकातियों को मिष्ठान, फल, चाय, पानी आदि वितरित किया गया। साथ ही उनके द्वारा कारागार में निरूद्ध समस्त महिला बंदियों को एवं लगभग 100 पुरूष बंदियों को दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में जेल के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उक्त समस्त कार्यक्रम कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

# प्रमुख सचिव के आदेश को सीएमएस ने हवा में उड़ाया

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई है।

- रक्षाबंधन की छुट्टी के चलते रविवार को खुलना था अस्पताल कार्यालय
- नहीं खुला अस्पताल का कार्यालय



प्रमुख सचिव द्वारा रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन रविवार को अस्पताल और कार्यालय खोले जाने संबंधी उस आदेश को 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के सीएमएस ने हवा में उड़ा दिया और अस्पताल कार्यालय खोले जाने की तो बात दूर स्वयं भी अस्पताल एवं आवासीय परिसर से गायब रहे ।बताते चलें कि बीते 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व था। जिसमें सरकारी अवकाश पहले से ही घोषित था। रक्षाबंधन के छुट्टी के बाद 10 अगस्त रविवार को अस्पताल एवं कार्यालय खोले जाने का आदेश प्रदेश के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा बीते 7 अगस्त को जारी किया गया था। लेकिन 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के सीएमएस को उस आदेश का तनिक भी ख्याल नहीं रहा और उस आदेश का पालन संयुक्त चिकित्सालय में नहीं हो सका। 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में तैनात सीएमएस डॉ रवि पाण्डेय के कार्यालय में रविवार को सुबह से ही ताला लटका रहा। और तो और अस्पताल में ओपीडी भी बंद रही।हालांकि अस्पताल में केवल इमरजेंसी सेवाएं ही उपलब्ध रही।अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही एवं मनमानी को मीडिया कर्मियों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। जिसके बाद सोशल साइटों पर अस्पताल कर्मियों की मनमानी पर जोरदार तरीके से उजागर हुई।

## काकोरी के शहीदों को किया नमन

**अयोध्या।** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा कि जिला प्रशासन ने काकोरी एक्शन का शताब्दी दिवस मनाने में अशफाक उल्ला खां के अलावा अन्य तीन शहीदों को भुला दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने केवल शहीद कक्ष जिला जेल तक अपने को सीमित कर लिया।श्री पाण्डेय काकोरी एक्शन शताब्दी दिवस पर जिला जेल स्थित अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शहीद उद्यान में स्थापित काकोरी के तीनों अन्य शहीदों राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह तथा राजेन्द्र लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## डीएम व एसपी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुये राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ पीड़ितो की समस्याओ को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील सिरौली गौसपुर अंतर्गत ग्राम कोठरी गौरिया, करौनी एंव तेलवारी, तहसील रामसनेहीघाट के ग्राम गुनौली, जलालपुर तराई, ढेमा, कोयलावर और टिकरी नाव के सहारे पहुँच ग्रामीणों से पशुओं के लिए भूसे की आपूर्ति बढ़ाने तथा आवागमन हेतु नावों की संख्या में वृद्धि की समस्याओ को सुन सम्बधितो को निर्देशित किया। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम रामसनेहीघाट को मझोली और बड़ी नावों की संख्या तत्काल बढ़ाये जाने, संबंधित गांव के लेखपाल और कानूनगो को गांव में कैंप कर लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेने और फसल क्षति का सर्वे कर शीघ्र मुआवजा दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित गांवों में मेडिकल टीम तैनात करने और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भूसे एवं साइलेंज की आपूर्ति गांव तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सुरक्षित स्थलों पर रह रहे ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं एवं प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी से अपील की कि बाढ़ के दौरान निर्धारित बाढ़ शरणालयों में रहकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# जल शक्ति मंत्री ने जलभराव व कटान क्षेत्रों का किया भ्रमण



**बहराइच।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) श्री स्वतन्त्र देव सिंह ने तहसील महसी के ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी पहुंच कर जलभराव व कटान से प्रभावित लोगों के साथ संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी एहतियाती कदम उठायें जायें तथा बाढ़ पीड़ितों की हर संभव सहायता प्रदान की जायें। पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा के दौरान राहत व बचाव के कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी ।जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर कम हो गया है ऐसे ग्रामों की पर्याप्त साफ-सफाई कराकर वहां पर फागिंग के साथ-साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव करा दिया जाय। प्रभावित क्षेत्रों में मानव व पशुओं के चिकित्सा के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायें। बाढ़ के उपरान्त किसी भी क्षेत्र में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सभी एहतियाती उपाय करें। प्रभावित क्षेत्रों में बुखार, डायरिया आदि बीमारियों की दवाओं की किट का वितरण सुनिश्चित कराया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र की जनता को उपलब्ध करायी जायें। श्री सिंह ने कहा कि जल भराव के कारण प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए सम्पर्क मार्गों का दुरूस्तीकरण करा दिया जाये ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो ।पचदेवरी के भ्रमण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने पूर्व में कराये गये कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्रामवासियों से फीड बैक प्राप्त किया। ग्रामवासियों ने बताया कि वर्ष 2023 में कराये गये कटानरोधी कार्यों के कारण यहां पर कटान रूक गया है। जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अन्य के साथ बाढ़ व कटान प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी महसी नोडल सरजू नहर दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## निर्माण के छः माह में ही धंसी सड़क



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में एनएच 27 पर सहादतगंज में बने फ्लाई ओवर की सड़क धसने व रेलिंग क्रेक होने की सूचना मिलते ही सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद सांसद अवधेश प्रसाद एनएचएआई पर गंभीर आरोप लगाए। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा फ्लाईओवर के निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है। फ्लाईओवर और लगभग 22 किलोमीटर सड़क निर्माण में डेढ़ सौ करोड रुपए डेढ़ सौ करोड़ रुपए खर्च हुआ। फ्लाईओवर और सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का नतीजा है कि 6 महीने के अंदर ही सड़क धंसी और फ्लाई ओवर की रेलिंग में दरार आई है। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा की इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाएंगे। आपको बता दें कि कार्यदाई संस्था हार्दिक कंस्ट्रक्शन द्वारा फ्लाईओवर और सड़क का निर्माण किया गया। सांसद अवधेश प्रसाद मिश्रा की भ्रष्टाचार का नतीजा है कि सड़क धंसी है और फ्लाईओवर की रेलिंग में दरार आई है, कभी कोई दुर्घटना हो सकती है। निरीक्षण के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद ने जिलाधिकारी अयोध्या से दूरभाष पर बात कर रूट डायवर्ट कर सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराए जाने की बात कही। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, कुंवर बहादुर सिंह, छोटे लाल यादव, सीताराम आदि उपस्थित रहे।

## बोल बम कांवरिया संघ की बैठक आयोजित



**बहराइच।** आज दिनांक 10 अगस्त 2025 को मां महिषासुर मर्दनी मंदिर जोशिया पुरा में बोल बम कांवरिया संघ की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें दिनांक 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को कजरी तीज के शुभ अवसर पर निकलने वाली कांवड़ यात्रा पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर मुझे बोल बम कांवरिया संघ जनपद बहराइच का प्रबंधक नियुक्त किया गया, आप सभी सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियो का हृदय से कोटि कोटि धन्यवाद दिया।

## धूल रहित थ्रेशर मॉडल तैयार का दूरदर्शी सोच का किया अविष्कार: सरदार कंवर सिंह



**बाराबंकी।** जापान में भारत का नाम रौशन करने वाली बाराबंकी की बेटी की वैज्ञानिक सोच के चलते आज पूरे विश्व में कम लागत वाला धूल रहित थ्रेशर मॉडल का एक बड़ा आविष्कार हुआ है। जिसको दिल्ली में पेटेन्ट किया जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाली बाराबंकी के ग्राम डलपुरवा की होनहार बेटी पूजा पाल की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। उक्त विचार आदि शक्ति सेवा संस्थान के बैनर तले संरक्षक सरदार कंवर सिंह पीयूष के नेतृत्व में बुद्धिजीवियो व समाजसेवियो ने होनहार छात्रा को उपहार स्वरुप किताबों को रखने के लिये एक अलमारी भेट की। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य वी0पी सिंह ने परिवार की प्रशंसा करते हुए परिजनो को बधाई दीऔर होनहार बालिका के छोटे भाईयो व बहनो के बेहतर शिक्षा दिलाये जाने का आश्वासन भी दिया। तो वही मौजूद पं0 प्रत्यूष कांत शुक्ला ने कहा कि ग्राम डलपुरवा की होनहार बालिका पूजा पाल ने न केवल कम लागत वाला धूल रहित थ्रेसर मॉडल तैयार कर एक दूरदर्शी सोच का आविष्कार किया है। बल्कि पर्यावरण और कृषकों के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण भी यह आविष्कार अत्यंत उपयोगी है। इस मौके पर एड्वोकेट सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, रवि धीमान आदि मौजूद रहे।

- आदि शक्ति सेवा संस्थान ने होनहार बेटी पूजा पाल को उपहार में दी अलमारी

# उ. प्र.अपराध निरोधक समिति ने जिला कारागार में किया सेवा शिविर आयोजित

**बहराइच।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को जिला कारागार में अनोखे अंदाज में मनाया गया। आपको बताते चलें उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में लोकप्रिय लोकप्रिय, यशस्वी चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच इकाई द्वारा जिला सचिव /जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्य उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन के कुशल नेतृत्व में बहनों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इरशाद हुसैन संतोष कुमार मिश्रा अतहर अली अंजन का भरपूर सहयोग रहा इस भव्य कार्यक्रम में कैदियों से मिलने आई बहनों के लिए जिला कारागार बहराइच के बाहर शीतल जल व नाश्ते की विशेष व्यवस्था समिति द्वारा करवाई गयी कार्यक्रम का उद्घाटन जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान डिप्टी जेलर रंजीत सिंह, अंकित कुमार एवं श्रीमती माधुरी तिवारी रही आए हुए सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर एवं बुकें देकर स्वागत किया गया जेल अधीक्षक को समिति द्वारा वार्षिक सेवा पथ पुस्तक दर्पण देकर सम्मानित किया गया बहनों को भी फल व नाश्ता वितरित कर फूल वाला पहनाकर कर उन्हें सम्मानित किया ।कार्यक्रम के अंतर्गत जेल में बंद महिला कैदियों को समिति की ओर से लगभग 100 साड़ियां, सूट, बिस्किट, मंजन, ब्रश, साबुन, शैम्पू, सर्फ आदि से युक्त 100 किट भेंट की गईं। पुरुष कैदियों और उनके बच्चों को भी टी-शर्ट 10 कापी गायत्री परिवार से संबंधित कैदियों के लिखने के लिए शेर सिंह कसौधन द्वारा वितरित किया

- बहनों के लिए सूक्ष्म जलपान कैदियों को बांटी टी-शर्ट साड़ियां व उपयोगी किट



इस अवसर पर बहनों ने अपने भाई कैदियों को राखी बांधकर उनकी सलामती की दुआ की, वहीं भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इसी क्रम में महिला सिपाहियों ने अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारीयों को रक्षा बांधकर आशीर्वाद दिया अंत में जेल अधीक्षक समिति के इस मानवीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया भारत माता की जय वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर संरक्षक एसपी मिश्रा बहराइच श्याम कुमार मिश्रा महबूब अहमद मोहम्मद कौसर केसरी प्रसाद सोनी रमेश कुमार मिश्रा सीताराम शर्मा विनोद कुशवाहा राजेश कुमार शर्मा मुन्नालाल आदि है।

## सोराबजी पोचखानावाला की मनयी गयी जयंती

**अयोध्या।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अवध विश्वविद्यालय के ब्रांच में शुक्रवार को संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रतीक भारद्वाज ने बैक कर्मियों के साथ सोराबजी पोचखानावाला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

शाखा प्रबंधक भारद्वाज ने बताया कि सर सोराबजी ने 1911 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना कर भारतीयों के लिए बैंकिंग सेवा का नया युग आरंभ किया।

यह उस समय का पहला बैंक था जिसे पूरी तरह से भारतीय पूंजी और प्रबंधन द्वारा संचालित किया गया।

उन्होंने बताया कि सर सोराबजी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और वित्तीय नवाचारों के माध्यम से बैंकिंग को आमजन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में शाखा उप प्रबंधक हेमलता, अमरजीत सिंह, आरपी यादव, सुधीर त्रिपाठी, कृष्ण चन्द्र यादव ने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया और सर सोराबजी पोचखानावाला के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर बैंक के कर्मियों एवं ग्राहकों की उपस्थिति रही।

## महामंडलेश्वर रवि गिरि ने सिंगल होम कलर वुड स्टोर का किया भव्य शुभारंभ

**बहराइच।** बलरामपुर रोड पर स्थित सिंगल होम प्रतिष्ठान पर कलर वुड स्टोर का भव्य शुभारंभ महामंडलेश्वर 1008 रवि गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में श्रावण मास पर शिव मंत्र उच्चारण के बीच फीता काट कर उद्घाटन किया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमैन श्रीमती सुधा टेकरीवाल और वरिष्ठ समाजसेवी व सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिल केडिया उपस्थित थे। जिन्होंने सिंगल परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

सिंगल होम बाजार के प्रोपराइटर श्री अनिल सिंघल और श्री सुनील सिंघल ने बताया कि आम जनमानस को निम्न से निम्न दर पर सामान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने अपने पूर्व से स्थापित स्टोर के साथ ही कलर वुड स्टोर का शुभारंभ किया है। इस स्टोर में उच्च गुणवत्ता वाले कलर पेंट न्यूनतम दर पर उपलब्ध होंगे ।समाज के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में सिंगल परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

कई बुजुर्गों ने भी परिवार को आशीर्वाद दिया। सिंगल होम प्रतिष्ठान के इस नए स्टोर के शुभारंभ से आम जनमानस को लाभ होगा और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले कलर पेंट न्यूनतम दर पर उपलब्ध होंगे। इस कार्यक्रम में कुलभूषण अरोड़ा, विनोद कुमार अग्रवाल, कैलाश जालान, ज्ञानी जी अग्रवाल, रामेश्वर रस्तोगी, आकाश सिंघल, गुड्डू जी सिंघल, प्रदीप केडिया, सुशील ड्रोलिया, उमेश बंसल, दिनेश मंडेलिया, महेश गुप्ता पत्रकार आदि लोगों ने हिस्सा लिया

## हर घर तिरंगा बाइक रैली आज

**बहराइच।** प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त तक 03 चरणों में घर तिरंगा अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं।

अभियान के द्वितीय चरण में 11 अगस्त 2025 को ह्यह्यहर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत अपरान्ह 04:00 बजे पुलिस लाईन से स्वर्गीय छाकुर हुकुम सिंह किसान स्नात्कोत्तर महाविद्यालय तक हर घर तिरंगा बाईक रैली निकाली जायेगी। यह जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया कि बाईक रैली के सफल आयोजन हेतु प्राचार्य केडीसी, कमाण्डेन्ट होमगार्ड, जिला क्रीड़ाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# सदर विधायक अदिति सिंह ने सुनीं जनता की समस्याएं



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अपने लालपुर चैहान स्थित आवास पर एक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था। जनसुनवाई के दौरान विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इनमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं, और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं को खुलकर बताया, जिसका विधायक ने संज्ञान लिया।

अदिति सिंह ने न केवल जनता की बात सुनी, बल्कि संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिकायतों का निवारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हो, ताकि जनता को किसी भी तरह की असुविधा न हो। अदिति सिंह ने कहा, जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है। जनसुनवाई के माध्यम से मैं न केवल लोगों की समस्याओं को समझने का प्रयास करती हूं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हूं कि उनका समाधान जल्द से जल्द हो। हमारा संकल्प है कि रायबरेली के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन मिले।

● त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

### निषाद पार्टी ने अदिति सिंह को सौंपा मांग पत्र

**रायबरेली।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के सदस्यों ने रविवार को रायबरेली के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सदर विस क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मांगों से संबंधित एक पत्र सौंपा, जिसमें पिछड़ी जाति प्रमाण पत्रों के दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। निषाद पार्टी ने इस मुद्दे को आगामी विधानसभा सत्र में उठाने का अनुरोध किया, जिस पर अदिति सिंह ने संविधान सम्मत तरीके से इस विषय को सदन में रखने का आश्वासन दिया। निषाद पार्टी के सदस्यों ने मांग पत्र में बताया कि विभिन्न जातियों को उप्र की पिछड़ी जाति सूची से हटाए जाने के बावजूद, कुछ लोग गलत तरीके से पिछड़ी जाति के प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को अनुचित और अन्यायपूर्ण करार देते हुए कहा कि इससे उन समुदायों के अधिकारों का हनन हो रहा है, जो वास्तव में पिछड़ी जाति की श्रेणी में आते हैं।

# युवक पर बांके से हमला एक की मौत, दो घायल

**अमेठी।** जनपद के थाना क्षेत्र संग्रामपुर के मिसरौली बड़गांव में शनिवार देर रात बाइक से जा रहे युवक का रास्ता रोककर धारदार हथियार से हमला कर दिया युवक की चीख पुकार सुन बीचबचाव करने पहुंची माता और भाई पर हमला कर दिया, युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई घटना में दोनों पक्षों से 6 लोग घायल हुए है पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर छह लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

संग्रामपुर के मिसरौली बड़गांव निवासी कालूराम उर्फ कल्लू यादव शनिवार देर शाम बुलेट बाइक से घर आ रहा था रास्ते में मातादीन अमर बहादुर, सुरेंद्र, जितेंद्र विक्रम, रितिन ने रास्ता रोक लिया जब तक कल्लू यादव कुछसमझ पाते उक्त लोगों ने बाइक की चाबी निकालकर धारदार हथियार से हमला कर दिया घटना में कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया हमले की चीख सुन बेटे को बचाने पहुंची मां कलावती और छोटे भाई लल्लू यादव पर हमला कर दिया घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी इसके अलावा ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को भी काल किया पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी संग्रामपुर लाया गया हालत गंभीर देख कल्लू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। माता कलावती व लल्लू का इलाज सीएचसी में चल रहा है रविवार दोपहर दोनों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया दूसरे पक्ष से सुरेंद्र यादव, अमर बहादुर यादव, मातादीन को चोटें आई है। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। छह माह पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी इसी रंजिश में हमले का अंदेशा है। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई लल्लू यादव की शिकायत पर मातादीन यादव, अमर बहादुर, सुरेंद्र, जितेंद्र, विक्रम, रितिन के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है।

मृतक के भाई लल्लू का आरोप है कि एम्बुलेंस डेढ़ घंटे बाद घर पहुंची हम लोग अस्पताल लेकर यहाँ डॉक्टर नही थे कोई इलाज नहीं किया कहा गया कि असैदपुर ले जाओ आरोप है कि डॉक्टर रहते इलाज किया जाता तो भाई की जान बच सकती थी। आरोपितों के घर के सामने से खड़ंजा है उसी रास्ते से मेरा बेटा आता जाता रहता था इसी का फायदा उठाकर अपने घर के सामने हमला किया गया उसे घसीटकर अपने घर मे लेकर चले गये मैं और मेरा बेटा बचाने पहुंचे हम लोगो को मारा गया कल इन लोगो ने योजना बनाकर बड़े बेटे की हत्या की है।

# चंदन हत्याकांड : शरण देने वाले के घर चला बुलडोजर



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** चंदन शर्मा हत्याकांड में हत्यारोपियों को शरण देने और पुलिस टीम पर हमला करने के आरोपी बझना गांव निवासी प्रेम कुमार पुत्र राम जगत यादव पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। आरोप है कि प्रेम कुमार ने गांव के खलिहान (गाटा संख्या 512) पर अवैध रूप से पशुशाला और छप्पर बनाकर कब्जा कर रखा था, साथ ही उसी गाटे में बने मकान का सहन-दरवाजा भी खोल लिया था। तहसीलदार मयंक मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ढहाया और कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण की अगुवाई में की गई, जिसमें जयसिंहपुर पुलिस भी मौजूद रही। गौरतलब है कि 1 अगस्त को हुए चंदन शर्मा हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने गई पुलिस टीम पर आरोपी पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया था। इसमें प्रेम कुमार का नाम भी सामने आया था, जिस पर हत्यारोपियों को पनाह देने और पुलिसकर्मियों पर हमले का आरोप है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि ऐसे अपराधियों और उनके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पति पर चाकू से हमलाकर काटा गुप्तांग

**जगदीशपुर, अमेठी।** पति पत्नी के रिश्ते को तार-तार करने वाली घटना उस वक्त सामने आई जब बेवफा पत्नी ने अपने ही पति पर चाकू से हमला कर प्राइवेट पार्ट को काट कर अलग कर दिया चीख पुकार सुनकर दौड़े परिजन मौके का नजारा देख दंग रह गए घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मैगलगंज मजरे कचनाव गांव निवासी अंसार जिसकी दो पत्नियां थी इसी कारण पति पत्नी मे अक्सर विवाद होता रहता था अंसार की दूसरी पत्नी नाजनी बानो भोर तड़के किन्ही कारणों को लेकर पति अंसार पर चाकू से हमला करके उसका प्राइवेट पार्ट काटकर अलग कर दिया चीख पुकार सुनकर परिजन दौडे तो दिल दहला देने वाली घटना देखकर होश उड गए घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने हालत गंभीर देख एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। घटना की तहरीर घायल के भाई द्वारा थाने मे देने के पश्चात पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच पडताल मे जुट गई। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाली महिला को चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

संक्षेप

## भक्तों ने किया ॐ नमः शिवाय का जप

**भेटुआ, अमेठी।** शिव भक्तो का एक जत्था श्री केदारनाथ धाम को टिकरी गाँव से गया था वहाँ से सकुशल वापसी के बाद सावन माह के आखिरी दिन शिव भक्तो ने ॐ नमः शिवाय पंच्चाछरी मंत्र का जप प्रारम्भ किया। यह जप चौबीस घंटे तक शिव भक्तो ने किया। जप समाप्ति के बाद हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन आज किया गया है। इस मौके पर दिलीप अग्रहरि,शुभम अग्रहरि, सोनू अग्रहरि रमेश कुमार, अजय कुमार, जिलेदार,दिनेश कुमार ,विपिन कुमार पुन्नू,बनवारी लाल,राम लाल जगन्नाथ आदि मौजूद रहे।

## समोसे में मिली मरी हुई मक्खी

**हरचंदपुर, रायबरेली।** कस्बे में स्थित स्टेशन रोड पर विकास खंड कार्यालय के पास श्याम स्वीट्स एंड नमकीन की दुकान पर एक अप्रिय घटना सामने आई। रविवार को एक ग्राहक को समोसे में मरी हुई मक्खी मिली। हरचंदपुर कस्बे के निवासी विक्रम चैरसिया कुछ लोगों के साथ श्याम स्वीट्स पर समोसा खाने गए थे। विक्रम ने बताया कि जैसे ही उन्होंने समोसा तोड़ा, उसके अंदर एक मरी हुई मक्खी निकली। इस कारण उन्हें समोसा फेंकना पड़ा और उन्होंने तुरंत दुकानदार को इस बारे में सूचित किया। विक्रम ने बताया कि समोसे का सेवन करने के बाद उनका जी मिचलाने लगा था। उन्होंने कहा कि खाने-पीने की वस्तुएं स्वच्छ और सुरक्षित होनी चाहिए। इस घटना के बाद श्याम स्वीट्स के मालिक ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि संभवतः धोखे से मक्खी अंदर चली गई होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी।जब इस मामले के बारे में फूड अधिकारी डॉक्टर सौरभ उत्तम से जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इसकी जांच कराएंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

## लाठी-डंडों व रॉड से किया जानलेवा हमला

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** मोतिगरपुर के आहिरौली में एक प्रौढ़ पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला किया गया, जिससे वह बेहोश हो गया। हमलावरों ने हमले से पहले और बाद में फोन पर धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के आहिरौली गांव में एक प्रौढ़ पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया गया। जिससे युवक बेहोश हो गया। आरोप है कि आरोपितों ने हमले से पहले और बाद में फोन पर धमकी भी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, वैभव चैबे निवासी आहिरौली ने थाना मोतिगरपुर में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता महेन्द्र कुमार चैबे रविवार की सुबह शौच के बाद अपने घर लौट रहा था। गांव में ही बाबूलाल यादव के घर के सामने पहुँचा था कि पुरानी रंजिश को लेकर अचानक चार युवक आए और लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जमीन में गिराकर घसीटते हुए बेरहमी से पीटा।

# युवक की प्रेम-प्रसंग में गोली मारकर हत्या

**सुलतानपुर (वीओएल)।** शौच के लिए गए युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। फायरिंग की आवाज पर दौड़े परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को लेकर जिला अस्पताल गई। जहा चिकित्सक ने मृत घोषित करते हुए शव मर्चरी में रखवा दिया।

मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के चेरी मिश्र का पुरवा भंडरा परशुरामपुर गांव से जुड़ा है। जहां रविवार को सुबह गांव निवासी नवनीत कोरी (22) पुत्र शंकर शौच के लिए घर से चंद कदम दूरी पर खेत में गया था। तभी आरोप है कि गांव निवासी जिस युवती शिवानी से नवनीत ने प्रेम विवाह किया था उसी के पिता शिवलाल पुत्र सार्जन ने नवनीत को पीछे से पकड़ा और भाई रजनीश पुत्र शिवलाल ने उसे गोली मार दी। गोली की आवाज सुन नवनीत के भाई आनंद कुमार सहित परिजन मौके पर पहुंचे। आनंद ने घटनास्थल से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नवनीत को लेकर जिला अस्पताल गई। जहा चिकित्सक ने मृत घोषित कर शव मर्चरी में रखवा दिया।



घटना की तहरीर मृतक नवनीत के बड़े भाई आनंद ने पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक नवनीत गांव निवासी युवती शिवानी (20) पुत्री शिवलाल को तीन माह पहले भगा ले गया था और मंदिर में शादी के बाद गांव में पति पत्नी की तरह निवास कर रहा था। इसी बात से युवती का भाई नाराज था और हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। मृतक तीन भाई आनंद कुमार, नवनीत व अंशु थे। एक बड़ी बहन बीनू (25) की शादी हो चुकी है जबकि एक छोटी बहन रेनू अविवाहित है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा, सीओ सिटी प्रशांत सिंह व एएसपी अखंड प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमें गठित कर आरोपियों को गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक बंधुआ कला धर्मवीर सिंह, थानाध्यक्ष धम्मौर अंजू मिश्रा सहित महिला थाने की पुलिस तैनात है।

हत्याकांड के बाद घर बंद कर आरोपी के परिवारजन फरार हो गए। आरोपी रजनीश ट्रक पर खलासी का कार्य करता है। जो राखी के दिन घर आया था। उसका बड़ा भाई राजू परदेश में रहता है, जबकि पिता शिवलाल (65), पत्नी व छोटे बेटे राजन के साथ घर रहता है। उसकी दोनो दो बेटियों राधा व रानी की पहले ही शादी हो चुकी है। तीसरी शिवानी गांव निवासी युवक नवनीत के साथ भागकर शादी कर ली थी।

अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक युवक गांव की युवती को भगाकर शादी किया था। इसी लिए युवती के भाई ने हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। मृतक युवक के भाई आनंद की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुड़वार पुलिस के साथ स्वाट टीम को लगा दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

प्रेमी/पति की हत्या से आहत युवती शिवानी ने प्रेमी के घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष धम्मौर अंजू मिश्रा व महिला थाने की टीम ने दरवाजा तोड़कर युवती की जान बचाई। प्रेम में पागल युवती को अब जीवन में अंधेरा ही दिख रहा है। क्योंकि मायके से भाग कर आई थी और प्रेमी की हत्या हो गई।

## नहरों का संचालन अस्थायी रूप से बंद आगामी सूचना तक रहेगा प्रभावी

**अमेठी।** शारदा सहायक खंड-41 के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने जनपद के सभी सम्मानित कृषकों को अवगत कराया है कि 6 अगस्त को शारदा बैराज के डाउनस्ट्रीम का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से अधिक हो जाने के कारण नहरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, रेगुलेशन मैनुअल के अनुसार शारदा सहायक पोषक नहर को शीर्ष से प्रातः 10:00 बजे से बंद कर दिया गया था। इस निर्णय के फलस्वरूप जनपद अमेठी की नहरों में पानी का संचालन 10 अगस्त 2025 से पूरी तरह बंद हो गया है। आगामी नहर संचालन की तिथि एवं समय की सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी। सिंचाई विभाग ने किसानों से अपील की है कि सिंचाई संबंधी शिकायतें या मांगें टोल-फ्री नंबर 1800-180-55450 पर दर्ज कराएं।

## मुठभेड़ में 5 गौ-तस्कर गिरफ्तार, एक घायल

**रायबरेली।** जिले के हरचन्दपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान 5 अन्तर्जनपदीय गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को गोली लगने से घायल होने की खबर है, जबकि पुलिसकर्मी पूरी तरह सुरक्षित हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान की गई। हरचन्दपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गौ-तस्कर क्षेत्र में पशु चोरी की योजना बना रहे हैं। इसके आधार पर पुलिस ने हिलगी नहर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, लेकिन तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा के लिए फायरिंग की, जिसमें एक तस्कर, मकसूद पुत्र निजामुद्दीन, के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे तत्काल जिला अस्पताल रायबरेली में उपचार के लिए भेजा गया। मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। मामले में पुलिस ने रामभवन यादव, पुत्र श्याम लाल यादव, निवासी ग्राम बनकटवा, थाना अमेठी जनपद अमेठी, हरिप्रसाद पुत्र रामदेव मोर्या, निवासी ग्राम गंगापुर भुलिया, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर, वैभव मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा निवासी ग्राम बलभद्रमिश्र का पुरवा, थाना कुड़वार, जनपद सुल्तानपुर, राकेश यादव, पुत्र हनुमान यादव, निवासी ग्राम बनकटवा मजरे ज्ञानपुर, थाना अमेठी, जनपद अमेठी, मकसूद, पुत्र निजामुद्दीन, निवासी ग्राम मनियारपुर, थाना बन्धुआकला,जनपदसुल्तानपुर को बोलेरो मैक्स पिकअप (यूपी 45बीटी 1726), बरामद किया है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** जयसिंहपुर क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा जयसिंहपुर तहसील मुख्यालय से शुरू होकर बरौंसा बाजार तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों और जयकारों के साथ कदमताल करते नजर आए। यात्रा के दौरान विधायक राज प्रसाद उपाध्याय श्राजबाबूश ने बाजारवासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा, 15 अगस्त को हम स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी के अभियान से जुड़कर गांव-गांव लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा झंडा लहराना चाहिए।



**तिरंगा यात्रा में विधायक ने किया बाइक क्षेत्र भ्रमण, लहराया झंडा**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** मोतिगरपुर बाजार में रविवार को भाजपा मण्डल विनय प्रजापति के संयोजन में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह ने बाइक यात्रा कर तिरंगा झंडा फहराकर कर वंदे मातरम का उद्घोष कर क्षेत्र भ्रमण किया। रविवार को आयोजित तिरंगा यात्रा में विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा देश की आजादी में शहीद सपूतों का सपना डबल इंजन की सरकार साकार कर रही है। शहीदों का अखंड भारत का सपना पूरा करने के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है। प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह ने कहा युवा के कंधो पर देश के सपूतों का संजोया गया अखंड भारत का सपना पूरा करने की जिम्मेदारी है। तिरंगा यात्रा मोतिगरपुर हास्पिटल से शुरू होकर दियरा बाजार, दियरा चैराहा, पाण्डेय बाबा बाजार, ढेमा, में भ्रमण कर वंदे मातरम, भारत मां के जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा। तिरंगा यात्रा में डॉ. आरके विश्वास, सजय तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, प्रकाश नारायण सिंह, अनुभव अग्रहरि, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध यादव, संतोष मिश्र, पिंटू सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

**द्वारिकागंज से गुप्तारगंज बाजार तक निकाली गई तिरंगा यात्रा**

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** रविवार को तिरंगे के सम्मान में द्वारिकागंज पुलिस चौकी से कटका बाजार होते गुप्तारगंज बाजार तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यहां भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारे से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा। कटका मंडल अध्यक्ष पं प्रदीप शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री भाजपा संदीप सिंह सहित मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा इस प्रकार के आयोजन से नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना मजबूत होगी, साथ ही आजादी के महत्व को याद रखने की प्रेरणा मिलेगी। तिरंगा यात्रा में कृष्ण कुमार उर्फ छोटा योगी,जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, प्रधान जमुना सिंह, कटका मंडल महा मंत्री, राजेश पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री रामलली तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## हादसे में एक युवक की मौत दूसरे का इलाज जारी

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के सिद्दीगनेशपुर के समीप बीती शनिवार रात लगभग 10 बजे हुए सड़क हादसे में घायल दो युवकों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज जारी। जानकारी के अनुसार कूरेभार कस्बे के लक्ष्मी मार्केट निवासी गणेश कुमार (25) पुत्र स्व. राम सूरत और हरिनाम गांव निवासी अनिकेश वर्मा (22) पुत्र उमेश चंद्र वर्मा, सेउर पेट्रोल पंप से तेल लेकर लौट रहे थे। जैसे ही वे सिद्दीगनेशपुर पहुंचे, रोडवेज बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को कूरेभार अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देख उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह गणेश की मौत हो गई, जबकि अनिकेश को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में इलाज चल रहा है। गणेश की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया।

## नवोदय विद्यालय में धूमधाम से मना रक्षाबंधन



**महराजगंज] रायबरेली।** क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों एवं छात्राओं ने बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बीके पाठक, ओ.पी. सिंह, मनोज पांडेय,शिवम अवस्थी, दिनेश दुबे शफक शमसी, रीना रानी, अभय त्रिपाठी,सुनीत कुमार त्रिपाठी एम एन तिवारी सीमा सिंह, आर. एफ. रसूल, ज्ञानवती, विजय प्रकाश, अवनीश सिंह, , पी. के. श्रीवास्तव, आशुतोष आनंद और राजकुमार गौतम सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने प्रभारी प्राचार्य बी. के. पाठक, मनोज पांडेय, शिवम अवस्थी सहित अन्य शिक्षकों को राखी बांधी।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, 56 लाख के जेवर और लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद

**रायबरेली।** पुलिस ने एक सनसनीखेज मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने चोरी गये लगभग 56 लाख के सोने-चांदी के जेवरात, एक लाइसेंसी रिवाल्वर, एक तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहदेव ठाकुर, निवासी अलीगंज, थाना ऊंचाहार ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया वह 22 जुलाई को अपने परिवार के साथ लखनऊ स्थित आवास पर गए थे। 31 जुलाई को वापस लौटने पर उनके घर का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। एसपी ने बताया कि पुलिस ने एनटीपीसी शारदा नहर के पास रोहित सरोज उर्फ गोविंद उर्फ बौड़म पुत्र सदाशिव सरोज, निवासी गुरौली का पुरवा, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ व मोनू सरोज पुत्र मुन्नालाल सरोज, निवासी गोसाई का पुरवा, मजरे पुरमई, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को घेर लिया। आरोपियों ने पुलिस को देख भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की गोली से रोहित सरोज के दाहिने पैर में चोट लगी। उसे जिला अस्पताल रायबरेली भेजा गया। मुठभेड़ में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। आरोपियों से सोने-चांदी के 6 कंगन, 2 कड़े, 2 गले के हार, 6 कान के टॉप्स, 2 झुमकी, 4 चूड़ियां, 2 बाजूबंद (पीली धातु), 4 पायल, अनुमानित कीमत 56 लाख रुपये, एक लाइसेंसी रिवाल्वर, 1 तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस 315 बोर, स्विफ्ट डिजायर कार डीएल सीजे5227, मोबाइल फोन और 3440 रुपये नकदबरामद किया है।

# भव्य रूप से मनेगी राना बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती

**रायबरेली।** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बख्श सिंह की 221वीं जयंती के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली की ओर से जयंती के उपलक्ष्य में 18 अगस्त से 23 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 24 अगस्त को भव्यता के साथ जयंती कार्यक्रम व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजित को भव्यता देने के लिए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में रायबरेली क्लब में बैठक आयोजित की गयी। समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस वर्ष कार्यक्रम बड़े भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बीती दो अगस्त को अमर सेनानी की कर्मस्थली शंकर



में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए डा. मनीष सिंह, डा. बृजेश सिंह, डा. संजीव जायसवाल, डा.सीवी सिंह, राकेश राना, राकेश भदौरिया व त्रिलोकी सिंह को बधाई थी। पद्मधर सिंह व हरिहर सिंह ने बताया कि पौधारोपण का कार्यक्रम 18 अगस्त को निमार्णाधीन राना बेनी माधव सभागार परिसर में सुबह दस बजे से आयोजित होगा। पूर्व प्राचार्य डायट जेपी सिंह ने चित्रकला और डिबेट प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। गोविंद खन्ना ने बताया कि 19 अगस्त को शांति में होटल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें चालीस स्कूलों के साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे सहभाग करेंगे। वहीं डिबेट प्रतियोगिता में 21 अगस्त को रायबरेली क्लब में आयोजित होगा। जिसमें 80 से अधिक बच्चे प्रतिभाग करेंगे। मदन सिंह व राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर 20 अगस्त को राणा बेनी माधव प्रतिमा के पास स्थित आईएमए में भवन में चल रहे ब्लड बैंक में आयोजित किया जाएगा। रवींद्र सिंह व शिवकुमार सिंह बताया फल वितरण जिला अस्पताल पुरुष व महिला में सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। सभासद एसपी सिंह ने बताया कि 23 अगस्त की शाम पांच बजे से दीपदान कार्यक्रम राना चैक नेहरू नगर में आयोजित होगा। इस वर्ष वर्ष 221 दीप जलाए जाएंगे। पूर्व प्रमुख कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि चैबीस अगस्त की सुबह पुष्पांजलि कार्यक्रम सुबह नौ आयोजित होगा। महेंद्र सिंह कछवाह व पूर्व उप प्राचार्य डा. अविनाश सिंह ने बताया कि चैबीस अगस्त की शाम को जयंती का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें सम्मान समारोह के बाद कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महेंद्र अग्रवाल व डा. अमिता खुबेले ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि सभी कार्यक्रमों में वे सहभाग करें जिससे कार्यक्रम को भव्यता मिल सके।

## रोटरी क्लब ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोटरी क्लब सुलतानपुर द्वारा श्बोन एंड जॉइंट वीकश के अवसर पर पर्यावरण पार्क में एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन रो. डा. अजय विक्रम मिश्रा के सहयोग से किया गया। शिविर में लगभग 80 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया और सभी को बोन डेंसिटी टेस्ट की सुविधा भी मुफ्त प्रदान की गई। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस आयोजन का उद्देश्य हड्डी व जोड़ों से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और आमजन को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में रो. डा. अजय विक्रम मिश्रा के अलावा एजी रो. नीरव पाण्डेय, रो. डा. रवि, रो. डा. पूजा शुक्ला, रो. डा. अमित पाण्डेय, रो. प्रमोद मल्होत्रा, रो. अलंकार टंडन, रो. वेद प्रकाश, रो. संजय केसरवानी, रो. अजीत अग्रहरी, रो. निमेन्द्र गोयल व रो. डा. रितेश मिश्रा सहित अन्य सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा। इस प्रयास की सराहना करते हुए नागरिकों ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## 48 वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एन बी डब्लूएसआर वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस ने कार्यवाही कर रात्रि में अभियान चलाकर कुल 48 अभियुक्तों जिसमें 45 एनबीडब्लू वारंटी व 1 एसआर वांछित 2 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानावार की गई गिरफ्तारी में थाना उत्तर 1 थाना दक्षिण 5 थाना रामगढ़ 1थाना रसूलपुर 2 थाना टूंडला 1 थाना पचोखरा 1 थाना रजावली 4 थाना नारखी 1थाना नगला सिंघी 2 थाना सिरसागंज 5 थाना नसीरपुर 1थाना नगला खंगर 2 थाना शिकोहाबाद 2 थाना मक्खनपुर 5 थाना खैरगढ़ 2 जसराना 3 फरिहा 3 मटसेना 1 लाइनपार 1 बसई मौ.पुर 5 इस प्रकार इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम ने 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटियों एस आर वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही कर कुल 48 अभियुक्तों को गिरफ्तार कियाहै। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## अवैध तमंचा सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा रविवार को चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त लखन सिंह पुत्र भूरी सिंह को एक अवैध तमंचा मय एक कारतूस बरामदगी सहित मोईनुद्दीन कट के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## कच्चा मकान ढहने से परिवार के नौ लोग हुए घायल

**मथुरा।** लगातार हो रही वर्षा ने ग्रामीण इलाकों में पुराने और जर्जर मकानों की हालत को और खराब कर दिया है। रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे मांट के गांव अरुआ में एक कच्चा मकान अचानक ढह गया। मलबे में एक ही परिवार के नौ लोग दबकर गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों व पुलिस ने आधे घंटे रेस्क्यू करके सभी को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। मांट के गांव अरुआ में भूरा अपने परिवार के साथ घर के अंदर बैठा था। बाहर वर्षा हो रही थी। सभी लोग एक साथ कमरे में बैठे थे। तभी अचानक मकान की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इससे सभी लोग मलबे के नीचे दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस को सूचना देकर लोगों ने रेस्क्यू शुरू किया। करीब आधे घंटे में मलबे में दबे मकान मालिक भूरा, उनकी पत्नी राधा, बेटियां प्राची, भूरी, बेटा चिराग और गीता गंभीर घायल हो गए। घटना के समय भूरा का जीजा अजय, बहन पूजा और पूजा की बेटी वैष्णवी भी वहीं मौजूद थी, जो दीवार की चपेट में आकर घायल हो गए। मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# धर्मांतरण का स्वरूप बहुत डरावना एक रहेंगे नेक रहेंगे: कपिल शर्मा

## मथुरा में 16 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे मनाया जायेगा जन्माष्टमी का पर्व



**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त की मध्य रात्रि 12:00 बजे मनाया जाएगा. इस बार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से जन्माष्टमी के दिन श्रद्धालु संकल्प लेते हुए नजर आएंगे। जन्मभूमि स्थान से "एक रहेंगे नेक रहेंगे और धर्मांतरण से मिलकर लड़ेंगे" का नारा लगाया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने रविवार को कहा कि धर्मांतरण और लव जिहाद की घटनाएं देश के सभी प्रदेश में दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं. अब समय आ गया है कि लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक होना चाहिए, सनातन धर्म के साधु-संत मठ, मंदिर और देवालय हिंदुओं को जागृत करने के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के कई देशों में हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहे हैं. बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं रह पा रहीं जैसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अन्य देश में हिंदुओं पर घटना घट रही हैं। अपने देश में भी धर्मांतरण और लव जिहाद से कोई भी प्रदेश अछूता नहीं है, इसलिए जागरूक होने की जरूरत है और संकल्प लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर संकल्प होता है, बिना संकल्प के उत्सव अधूरा माना जाता है, हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है,एक रहोगे तो नेक रहोगे लेकिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी जन्मभूमि से इस बार संकल्प लिया जाएगा एक रहेंगे नेक रहेंगे और धर्मांतरण से मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश में धर्मांतरण का स्वरूप विकराल होता ही जा रहा है, इसे देखकर डर लगता है। पहले प्रताड़ना, लालच और डराकर धर्मांतरण कराया जाता था, लेकिन आज धन, बल, डराकर और लालच देकर धर्मांतरण जबरन कराया जाता है, हमें भी अपनी जिम्मेदारी तय करनी पड़ेगी। देवालय, साधु-संत, मठ, मंदिर महामंडलेश्वर समाज को दिशा दिखाएं, मार्गदर्शन करें। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भगवान का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा, उस समय श्रद्धालुओं के हाथ में जल, पीला पुष्प और अक्षत लेकर बैठे और संकल्प लें।

## रेलवे ट्रैक पर मिली युवक व युवती की लाश

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र के नरहौली पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह अज्ञात युवक और युवती के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर हाईवे पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास किए, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

# राखी बांधकर लौटते दंपती ने खाया जहर पत्नी की मौत, पति की हालत गंभीर

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र में वैवाहिक जीवन में पनपे शक और तनाव ने रक्षाबंधन के दिन एक नवविवाहित जोड़े को तबाह कर दिया। पति-पत्नी ने साथ में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है।

मूल रूप से सिकंदरपुर गांव थाना सुरीर के रहने वाले मुकेश की शादी कुछ महीने पहले राया के गांव शेरनी नगरिया की रहने वाली संध्या से हुयी थी। वह अपनी पत्नी के साथ जमुनापार क्षेत्र के लक्ष्मीनगर में किराये के मकान में रहता है। मुकेश शहर के बीएसए कॉलेज के पास कंप्यूटर कोचिंग सेंटर चलाता है। शादी के कुछ ही समय बाद दंपत्ति के बीच अविश्वास और शक की दीवार खड़ी होने लगी। परिजनों के अनुसार, दोनों एक-दूसरे पर शक करते थे, और अक्सर इनके बीच तीखी बहस और झगड़े होने लगे थे। बात इतनी बिगड़ गई कि रिश्तेदारों और परिवार के लोगों को भी कई बार मध्यस्थता करनी पड़ी। कई समझाइशों और दखल के बावजूद दोनों के बीच संबंधों में मधुरता नहीं आ सकी। रक्षाबंधन के दिन मुकेश अपनी पत्नी संध्या के साथ अपने पैतृक गांव सिकंदरपुर आया था। दोपहर बाद दोनों अपनी इको कार से संध्या के मायके शेरनी नगरीया पहुंचे, जहां परिजनों से मुलाकात के बाद संध्या ने अपने भाई को राखी बांधी। शाम को दोनों वापस मथुरा के लिए रवाना हो गए। टैंटीगांव के पास, अचानक संध्या की तबीयत बिगड़ने लगी। जब तक राहगीर मदद के लिए आए, तब तक स्थिति अत्यधिक गंभीर हो चुकी थी। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संध्या को मृत घोषित कर दिया। मुकेश की हालत गंभीर बनी हुई है और वह अभी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

● विवाहिता के परिजन लगा रहे दुर्घटना और हत्या के आरोप

सुरीर थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। अचेतावस्था में मुकेश को भी उपचार के लिये भास्कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। विवाहिता के परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाये जाने पर उन्होने कहा कि यह आत्महत्या है या दुर्घटना, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी कलह और मानसिक तनाव के चलते लिया गया नजर आ रहा है।

## पिपरौली सीएचसी पर फाइलेरिया दिवस का शुभारंभ



पिपरौली, गोरखपुर। 10 अगस्त को फाइलेरिया दिवस के अवसर पर पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गोरखपुर डॉ. राजेश कुमार झा ने एमडीए अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत 31 अगस्त तक आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा की खुराक देंगी। उद्घाटन के बाद सीएमओ डॉ. झा ने स्वयं दवा खाई और उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों एवं मरीजों को भी दवा खिलाई। इस अवसर पर उनके साथ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए. के. चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह, डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय, अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा सहित कई चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ ने सीएचसी के पास स्थित डॉक्टरों के आवास का निरीक्षण किया और अधीक्षक को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर खड़ंजा निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही उन्होंने पीएचसी छपिया में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का भी निरीक्षण किया और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। डॉ. झा ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह लाइलाज है, लेकिन समय पर दवा लेने से संक्रमण को रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं से दवा अवश्य लें और खुराक पूरी करें। इस मौके पर अरुण कुमार गौतम, अजय श्रीवास्तव, मुंशीलाल गुप्ता, सत्येंद्र शुक्ला, राजाराम, डॉ. प्रियंका शाही, डॉ. शशीभूषण, सुनीता, आदित्य, शिवबहादुर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## भारत माता के जयघोष के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा



चरगावां, गोरखपुर। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा झुंगिया हनुमान मंदिर से शुरू होकर बी० आर० डी० मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित बाबा राघव दास के प्रतिमा तक पहुंची। यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन के साथ हुआ।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख,विकास खण्ड चरगांव श्रीमती वंदना सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता गण , सैकड़ों कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, व्यापारी और युवा हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा के दौरान ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारे लगाए गए। बाबा राघव दास के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बाबा राघव दास ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। विधायक ने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान देशभक्ति की नई लहर पैदा कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के सभापति संतराज यादव, चरगावां ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल जी गुप्ता, चंद्रभूषण मिश्रा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा चरगांवा दयाशंकर मिश्रा, अजय यादव, मंडल अध्यक्ष भाजपा चरगांवा अनिल चौहान, जिला मंत्री भाजपा नरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा संजीव पासवान, अजय चौहान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# डीएम ने तहसील महावन के ग्राम नगला अकोस और वृंदावन के केशी घाट का निरीक्षण किया

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील महावन के तहत ग्राम नगला अकोस में यमुना जी के जल स्तर का निरीक्षण किया। उन्होंने यमुना जी की धारा से हुए मार्ग कटान / सड़क कटान का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामवासियों से वार्ता की तथा आश्वासन दिया कि उक्त मार्ग/सड़क को शीघ्र सुदृढ़ कराते हुए संचालित कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि यमुना जी के आस पास के क्षेत्र में न जाए। डीएम ने एसडीएम महावन कंचन गुप्ता को निर्देश दिए कि लेखपाल एवं ग्राम सचिव की ड्यूटी लगाई जाए। उक्त क्षेत्र में पुलिस निरंतर गश्त करती रहे तथा सभी की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे। डीएम ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि उक्त मार्ग को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। जो भी व्यकल्पिक व्यवस्था हो उसे शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल तथा तहसीलदार को निर्देश दिए कि जलभराव एवं पानी से प्रभावित फसलों का सर्वे गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित करे। वर्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करे तथा उनके मुआवजे की कार्यवाही हेतु शीघ्र कार्य करे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रभावित किसानों एवं परिवारों की सहायता की जा रही है। सभी का सर्वे किया जा रहा है तथा ससमय मुआवजा देने की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महावन को निर्देश दिए कि निरंतर यमुना जी के जल स्तर कर निगरानी रखे तथा ग्राम वासियों की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। ग्राम अकोस के निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृंदावन के केशी घाट का निरीक्षण किया तथा यमुना जी के जल स्तर का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी नाव बंद कर दी गई है। घाटों के आस पास निरंतर अनाउंसमेंट किया जा रहा है कि यमुना जी के किनारे न जाए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा भ्रमणशील रहकर सभी क्षेत्रों का जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुबह 8 बजे से यमुना जी के जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है तथा आगामी 24 घंटे में पानी और कम हो जाएगा।

# धौली प्याऊ मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की गूंज, नेताओं के प्रेरक संबोधन



**मथुरा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा मथुरा महानगर के धौली प्याऊ मंडल द्वारा रविवार शाम 5 बजे बजरंग धर्मकांटा से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो महोली रोड होते हुए प्रेम देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज पर संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज के गौरव, जन-जन के लोकप्रिय नेता, प्रदेश सरकार में पूर्व ऊर्जा मंत्री रह चुके एवं वर्तमान में मथुरा-वृंदावन विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक पं. श्रीकांत शर्मा तथा भाजपा संगठन के कुशल नेतृत्वकर्ता, संघर्षशील एवं कर्मठ भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

संबोधन करते हुए पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान मथुरा-वृंदावन विधायक श्री कांत शर्मा ने कहा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की अनगिनत बलिदान गाथाओं और देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान हम सभी को यह संकल्प दिलाता है कि हम भारत की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। आज धौली प्याऊ मंडल की यह तिरंगा यात्रा इस बात का प्रमाण है कि ब्रजभूमि का हर नागरिक राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत है। आभार व्यक्त करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा आज की इस भव्य तिरंगा यात्रा में आपकी उत्साहपूर्ण भागीदारी ने सिद्ध कर दिया है कि मथुरा महानगर के प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक के हृदय में राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और सम्मान है। मैं विशेष रूप से हमारे मुख्य अतिथि पं. श्रीकांत शर्मा जी का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर हमारे बीच आकर हमें प्रेरित किया। साथ ही, मैं सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, पुलिस प्रशासन, मीडिया बंधुओं और क्षेत्रवासियों को हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

# मोहरीपुर सिहोरवा मार्ग के बलुआ में सड़क पर भरा पानी राहगीर बेहाल



सरहरी, गोरखपुर। जंगल कौड़िया विकास खण्ड के मोहरीपुर-सिहोरवा मार्ग पर बलुआ गाँव के सामने मुख्य सड़क पर एक फिट पानी लगा हुआ है जिससे आवागमन में राहगीरो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं सम्बन्धित विभाग पूरी तरह मौन हैं मोहरीपुर-सिहोरवा मार्ग पर बलुआ गाँव के ए एन सिंह स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर लगभग एक फिट पानी भर गया हैं जो हर बरसात में जल जमाव देखने को मिलता हैं जबकि इस सड़क मार्ग के रास्ते सैकड़ो गावों के लोग शहर की तरफ आते-जाते हैं वही इस रास्ते क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियो का भी आना जाना लगा रहता है पर उनकी नजर इस पर नहीं पडती हैं चार पहिया बाहन सवार तो चले जाते हैं पर पैदल व बाइक सवार लोगो को कितनी दिक्कत होती है उसका एहसास तो आने जाने वाले लोगो को ही होता है यहाँ जलभराव से गाँव में जाने के भी तीन रास्तो पर भी पानी भर जाता हैं सबसे ज्याद समस्या स्कूल आने जाने वाले नौनिहालो को हो रहा है जिला पंचायत सदस्य डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया की सड़क नीची होने से जल जमाव हो जाता है जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं बच्चे भी गंदे पानी में घुसकर आ जा रहें हैं सम्बन्धित विभाग को इस त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

इस संदर्भ में अवर अभियंता पी डब्लू डी संजय सैनी ने बताया कि इस जल भराव वाली सड़क को सी सी करने हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा जिसके बाद सड़क उची हो जायेगी और समस्या से निदान मिल सकेगा।

# मस्जिद के नाम पर अतिक्रमण पर चलना चाहिए बुलडोजर : प्राची

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** हिंदूवादी फायर ब्रांड नेता साध्वी प्राची वृंदावन पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। दर्शन के उपरांत वे हंस मुनि उदासीन आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने महंत उपदेश दास जी महाराज व गिर्राज शर्मा को राखी बांधी।

पत्रकारों से बातचीत में साध्वी प्राची ने समाजवादी पार्टी नेता एचटी हसन के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने मस्जिद पर बुलडोजर चलाने को आपदा आने का कारण बताया था। साध्वी ने कहा कि "आपदा आना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह केवल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों में भी आती है। मस्जिद या मजार के नाम पर यदि अतिक्रमण किया जाएगा, तो उस पर बुलडोजर चलना ही चाहिए"। साध्वी प्राची ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेंगी। उन्होंने कथावाचकों और संतों के संदर्भ में हो रहे विवादों पर भी अपनी राय दी और कहा कि संत समाज सदैव समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य करता है। वे अपने उपदेशों से लोगों को सही सोच अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, न कि किसी महिला का अपमान करते हैं। सनातन धर्म को लेकर उन्होंने दो टूक कहा कि "सनातन ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जो महिलाओं को सर्वाधिक सम्मान देता है। आज पूरे विश्व में सनातन की जय-जयकार हो रही है और यह सदैव होती रहेगी"। इस मौके पर महंत उपदेश दास महाराज, प्रकाश यादव, गिर्राज शर्मा समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कूड़ा निस्तारण से आ रही बदबू को लेकर ग्रामीणों का विरोध

सरहरी, गोरखपुर चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुआड़ में फोरलेन किनारे दिसंबर 2024 से नगर निगम का कूड़ा-कचरा इकट्ठा कर उसे मशीन द्वारा प्लास्टिक व अन्य वस्तुओ को अलग-अलग कर इकट्ठा किया जा रहा है जिससे आ रही बदबू से अगल-बगल के लोग काफी परेशान होकर मौके पर पहुंचकर इसको हटाकर आबादी से कही दूर ले जाने को लेकर विरोध करते हुए कार्य कर रही सभी गाड़ियों को रोक दिया गया मौके पर पहुंचे अपर नगर आयुक्त के आश्वासन के बाद धरना खत्म हुआ। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना के मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुआड़ मे दिसंबर 2024 से नगर निगम का कूड़ा-कचरा यही लाकर इकट्ठा किया जा रहा है जिसके उपरांत मशीन द्वारा प्लास्टिक व अन्य चीजों को अलग-अलग कर इकट्ठा किया जा रहा है जिस दौरान इससे इतनी बदबू आ रही है कि अगल-बगल के गाँव जमुआड़, मुहम्मदपुर माफी, कालेसर के लोगों के रहने, सोने व खाना खाने में दिक्कत आ रही थी जिसको लेकर रविवार को लोग मौके पर पहुंचकर इसको जल्द से जल्द दूसरे जगह ले जाने को लेकर विरोध करते हुए कार्य बंद करवा दिया गया जिसके बाद मौके पर नगर निगम के अधिकारी व एसडीएम भी मौके पर पहुंच गये और धरना बंद करने का आग्रह किया पर ग्रामीण का कहना था पहले यहाँ कचरा गिराना बंद किया जाय और इसे कही और शिफ्ट कर दिया जाय तभी धरना/विरोध बंद किया जायेगोजिसकी सूचना मौके पर पहुंचे अधिकारीयों द्वारा उच्च अधिकारीयों को दी गई जिसके बाद अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह द्वारा मौमे पर पहुंचकर लोगों को तत्काल यह कहा गया की अब यहाँ कूड़ा नहीं गिराया जायेगा तब जाकर लोग विरोध प्रदर्शन बंद किये प्रधान मुहम्मदपुर माफी अभिमन्यु यादव ने बताया कि नगर निगम का कचरा यहाँ इकट्ठा किया जा रहा है जिससे इतनी बदबू आ रही है कि रहना दुभर हो गया है जिसको लेकर हम लोग इकट्ठा हुए थे अधिकारीयों द्वारा बार बार दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन मिलता हैं पर आज तक हटाया नहीं गयो प्रधान जमुआड़ ऋतुराज सागर ने कहा कि इस कूड़े कचरे से हम लोगों कि दिनचर्या खराब हो गयी है हम लोगों की तरफ हवा का रुख होता हैं रहना मतलब बीमारी को दावत देने जैसा माहौल होता है सक्षम अधिकारी द्वारा कहा गया था कि जल्द इसे दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जायेगा आज तक हटाया नहीं गया जिससे हम लोग काफी दिक्कतो का सामना कर रहें हैं ग्रामीण सुमित मौर्या ने कहा कि कूड़ा-कचरा बंद करने को लेकर कई बार धरना किया गया जिम्मेदार आते हैं आश्वासन देकर चले जाते हैं कोई कार्यवाई नहीं की जाती हैं

# अरविंद राय अध्यक्ष , गजेन्द्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष व सतीश पांडेय मंत्री निर्वाचित

## मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति चुनाव

- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री निर्विरोध व कोषाध्यक्ष पद पर हुआ मतदान
- कोषाध्यक्ष पद पर धीरेन्द्र गुप्ता 41 वोटों से हुए विजयी
- कार्यकारिणी सदस्य भी हुए निर्विरोध निर्वाचित

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति का चुनाव रविवार को सम्पन्न हो गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री समेत चार कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। तो वही कोषाध्यक्ष पद पर हुए मतदान में धीरेन्द्र गुप्ता भारी मतों से विजयी होकर निर्वाचित हुए। नल निर्वाचित कार्यकारिणी ने परिणाम के बाद ही कार्यकारिणी सदस्य के दो रिक्त पदों पर दो सदस्य का मनोनयन भी किया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को फूल-मालाओं से लाद सदस्यों ने जोरदार अभिनंदन किया। चुनाव अधिकारी वहाब खान व आंचित्य लाहिणी की देखरेख में रविवार को होटल विवेक के सभागार में कोषाध्यक्ष पद के लिए दोपहर 12 बजे से मतदान शुरू हुई और डेढ बजे तक चला। चुनाव में मतदाताओं के बीच जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। चुनाव में 106 मतदाताओं में से 81 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 61 मत प्राप्त कर धीरेन्द्र गुप्ता भारी मतों से निर्वाचित हुए, तो वहीं उनके प्रतिद्वंदी शांतिभूषण ने 20 मत प्राप्त किए।

चुनाव में अध्यक्ष पद अरविंद राय लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर गजेन्द्र त्रिपाठी व मंत्री सतीश पांडेय समेत कार्यकारिणी सदस्यों लालचंद प्रसाद जाटव, डॉ.जवाहर लाल निगम ,जे.पी. दूबे जी एवं तफज्जुल हुसैन उर्फ लाडले निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी श्री वहाब ने कहा कि कार्यकारिणी पद पर सिर्फ चार ही सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे दो पदक रिक्त रह गए थे। जिसपर नव निर्वाचित कार्यकारिणी की समिति से राजू सैनी और दिलीप पटवा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है।

चुनाव के दौरान सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्रा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह आदि लोगों ने पहुंच कर चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान दिया।

## बहनों ने बांधी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र की मंगलकामना



उरुवा गोरखपुर। रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को बहनों ने भाईयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधकर मंगलकामना की। बहनों ने भाईयों को तिलक लगाया और आरती उतारकर दाएं हाथ में राखी बांधी। इसके बाद भाई ने बहन से आशीर्वाद लेकर उपहार दिए। इस बार राखी का पर्व सुबह से पूरा दिन रहा कहीं कोई भद्रा काल असर न होने के कारण पूरे दिन चहल-पहल रही। जिसके कारण बहनें दूर दराज जाकर भी अपने भाई को रक्षासूत्र बांध सकी।

संक्षेप

## अमेरिकी शुल्क के बाद सोचना होगा कि सस्ता रूसी तेल फायदेमंद है या नहीं

नयी दिल्ली। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारत को विचार करना चाहिए कि रूस से सस्ते तेल का आयात फायदेमंद है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले हफ्ते एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें भारत के रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया था। इससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा, जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा।

## एसी कंपनियों की कमाई पर 34 प्रतिशत तक का असर

नयी दिल्ली। बेमौसम बारिश और समय से पहले मानसून आने से कमरे में लगने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली सूचीबद्ध कंपनियों का राजस्व जून तिमाही में 34 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ। वोल्टास, ब्लू स्टार और हैवेल्स सहित सूचीबद्ध कंपनियों ने जून तिमाही में अपने आवासीय कमरा एयर कंडीशनिंग (आरएसी) खंड में 13-34 प्रतिशत की गिरावट का सामना किया। इससे उनके राजस्व और मार्जिन पर अल्पकालिक दबाव बना है। बारिश के अलावा पिछले वर्ष की इसी तिमाही के उच्च आधार ने भी जून, 2025 तिमाही में कंपनियों के नतीजों पर दबाव बनाया। पिछले साल भीषण गर्मी से विनिर्माताओं को लाभ हुआ था और उन्होंने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की थी। हालांकि, कुछ कंपनियों ने इस साल अपने वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग व्यवसाय में बेहतर प्रदर्शन की सूचना दी है और उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी।

## रिलायंस रिटेल ने दी 40,000 नौकरियां

मुंबई। रिलायंस रिटेल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 40 हजार से अधिक नौकरियाँ पैदा की हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2025 तक रिलायंस रिटेल में 2,47,782 कर्मचारी काम कर रहे थे। एक साल पहले यह तादाद 2,07,552 थी। रिटेल सेगमेंट में रिलायंस रिटेल सबसे अधिक नौकरियां देने वाली कंपनियों में से एक है। रोजगार में वृद्धि की यह कहानी, कंपनी के रिटेल सेगमेंट में निरंतर विस्तार से जुड़ी है। इस वित्त वर्ष रिलायंस रिटेल ने 2,602 नए स्टोर खोले, इसके साथ ही देश भर में रिलायंस रिटेल के कुल स्टोर्स की संख्या 19,340 हो गई है। यह स्टोर्स 7 करोड़ 74 लाख वर्ग फुट से अधिक में फैले हैं। वित्त वर्ष 2025 में, हमने स्टोर नेटवर्क में रणनीतिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य ऑपरेटिंग कार्यकुशलता को बढ़ाना और दीर्घकालिक स्थिरता को मजबूती देना था।

## सेंटर फ्रेश का नया अभियान लॉन्च

नई दिल्ली। सेंटर फ्रेश एक ताजगी भरा नया अभियान लेकर आया है, जो उपभोक्ताओं की ओवरथिंकिंग (जरूरत से ज्यादा सोचने) की आदत पर आधारित है। यह आइडिया सेंटर फ्रेश के इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट से प्रेरित है, जिसे यूगॉव के साथ साझेदारी में तैयार किया गया था। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 81प्रतिशत लोग रोजाना तीन घंटे से अधिक समय ओवरथिंकिंग में बिता देते हैं। इस इनसाइट पर मजेदार ट्विस्ट लाते हुए, नए कैंपेन दिमाग पे रखे लगाम के जरिए सेंटर फ्रेश को दिन में एक ताजगी भरी टाइम आउट के रूप में पेश किया गया है एक आसान तरीका जो आपको ताजगी के साथ फिर से वर्तमान में लौटा देता है।

## भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए व्यापक भूमि सुधारों की जरूरत

नयी दिल्ली। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए देश भर में 3-5 प्रतिशत की एक समान स्टाम्प शुल्क दरों जैसे व्यापक भूमि सुधारों की जरूरत है। आम सहमति पर आधारित सुधारों के लिए माल एवं सेवा कर परिषद जैसी संस्था के गठन पर जोर दिया। एक बयान में कहा गया कि संरक्षणवाद और व्यापार युद्ध के चलते चुनौतियां हैं, लेकिन भारत का स्थिर नीतिगत ढांचा, मजबूत औद्योगिक क्षमताएं, बड़ा घरेलू बाजार और युवा कार्यबल इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है। इसके अलावा कई देशों के बीच एक विश्वसनीय और सक्षम भागीदार के रूप में भारत की प्रतिष्ठा से भी इसे बढ़त मिलती है।

# छह कंपनियों की पूंजी 1.36 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में कमजोरी का सिलसिला जारी रहने की वजह से बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा झटका लगा।

बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार छठे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछल हफ्ते सेंसेक्स 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी में 202.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी दिग्गज कंपनियों के बाजार मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को इस दौरान लाभ हुआ। सबसे अधिक गिरावट रिलायंस इंडस्ट्रीज को झेलनी पड़ी, जिसका बाजार पूंजीकरण 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,722.04 करोड़ रुपये घटकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का पूंजीकरण भी 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,91,423.02 करोड़ रुपये रह गया। इस अवधि में भारती एयरटेल का पूंजीकरण 15,053.55 करोड़ रुपये घटकर 10,59,850.32 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का पूंजीकरण 12,441.09 करोड़ रुपये घटकर 5,87,021.88 करोड़ रुपये पर आ गया। दूसरी तरफ, एलआईसी की बाजार हैसियत 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान टीसीएस का मूल्यांकन 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, एसबीआई का 9,784.46 करोड़ रुपये बढ़कर 7,42,649.34 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये हो गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# एफपीआई ने अब तक 18,000 करोड़ भारतीय बाजार से निकाले



नयी दिल्ली। अमेरिका के साथ व्यापार तनाव, पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों और रुपये की कीमत में गिरावट की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजार से करीब 18,000 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं।

इसके साथ ही वर्ष 2025 में अब तक एफपीआई की कुल इक्विटी निकासी 1.13 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच चुकी है। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के मुताबिक, एक से आठ अगस्त के बीच एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से शुद्ध रूप से 17,924 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले जुलाई में भी उन्होंने 17,741 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि मार्च से जून की अवधि में एफपीआई ने 38,673 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालिया निकासी का मुख्य कारण भारत-अमेरिका के बीच बढ़ता व्यापार तनाव, कमजोर तिमाही नतीजे और रुपये में आई कमजोरी है। जुलाई के अंत में ही अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा कर दी थी। पिछले सप्ताह उसने अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया जिससे बाजारों में घबराहट और बिकवाली का माहौल बन गया। इस स्थिति ने एफपीआई की धारणा को झटका दिया और निवेशकों ने जोखिम से दूर रहने की रणनीति अपनाई। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से भी विदेशी पूंजी अमेरिका की ओर प्रवाहित हो रही है। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने 3,432 करोड़ रुपये सामान्य ऋण सीमा में और 58 करोड़ रुपये स्वैच्छिक अवधि निवेश मार्ग में निवेश किया।

# पेट्रोल पंप के लाइसेंस मानकों को संशोधित करने पर विचार कर रही सरकार

नयी दिल्ली। सरकार बदलते वैश्विक ईंधन परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंपों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित मानदंडों को शिथिल करने के बारे में विचार कर रही है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 2019 के दिशा-निर्देशों की प्रभावशीलता को परखने और ऊर्जा सुरक्षा एवं कार्बन उत्सर्जन में कटौती के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप नीति को अद्यतन बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की है।

सरकारी आदेश के अनुसार, यह कदम दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते ईंधन बाजार भारत में ऊर्जा सुरक्षा के बदलते परिप्रेक्ष्य और वैकल्पिक ईंधनों के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखकर उठाया गया है। विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पूर्व निदेशक (विपणन) सुखमल जैन कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक पी. मनोज कुमार, फिपी के सदस्य पीएस रवि और मंत्रालय के निदेशक (विपणन) अरुण कुमार शामिल हैं। इस समिति के गठन का उद्देश्य 2019 की मौजूदा नीति की समीक्षा करना, वैकल्पिक ईंधनों एवं इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के उपाय सुझाना और मौजूदा दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों को चिन्हित करना है।

# मृत ग्राहकों के दावों का 15 दिन में होगा निपटान

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मृत ग्राहकों के बैंक खातों और लॉकर से संबंधित दावों का 15 दिन के भीतर निपटान करने के लिए विशेष पहल की है।

केंद्रीय बैंक ऐसे मामलों का तय समयसीमा के भीतर निपटारा करने और किसी भी देरी के लिए नामांकित व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए फॉर्म को मानकीकृत करने की योजना बना रहा है। आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहकों के बैंक खातों और सुरक्षित जमा लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान के लिए मानक प्रक्रियाएं लाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना है। इस दिशा में, केंद्रीय बैंक ने परिपत्र का मसौदा - भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में दावों का निपटान) निर्देश, 2025 जारी किया है और 27 अगस्त तक इस पर टिप्पणियां मांगी हैं। मसौदे में कहा गया, बैंक दावों और अन्य दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए मानकीकृत प्रपत्रों का उपयोग करेगा। इसमें दावों के निपटान में देरी होने पर मुआवजे का भी प्रावधान है। मसौदे में कहा गया है कि यदि जमा खातों या लॉकर के लिए किसी व्यक्ति को नामित किया गया है, तो उसे पहचान और पते के सत्यापन के लिए दावा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत ग्राहक) और नामित (नामिनी) का आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज जमा करना होगा।



मसौदे के अनुसार, बैंक को उन जमा खातों में दावों के निपटान के लिए एक सरल प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जहां मृतक जमाकर्ता ने कोई नामांकन नहीं किया है, ताकि दावेदार या कानूनी उत्तराधिकारी को असुविधा से बचाया जा सके।

# सरसों, मूंगफली को छोड़कर बाकी तेल-तिलहन में सुधार

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन को छोड़कर बाकी सभी के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल के दाम आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले 35-40 रुपये किलो अधिक रहे और इस भाव पर सरसों का खपना मुश्किल है। खाद्य तेलों की त्योहारी मांग बढ़ रही है और गरीब उपभोक्ता सरसों की जगह सोयाबीन या पामोलीन जैसे खाद्य तेल का रुख कर रहे हैं। ऊंचे दाम पर मांग प्रभावित रहने से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सूत्रों ने बताया कि मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी समीक्षाधीन सप्ताह में गिरावट के साथ बंद हुए। मूंगफली की गर्मी की जो फसल बाजार में आई है, बरसात के कारण उसमें नमी होने से किसानों को इसे नीचे दाम पर बेचना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अक्टूबर में सोयाबीन, मूंगफली और कपास की नयी फसल आ जायेगी। आगामी फसलों के लिए सरकार ने न्यूनम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी बढ़ाया दिया है। खरीफ सोयाबीन फसल का एमएसपी 436 रुपये बढ़ाकर 5,328 रुपये क्विंटल और मूंगफली का एमएसपी 480 रुपये बढ़ाकर 7,263 रुपये क्विंटल कर दिया है।

# एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार से जुड़े घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजार के रुझान भी कारोबारी धारणा को प्रभावित करेंगे। शुक्रवार यानी 15 अगस्त को शेयर बाजार स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगे। इस सप्ताह सभी की निगाह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों, भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों से जुड़े घटनाक्रमों पर रहेगी। अब तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। सप्ताह के दौरान अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, आईओसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और अन्य कंपनियों के नतीजे आएंगे, जिससे शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.12 अंक या 0.92 प्रतिशत और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 202.05 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया। इस सप्ताह व्यापार वार्ता, व्यापक आर्थिक आंकड़े, तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका से कोई घटनाक्रम बाज़ार को प्रभावित करेगा। भारत, अमेरिका और चीन इस सप्ताह महत्वपूर्ण आंकड़े जारी करेंगे। ऊंचे शुल्क की वजह से 12 अगस्त को आने वाला अमेरिका का मुद्रास्फीति का आंकड़ा काफी महत्व रखता है। भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़े भी उसी दिन जारी होंगे। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही का नतीजों का सीजन लगभग समाप्ति की ओर है, लेकिन कुछ कंपनियों ने अभी तक अपने नतीजे घोषित नहीं किए हैं। विदेशी निवेशकों ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाज़ार से लगभग 18,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। तिमाही नतीजों का सीजन अब समाप्त हो रहा है, जिससे शेयर-विशिष्ट गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, हमारा मानना है कि शुल्क के मोर्चे पर स्पष्टता आने तक शेयर बाजार में कमजोरी की स्थिति रहेगी। इस अस्थिर माहौल में, निवेशक घरेलू मोर्चे की गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# चौहान आज 30 लाख किसानों को 3,200 करोड़ रुपये के फसल बीमा दावों का हस्तांतरण करेंगे

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 30 लाख किसान लाभार्थियों को 3,200 करोड़ रुपये की फसल बीमा दावा राशि डिजिटल रूप से हस्तांतरित करेंगे।

राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएमएफबीवाई दावा राशि हस्तांतरित की जाएगी। चौहान के अलावा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार कुल दावा राशि में 1156 करोड़ रुपये मध्य प्रदेश के किसानों को, 1121



करोड़ रुपये राजस्थान के किसानों को, 150 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ के किसानों को और 773 करोड़ रुपये अन्य राज्यों के किसानों को हस्तांतरित किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र ने किसानों के हित में एक नई सरलीकृत दावा निपटान प्रणाली लागू की है, जिसके तहत राज्य के प्रीमियम अंशदान का इंतजार किए बिना, केवल केंद्रीय सब्सिडी के आधार पर दावों का आनुपातिक भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने बयान में कहा, खरीफ 2025 सत्र से, अगर कोई राज्य सरकार अपने सब्सिडी अंशदान में देरी करती है, तो उस पर 12 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा, और इसी तरह अगर बीमा कंपनियां भुगतान में देरी करती हैं, तो उन पर भी 12 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की 2016 में शुरुआत के बाद से इसके तहत 1.83 लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटान किया है, जबकि किसानों ने केवल 35,864 करोड़ रुपये का प्रीमियम चुकाया है।

पेज एक का शेष

## इजराइल की

की बजाय नकारात्मक है। वर्ष 2025 की शुरुआत में नीदरलैंड (78 प्रतिशत), जापान (79 प्रतिशत), स्पेन (75 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (74 प्रतिशत), तुर्किये (93 प्रतिशत) और स्वीडन (75 प्रतिशत) जैसे देशों में हुए सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर लोगों ने कहा कि उनका इजराइल के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में नेतन्याहू और इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कई अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों ने भी इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाया है। इजराइल के पारंपरिक समर्थकों ने भी देश के अंदर और बाहर, नेतन्याहू सरकार के कार्यों की कड़ी आलोचना की है। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री एहुद ओलमर्ट और एहुद बराक, इजराइल के साहित्यकार डेविड ग्रॉसमैन, तथा मासोर्टी यहूदी धर्म के रब्बी जोनाथन विटेनबर्ग और रब्बी डेल्फिन होरविलेउर शामिल हैं। इसके अलावा, सैकड़ों सेवानिवृत्त इजराइली सुरक्षा अधिकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील की है कि वे नेतन्याहू पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डालें। इजराइल के वैश्विक साझेदार खुद को दूर कर रहे हैं। हाल के सप्ताहों में गाजा में भूख से मरते बच्चों की तस्वीरें समाचारों में छाई रहीं, तथा पश्चिमी गठबंधन में इजराइल के कई मित्र भी इस बिंदु पर पहुंच गए हैं कि वे अब उसकी नीतिगत कार्वाइयों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। वैश्विक राय में एक बड़े बदलाव के तहत, फ्रांस ने घोषणा की कि वह सितंबर में फलस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। ब्रिटेन और कनाडा ने भी ऐसा ही करने का संकल्प लिया है। यहां तक कि जर्मनी ने भी अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू कर दी है। और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संकेत दिया है कि उनके देश द्वारा फलस्तीनी को मान्यता देना बस समय की बात है। स्पेन और स्वीडन ने इजराइल के साथ यूरोपीय संघ के व्यापार समझौते को निलंबित करने का आह्वान किया है, जबकि नीदरलैंड ने आधिकारिक तौर पर इजराइल को सुरक्षा खतरा करार दिया है। इजराइल और अमेरिका ने इन सभी आरोपों और कदमों को खारिज कर दिया है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इजराइल के खिलाफ जो माहौल है, उसके कारण अब अमेरिका ही उसका एकमात्र प्रमुख वैश्विक समर्थक रह गया है। इजराइल की संप्रभुता, सुरक्षा और समृद्धि अब अमेरिका के निरंतर समर्थन पर निर्भर है। फिर भी, इजराइल के प्रति ट्रंप की गहरी प्रतिबद्धता के बावजूद, अमेरिकी मतदाताओं में से कई लोग वाशिंगटन में नेतन्याहू के प्रभाव की गहराई और इजराइल को अमेरिकी सहायता के मूल्य पर गंभीरता से सवाल उठा रहे हैं। मार्च में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, आधे से भी कम अमेरिकी लोग इजराइल के प्रति सहानुभूति रखते हैं।

## नेपाल 97

और सरकार के कदम से सीमित आर्थिक गतिविधि वाले क्षेत्रों में पर्यटकों को आकर्षित होने की उम्मीद है। पर्यटन विभाग के निदेशक हिमाल गौतम ने बताया, इसका उद्देश्य दूरदराज के इलाकों में ज़्यादा पर्यटकों को लाना, रोज़गार पैदा करना और स्थानीय समुदायों के लिए आय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से नेपाल के ऐसे पर्वतीय स्थलों को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी जहां पर्वतारोही कम जाते हैं। सरकार ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि माउंट एवरेस्ट को फतह करने का प्रयास करने वाले पर्वतारोहियों के लिए पहले कम से कम 7,000 मीटर ऊंची एक चोटी पर चढ़ना अनिवार्य कर दिया जाए। यह प्रस्ताव पर्यटन अधिनियम में संशोधन का हिस्सा है और इसे विचार के लिए उच्च सदन को भेजा गया है। इसे दोनों सदनों से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इस वर्ष की शुरुआत में, नेपाल ने घोषणा की थी कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का शुल्क 11,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति कर दिया जाएगा, जो एक सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा।

## मुख्यमंत्री ने विधान

चलता है। सकारात्मक वातावरण में तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण संवाद से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का परसेप्शन देश और दुनिया में बदला है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा व सहयोग से विधान सभा में नवाचार किए जा रहे हैं। विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विजन डॉक्यूमेन्ट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ नेकहा कि 11 अगस्त से उत्तर प्रदेश विधानमंडल के वर्ष 2025 के द्वितीय सत्र का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा प्रदेश के समग्र विकास की धुरी है। पिछले साल में विधान सभा ने पूरे देश में संसदीय कार्यप्रणाली की नजीर प्रस्तुत की है। इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह कार्यदलीय नेताओं के सहयोग से सम्भव हुआ है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, मंत्री संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा, बसपा विधायक उमाशंकर सिंह, विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया आदि मौजूद रहे। विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होकर 16 अगस्त तक चलेगा। हालांकि सदन की कार्यवाही केवल चार दिन ही चलेगी क्योंकि 15 अगस्त और 16 अगस्त को जन्माष्टमी का अवकाश रहेगा। इस बार विधान परिषद और विधानसभा 13 अगस्त को सुबह 11:00 बजे से अगले दिन यानी 14 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे तक अनवरत चलेगी। इस दौरान विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा होगी। यानी इस बार लगातार 27 घंटे तक कार्यवाही चलेगी। बैठक में एसआईआर और समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला के मुद्दे पर हंगामा होने की संभावना है। बारिश की वजह से पूर्वांचल के कई जिलों में आई बाढ़ से जनजीवन प्रभावित है। इसको लेकर भी विपक्ष हंगामा कर सकता है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है हालांकि प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल चार दिन का सत्र आयोजित कर जनता के मुद्दों पर चर्चा कराने से भाग रही है।

## पुतिन-ट्रंप वार्ता

प्रस्तावित युद्धविराम पर सहमति जताई तो है, लेकिन नाटो की सदस्यता की मांग छोड़ने से इनकार कर दिया है। वह रूस द्वारा यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की बात को खारिज करने की बात दोहरा चुके हैं।

## असली जीत

लेकर जाओ, जो कुछ आपके पास है उसे ले जाएं और अगर आप वापस आ सकते हैं तो वापस आ जाएं, नहीं तो वहीं रहें। इसे पारंपरिक तरीका कहा जाता है। यहां ग्रे जोन का मतलब सभी क्षेत्र में से किसी में होने वाली गतिविधि से है, हम इसी के बारे में बात कर रहे हैं और ऑपरेशन सिंदूर ने हमें सिखाया कि यही ग्रे जोन है।

सेना प्रमुख ने कहा, हम शतरंज की बाजी खेल रहे थे और वह (दुश्मन) भी शतरंज की चालें चल रहा था। कहीं हम उन्हें शह और मात दे रहे थे, तो कहीं हम अपनी जान गंवाने के जोखिम पर भी उसे मात देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन जिंदगी का यही मतलब है। जनरल द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि जहां तक ग्रे जोन का सवाल है, यह हमेशा मौजूद है और रहेगा। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, और, अगला युद्ध जिसकी हम कल्पना कर रहे हैं, वह जल्द हो सकता है। हमें उसके अनुसार तैयारी करनी होगी, इसमें हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि अकेले सेना इसे नहीं लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर मैं अपने नजरिए से इसे देखूं, तो भारत ढाई मोर्चों का सामना कर रहा है। अगर देश की जमीनी सीमाओं की बात करें तो आज के भारत के लोगों की मानसिकता के मद्देनजर विजय की मुद्रा जमीन के रूप में बनी रहेगी। सेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है, भारतीय थल सेना शतरंज खेल रही थीं और इस शह और मात के खेल में, कुछ दिख रहा था तो कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। उन्होंने कहा, अगर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, तो हो सकता है कि दूसरे देश दुश्मन की मदद कर रहे हों... यह टेस्ट मैच चौथे दिन रुक गया, यह 14 दिन, 140 दिन, 1400 दिन भी जारी रह सकता था। हमें नहीं पता, लेकिन हमें इन सब के लिए तैयार रहना होगा। अपने संबोधन में उन्होंने सेना के बल-संयोजन के घटकों पर भी जोर दिया - बल की कल्पना, बल का संरक्षण और बल का प्रयोग। जनरल ऑफिसर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक संपूर्ण राष्ट्र का दृष्टिकोण था और सेना को यह तय करने की खुली छूट दी गई थी कि क्या करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आत्मविश्वास, राजनीतिक स्पष्टता, राजनीतिक दिशा, हमने पहली बार देखी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों की कोई शर्त न होने से सेना का मनोबल बढ़ता है। इस तरह इसने जमीनी स्तर पर सेना के कमांडरों को अपने विवेक के अनुसार कार्य करने में मदद की। ऑपरेशन के बारे में और जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को, हमने उत्तरी कमान का दौरा किया, जहां हमने सोचा, योजना बनाई, उसकी संकल्पना की और नौ में से सात ठिकानों पर अपनी योजना को अंजाम दिया, जिन्हें नष्ट कर दिया गया और कई आतंकवादी मारे गए। आतंकी ठिकानों पर सटीक हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि हमने जहां हमला किया वह व्यापक और गहरा था। पहली बार हमने आतंकवादियों के वास्तविक ठिकानों पर हमला किया, तो निश्चित रूप से हमारे निशाने पर नर्सरी और उसके मालिक थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था और पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं थी कि हमला होगा। यही बात उनके लिए सदमे की तरह आई। जनरल द्विवेदी ने कहा, लेकिन, क्या हम इसके लिए तैयार थे। हां, हम इसके लिए तैयार थे, जो भी झटका आता उसे झेलने के लिए तैयार थे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किस तरह से धारणाओं को गढ़ने की लड़ाई लड़ी गई, इस पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान की रणनीति का अपने तरीके से मुकाबला किया - जनता तक संदेश पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल किया। इस तरह, आप जनता को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह घरेलू जनता, विरोधी जनता और तटस्थ जनता है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि रणनीतिक संदेश बहुत महत्वपूर्ण था और इसीलिए हमने जो पहला संदेश दिया, वह था न्याय हुआ। उन्होंने कहा कि यह संदेश सर्वाधिक लोगों तक पहुंचा। मई में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी समूहों से जुड़े कई ठिकानों पर सटीक हमले किए। इस अभियान का उद्देश्य पहलगाम हमले के बाद आतंकी ढांचे को नष्ट करना और प्रमुख आतंकवादियों को मार गिराना था।

## सीएम डैशबोर्ड

बनाए हुए है। इसी तरह शाहजहांपुर तीसरे, ललितपुर चौथे और हरदोई पांचवे पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में मैनपुरी, मथुरा, महराजगंज, अंबेडकरनगर और जालौन ने जगह बनायी है। सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रैंकिंग में कानून व्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन करने में रामपुर जिले ने बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर कौशांबी, तीसरे स्थान पर शाहजहांपुर है। वहीं टॉप टेन जिलों में गौतमबुद्धनगर, जालौन, संभल, बाराबंकी, फिरोजाबाद, अमेठी और बस्ती शामिल हैं।

## कुलगाम में

की मदद ले रहे हैं। पैरा कमांडो भी छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराने के अभियान में सुरक्षाबलों की मदद कर रहे हैं।




# टी-20 : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

एजेंसी



मैके (ऑस्ट्रेलिया)। प्रेमा रावत और राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (25 गेंद में 41) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बावजूद भारत ए को तीसरे अनाधिकृत टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ए से चार रन से हार का सामना करना पड़ा। लेग स्पिनर प्रेमा (चार ओवर में 24 रन पर तीन विकेट) और वामहस्त स्पिनर राधा (चार ओवर में 31 रन पर तीन विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया ए को आठ विकेट पर 144 रन रोक दिया।

भारत ए के पास श्रृंखला में पहली जीत दर्ज करने का शानदार मौका था लेकिन टीम शेफाली की साहसिक पारी के बावजूद आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी। सियाना जिंजर ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ए ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में लगातार तीसरी जीत के साथ सूपड़ा साफ किया। जिंजर ने अहम मौकों पर शेफाली के अलावा राघवी बिष्ट (25) कप्तान राधा (नौ) संजीवन साजना (तीन) के विकेट के साथ टीम की जीत पक्की की। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुए दिनेश वृंदा (चार) को शेफाली के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेजा जबकि उमा छेत्री (तीन) तीसरे क्रम पर क्रीज पर आयी। टीम का यह दांव सफल नहीं रहा और उसने 16 रन तक दो विकेट गंवा दिये। शेफाली और राघवी ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी कर लड़खड़ाती पारी को संभाला। राघवी ने इसके बाद मिन्नू मनी (30) के साथ 48 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। टीम का स्कोर जब 107 रन था तब राघवी स्टंप आउट हो गयी। इसके कुछ ही समय के बाद मिन्नू के रन आउट होने से भारतीय बल्लेबाज दबाव में आ गये। राधा, तनुजा कंवर (एक) और साजना जैसे अंतरराष्ट्रीय मैचों के अनुभवी खिलाड़ी भी जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गये। इससे पहले शानदार लय में चल रही एलिसा हीली (27) को साजना ने खतरनाक होने से पहले ही चलता कर दिया। इसके बाद राधा और प्रेमा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा लेकिन अनिका लियरॉयड (22) और मैडलिन पेन्ना (39) के प्रयासों से टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की अनाधिकृत एकदिवसीय श्रृंखला बुधवार से ब्रिसबेन में शुरू होगी। वहीं दूसरी ओर

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप को शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है और न्यूजीलैंड की कई प्रमुख खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के सिलसिले में चेन्नई पहुंच गई हैं।

इस दस सदस्यीय टीम में सात क्रिकेटर केंद्रीय अनुबंधित हैं और वे मुख्य कोच बेन सॉयर और सहायक कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में दो सप्ताह के शिविर में भाग ले रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम महिला टी-20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन है और वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में जीत हासिल करके अपने नाम पर दोहरा खिताब दर्ज करने की कोशिश करेगी। सात अनुबंधित खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज जेस केर, युवा सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और ऑलराउंडर ब्रुक हॉलिडे भी शामिल हैं। इनके अलावा इजी शार्प, फ्लोरा डेवोनशर और एम्मा मैकलियोड जैसी उभरती हुई खिलाड़ी भी शिविर में भाग ले रही हैं। सॉयर ने कहा कि भारत में अभ्यास शिविर लगाने का फैसला इसलिए किया गया है क्योंकि न्यूजीलैंड में अभी सर्दी का मौसम है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने सॉयर के हवाले से कहा इस समय न्यूजीलैंड में सर्दी का मौसम है और वहां अभी किसी तरह की क्रिकेट नहीं खेली जा रही है जबकि विश्व कप शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है।

# राहुल, निशा व मुस्कान ने जीते स्वर्ण, एशियाई अंडर 19 मुक्केबाजी में भारत के नाम 14 पदक




बैंकॉक। युवा भारतीय मुक्केबाज निशा और मुस्कान ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जबकि राहुल ने पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने इस तरह टूर्नामेंट के अंडर-19 वर्ग में अपना अभियान 14 पदकों के साथ खत्म किया।

भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण के अलावा सात रजत और चार कांस्य पदक जीते। कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और चीन जैसे देशों के मुक्केबाजों की मौजूदगी में 10 में नौ भारतीय महिला खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाया। इसमें दो स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को उंचा करते हुए 4-।से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाझान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी। आरती कुमारी (75 किग्रा) को चीन की टोंगटोंग गु से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कृतिका वासन (80 किग्रा) का प्रयास कजाकिस्तान की कुराले येगिनबाइकिजी के खिलाफ 2-3 से हार से बचने के लिए काफी नहीं था। पारची टोकस (8Q किग्रा) को उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाहोबिदिनोवा के खिलाफ इसी तरह के अंतर से हार मिली।

विनी 60 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सेवारा ममातोवा से हार गईं, जबकि 65 किग्रा के खिताबी मुकाबले में जापान की अरिंदा अकीमोटो ने निशा को 4-।से हराया। यशिका (51 किग्रा) और आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में राहुल कुंडू ने उज्बेकिस्तान के मुहम्मदजोन याकूपबोवेक को 4-।के खंडित फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मौसम सुहाग 65 किग्रा के फाइनल में इसी देश के जाखोंगीर ज़ायनिडिनोव से हार गए, जबकि हेमंत सांगवान कजाकिस्तान के रसूल असांखानोव की चुनौती से पार नहीं पा सके। शिवम (55 किग्रा) और गौरव (85 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-22 वर्ग में पहले ही 13 पदक पक्के कर लिये है। इसके स्वर्ण पदक के मैच सोमवार को खेले जायेंगे।

## संक्षेप

### गोल्फ : दीक्षा ने पार स्कोर बनाया

लंदन। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में शनिवार को यहां पार 73 का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर मौजूद दीक्षा अब संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर खिसक गई हैं। दीक्षा के अलावा प्रणवी उर्स और अदिति अशोक भी कट हासिल करने में सफल रहीं। प्रणवी (75-71) पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। अदिति (73-74) का कुल स्कोर एक ओवर है और वह संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। भारत की अवनि प्रशांत (76-76) कट हासिल करने में नाकाम रहीं जो तीन ओवर पर तय किया गया था।

### हरियाणा, झारखंड जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में

काकीनाड़ा। हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में रविवार को 3-0 के समान अंतर से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कप्तान शशि काशा (आठवें मिनट) ने दिन के पहले सेमीफाइनल में हरियाणा को छत्तीसगढ़ हॉकी के खिलाफ शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद सुप्रिया (45वें मिनट, 47वें मिनट) ने लगातार दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। स्वीटी डुंगडुंग (13वें मिनट) ने अंतिम चार के अन्य मुकाबले में उत्तर प्रदेश के खिलाफ झारखंड का खाता खोला जिसके बाद रीना कुल्लू (56वें मिनट) और कप्तान रजनी केरकेट्टा (59वें मिनट) के गोलों से टीम ने जीत दर्ज की। फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। इसी दिन छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान के लिए उत्तर प्रदेश से भिड़ेगा।

### बीसीबी ने एलेक्स मार्शल को एसीयू सलाहकार नियुक्त किया

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के पूर्व प्रमुख एलेक्स मार्शल को अपने संचालन की देखरेख के लिए एक साल के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। बीसीबी ने मार्शल के अलावा दो और महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। जूलियन वुड को तीन महीने के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है जबकि टोनी हेमिंग दो साल के लिए पिच प्रबंधन के प्रमुख का पद संभालेंगे और सभी अंतरराष्ट्रीय स्थलों और क्यूरेटर के प्रभारी होंगे। ये निर्णय शनिवार को यहां शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बोर्ड सदस्यों की बैठक के दौरान लिए गए। वुड पावर-हिटिंग विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के साथ काम किया है।

# भारत के रमेश ने एशियाई सर्फिंग में जीता कांस्य

एजेंसी

चेन्नई। भारत के रमेश बुधियाल ने शुक्रवार को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता। ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की।




### लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद एशेज में पारी का आगाज करने को तैयार

मेलबर्न। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को उम्मीद है कि वह एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे और वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में पारी का आगाज करने के लिए भी तैयार हैं। लाबुशेन को 2019 के बाद पहली बार वेस्टइंडीज में हाल ही में हुई श्रृंखला की शुरुआत में टेस्ट टीम से बाहर किया गया था। पिछले दो वर्षों में उनका औसत 27.82 था। इस बीच वह केवल एक शतक लगा पाए। उन्होंने टीम से बाहर किए जाने के बाद हालांकि कड़ा अभ्यास किया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार लाबुशेन ने टीम से बाहर किए जाने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में न्यूज कॉर्प से कहा, इससे (टीम से बाहर किए जाने से) मुझे आत्मचिंतन का अवसर मिला और मीडिया का दबाव भी नहीं रहा, जो कहता था कि मार्नस को बाहर करना होगा। मैं मुझ पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। लाबुशेन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था, जहां उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए 17 और 22 रन बनाए थे।

# रोहित, कोहली जब तक अच्छा कर रहे, तब तक खेलें : गांगुली

एजेंसी




कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के एकदिवसीय रिकॉर्ड को असाधारण करार देते हुए कहा कि इन दोनों दिग्गजों को 50 ओवर के प्रारूप में तब तक खेलते रहना चाहिए जब तक कि उनका प्रदर्शन अच्छा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाया गया है कि ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी वनडे दौरा हो सकता है।

गांगुली ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें ऐसे किसी बात की जनकारी नहीं है। गांगुली ने कहा मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता हूं। गांगुली ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में प्रदर्शन सबसे महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वही खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकॉर्ड असाधारण है, रोहित शर्मा के साथ भी ऐसा ही है। वे दोनों सफेद गेंद की क्रिकेट (सीमित ओवरों के मैच) में असाधारण हैं। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूण से संन्यास ले चुके इन दोनों खिलाड़ियों ने 2027 के विश्व कप के बारे में अपनी योजनाओं को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। भारत का एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में भारत घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा। भारती टीम 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो बार, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज़ के 2393ीलाफ वनडे शृंखलाओं में खेलेगी। दुबई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले आगामी टी-20 एशिया कप के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने भारतीय टीम को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में पांच कड़े टेस्ट मैचों के बाद मिला आराम टीम के लिए बहुत ज़रूरी था। गांगुली ने कहा खिलाड़ियों को विश्राम करने का जरूरी समय मिल गया है। उन्होंने आईपीएल के बाद पांच टेस्ट खेले और अब वे नौ सितंबर से एशिया कप खेलेंगे।

उन्होंने कहा भारत बहुत मजबूत है। टीम अगर टेस्ट क्रिकेट में मजबूत हैं, तो वनडे और और भी ज्यादा मजबूत है। मैं समझता हूं कि भारत जीत का दावेदार होगा और दुबई की पिचों पर उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा। शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान के रूप में भविष्य के बारे में पूछे जाने पर, गांगुली ने युवा कप्तान की बहुत सराहना की और कहा, वह भारत के टेस्ट कप्तान हैं, और उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। गांगुली ने कहा कि वह क्रिकेट प्रशासन में अपनी दूसरी पारी के लिए तैयार हैं और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा अगर सदस्य चाहेंगे, तो मैं नामांकन दाखिल करूंगा। गांगुली 2015 के मध्य से अक्टूबर 2019 तक सीएबी के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के भी अध्यक्ष रह चुके हैं।

# भारत ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप में किया क्वालीफाई

एजेंसी



यांगून (म्यांमार)। भारत ने रविवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप डी क्वालीफाइंग मैच में म्यांमार को।-0 से हराकर दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। पूजा ने थुवुन्ना स्टेडियम में 27वें मिनट में निर्णायक गोल किया जिससे भारत सात अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा और थाईलैंड में 2026 में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई। पहले हाफ में भारत का दबदबा रहा जबकि दूसरे हाफ में म्यांमार ने बेहतर खेल दिखाया गया लेकिन मेजबान टीम भारत को जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाई। भारत ने 2006 के बाद पहली बार क्वालीफिकेशन हासिल किया। वहीं दूसरी ओर

सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है। अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज़ के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है। सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राज़ील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज़ करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने जून में क्लब विश्व कप से पहले इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। नुनेज़ प्रीमियर लीग में मिले-जुले प्रदर्शन के बाद लिवरपूल छोड़ रहे हैं। उन्होंने 143 मैचों में 40 गोल किए और पिछले सत्र में प्रीमियर लीग का खिताब जीता। वहीं दूसरी ओर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने रविवार को स्वीकार किया कि देश की शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण क्लब फुटबॉल संकट से गुजर रहा है और इससे उबरने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल ने एआईएफएफ के साथ 2010 में किए एमआरए (मास्टर अधिकार करार) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 11 जुलाई को 2025-26 सत्र को स्थगित करने का फैसला किया था जिसके बाद तीन क्लबों ने या तो अपनी शीर्ष टीम का संचालन रोक दिया है या शीर्ष टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन निलंबित कर दिए हैं।

चौबे ने दिए एक साक्षात्कार में कहा यह सच है कि हम एक ऐसे संकट से गुजर रहे हैं जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। निहित स्वार्थों वाले कुछ स्वयंभू सुधारकों ने यह स्थिति पैदा की है। मुझे विश्वास है कि ईश्वर की कृपा से हम सामूहिक रूप से इस संकट से उबर पाएंगे। चौबे ने 11 आईएसएल क्लबों द्वारा भारतीय फुटबॉल की मौजूदा स्थिति को उच्चतम न्यायालय के ध्यान में लाने के अनुरोध पर भी आश्चर्य व्यक्त किया जहां राष्ट्रीय महासंघ के संविधान से संबंधित एक मामला लंबित है। आईएसएल क्लबों ने एक पत्र में कहा कि अगर एआईएफएफ उनके अनुरोध पर कार्वाई नहीं करता है तो उनके पास स्वतंत्र रूप से न्यायिक सहायता लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। आईएसएल के 13 क्लबों में से मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल ने पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। चौबे ने कहा इस मामले पर (सात अगस्त को दिल्ली में) सभी 13 क्लबों के सीईओ के साथ बैठक में चर्चा हुई थी इसलिए 24 घंटे के भीतर उनसे यह पत्र प्राप्त करना हमारे लिए आश्चर्य की बात थी। इस तरह के संवाद से बचा जा सकता था। यह पूछे जाने पर कि क्या एआईएफएफ इस मामले पर स्पष्टता के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है तो उन्होंने कहा, हम इस संभावना पर कानूनी सलाह ले रहे हैं। एआईएफएफ ने सात अगस्त को कहा था कि सुपर कप की तारीख तय करने के लिए क्लबों के साथ एक और बैठक होगी जो खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मैच देने के लिए सितंबर में आयोजित किया जा सकता है। चौबे ने कहा अगले कुछ दिनों में हम कानूनी सलाह लेंगे।

उसके बाद हम क्लबों से फिर मिल सकते हैं लेकिन यह 17 अगस्त के बाद ही होगा। क्लबों के राजस्व घाटे की भरपाई के लिए किसी भी योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम अपनी चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए फिर से मिलेंगे। चौबे से जब पूछा गया कि क्या एआईएफएफ अकेले आईएसएल की मेजबानी कर सकता है तो उन्होंने कहा, सभी विकल्प खुले हैं। हालांकि सभी हितधारकों द्वारा एक सामूहिक समझौता और उसके बाद कोई फैसला करना बेहतर होगा। एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच 2010 में हुए एमआरए के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए पहली बैठक फरवरी में हुई थी और चौबे से जब इस संबंध में देरी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चौबे ने कहा, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।

लेकिन जब भी आवश्यकता होगी तो एआईएफएफ फुटबॉल के विकास से संबंधित किसी भी बैठक के लिए हमेशा उपलब्ध रहा है और रहेगा। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने रविवार को फीफा रैंकिंग में राष्ट्रीय पुरुष टीम की गिरावट के लिए रैंकिंग प्रणाली की जटिल और उतार-चढ़ाव भरी प्रकृति को जिम्मेदार ठहराया लेकिन उम्मीद जताई कि बेहतर रैंकिंग वाली टीमों पर जीत के साथ स्थिति में सुधार होगा।

### उतार-चढ़ाव भरी श्रृंखला, जो हुआ उसे भूल जाना जरूरी : करुण नायर

नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इस बात पर अफसोस जताया कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में मिली शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए लेकिन वह समझते हैं कि इन निराशाओं को दूर करना उनके लिए भविष्य में रन बनाने के लिए जरूरी है। नायर ने आठ साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए चार टेस्ट मैच में 25 की औसत से 205 रन बनाए जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। नायर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा मैं ओवल में मिली शुरुआत (जहां उन्होंने 57 रन बनाए) को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था। लेकिन पहले दिन के खेल के दौरान टिके रहना महत्वपूर्ण था क्योंकि टीम मुश्किल स्थिति में थी। मैं थोड़ा घबराया हुआ था लेकिन अच्छा महसूस कर रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं इसे बदल पाऊंगा (शतक में) जो मैं नहीं कर सका। कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि यह उनके लिए उतार-चढ़ाव भरी श्रृंखला रही और घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर बनाने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद प्रदर्शन निराशाजनक रहा। नायर ने कहा मैंने काफी सोचा लेकिन जो हो चुका है उसे भूलकर अगले कुछ महीनों में मुझे क्या करना है इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा यह मेरा ध्यान बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि मैं आगे बढ़ूं और चाहे किसी भी स्तर पर खेलूं, वहां बड़े स्कोर बनाऊं।

# भारत की अर्थव्यवस्था दबंग व गतिशील

## कुछ लोगों को रास नहीं आ रही भारतीय अर्थव्यवस्था : रक्षा मंत्री राजनाथ

एजेंसी



रायसेन (मध्यप्रदेश)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से होने वाले आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था करार दिया और कहा कि सबके बॉस तो हम हैं का भाव रखने वाले कुछ देशों को यह रास नहीं आ रहा है। यहां रायसेन में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की रेल कोच इकाई का भूमिपूजन करने के बाद राजनाथ ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत जितनी तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की कोई ताकत उसे विश्व की एक बड़ी शक्ति बनने से नहीं रोक सकती है।

उन्होंने कहा साल 2014 में धन दौलत के आकार (अर्थव्यवस्था) के मामले में भारत 11वें स्थान पर था। आज हमारा भारत दुनिया के शीर्ष चार देशों की कतार में आ गया है। तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था अगर किसी देश की है तो वह हमारे भारत की है। उन्होंने कहा इसका मतलब है देश आगे बढ़ रहा है और देशवासी भी आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि देशवासी आगे नहीं बढ़ेंगे तो भारत आगे नहीं बढ़ सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा डेशिंग यानी दबंग और डायनामिक यानी गतिशील अर्थव्यवस्था किसी देश की है तो वह भारत की है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि लेकिन कुछ लोगों को भारत का तेजी से विकास रास नहीं आ रहा है, उन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा वे सोचते हैं कि सबके बॉस तो हम हैं और भारत कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है? बहुतों द्वारा ऐसा करने की कोशिश की जा रही है कि भारत में भारतवासियों के हाथों से जो चीज तैयार होती है, वह दुनिया के देशों में जाएं तो उन देशों में बनने वाली चीजों से महंगी हो जाए और वह महंगी हो जाएगी तो दुनिया के लोग उसे खरीद नहीं पाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले रक्षा उत्पादन से जुड़ी चीजें विदेशों में बनाई जाती थी और भारत उनसे खरीदता था। उन्होंने कहा लेकिन आज इनमें से बहुत सारी चीजें न केवल भारत की धरती पर बल्कि भारतवासियों के हाथों बन रही हैं, हम न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं बल्कि हम दुनिया के दूसरे देशों को भी निर्यात करने का काम कर रहे हैं। दुनिया के देश हमारे सामान को खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी जब देश के प्रधानमंत्री बने थे तो उस समय केवल 600 करोड़ रुपये के भारत के रक्षा उत्पाद दुनिया के दूसरे देशों में निर्यात होते थे।

उन्होंने कहा अब हम 24,000 करोड़ से ज्यादा का रक्षा उत्पाद दुनिया के देशों को निर्यात कर रहे हैं। यह भारत की ताकत है। यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है। रेल कोच इकाई का उल्लेख करते राजनाथ सिंह ने कहा कि यह रायसेन और विदिशा क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात है और इससे 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्योग धंधों के मामले में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है क्योंकि राज्य को हाल में 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा नेतृत्व शानदार हो तो विकास तेजी से होता है। मुझे लगता है कि कुछ वर्षों के बाद इस मध्यप्रदेश को लोग मॉडर्न प्रदेश कहना शुरू कर देंगे।

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा : सूत्र



नयी दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संभावित नामों पर चर्चा करने तथा इस पर आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। खरगे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में यह प्रबल भावना है कि विपक्षी दलों को परिणाम की परवाह किए, बिना एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजने के लिए मुकाबले से पीछे नहीं हटना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवार चुनने पर कोई चर्चा नहीं हुई है, लेकिन संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श के लिए इंडिया गठबंधन के साझेदारों के बीच बातचीत चल रही है और खरगे आम सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से संपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सभी दलों में इस बात पर आम सहमति है कि इंडिया उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक संयुक्त उम्मीदवार उतारेगा। हालांकि, विपक्षी खेमे के एक वर्ग का मानना है कि भाजपा द्वारा अपने उम्मीदवार की घोषणा के बाद ही इंडिया को अपना उम्मीदवार तय करना चाहिए। हाल के समय में इंडिया के घटक दलों के बीच एकता बढ़ी है, जिन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनाव धांधली के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया है। एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए, इंडिया के शीर्ष नेताओं ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर एक रात्रिभोज बैठक आयोजित की और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के साथ-साथ भाजपा-निर्वाचन आयोग के वोट चोरी मॉडल के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जताई।

## संक्षेप

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं

नयी दिल्ली। किसी भी वरिष्ठ अधिवक्ता को सोमवार से प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अदालत के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, निर्देशानुसार, नामित वरिष्ठ अधिवक्ताओं को 11 अगस्त, 2025 से प्रधान न्यायाधीश की अदालत के समक्ष किसी भी मामले का उल्लेख करने की अनुमति नहीं है। छह अगस्त को प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि 11 अगस्त से किसी भी वरिष्ठ अधिवक्ता को उनकी अदालत में तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के लिए मामलों का उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, ताकि कनिष्ठ अधिवक्ताओं को ऐसा करने का अवसर मिल सके। चौदह मई को शपथ लेने वाले प्रधान न्यायाधीश गवई ने वकीलों द्वारा मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख करने की प्रथा को बहाल कर दिया था तथा अपने पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा अपनाई गई प्रथा को बंद कर दिया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने वकीलों द्वारा मामलों की तत्काल सुनवाई और सूचीबद्ध के लिए मौखिक रूप से निवेदन करने की प्रथा को बंद कर दिया तथा उन्हें इसके स्थान पर ईमेल या लिखित पत्र भेजने को कहा।

# जयशंकर ने अजरबैजान से शांति समझौते पर आर्मेनियाई समकक्ष को दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अर्मेनिया-अजरबैजान के बीच हुए शांति समझौते को शनिवार को वार्ता और कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जिसकी भारत वकालत करता है।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि उन्होंने अपने अर्मेनियाई समकक्ष अरारत मिर्जोयान से बात की और उन्हें इस घटनाक्रम पर बधाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में आयोजित शांति शिखर सम्मेलन में अर्मेनिया और अजरबैजान के नेताओं ने दशकों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

जयशंकर ने कहा अर्मेनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से बात करके अच्छा लगा। वाशिंगटन में हुए अर्मेनिया-अजरबैजान शांति संधि के लिए उन्हें बधाई दी। यह संवाद और कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिसकी भारत हमेशा वकालत करता है।

# पीएम ने कर्नाटक के रेल बजट को नौ गुणा बढ़ाया

एजेंसी



बेंगलुरु। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि कर्नाटक का रेल बजट 2014 से पहले के 835 करोड़ रुपये से बढ़कर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 7,500 करोड़ रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन को हरी झंडी दिखाये जाने के बाद वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा, कर्नाटक जैसे महत्वपूर्ण राज्य को 2014 से पहले केवल 835 करोड़ रुपये मिल रहे थे। मोदी की बदौलत अब उसे 7,500 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। साथ ही, कर्नाटक में 54,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हम अमृत भारत योजना के तहत राज्य में 61 स्टेशनों का पुनर्विकास कर रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की वेबसाइट के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना विभिन्न चरणों में रेलवे स्टेशनों को उन्नत करने की एक दीर्घकालिक योजना है। उसमें हर स्टेशन के लिए आवश्यकता के आधार पर उसे विकसित करने की योजना शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में बहुत ही तीव्र वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने कहा पिछले 11 वर्षों में हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में निर्यात आठ गुना बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा हो गया है। वैष्णव ने कहा ग्यारह साल पहले, कोई सोच भी नहीं सकता था।

# कांग्रेस का वोट चोरी पर अभियान शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव में धांधली के राहुल गांधी के दावों को लेकर बढ़ते विवाद के बीच कांग्रेस ने एक वेब पेज शुरू किया है जहां लोग कथित वोट चोरी के खिलाफ निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने और डिजिटल मतदाता सूची की पूर्व पार्टी अध्यक्ष की मांग का समर्थन करने के लिए अपना पंजीकरण कर सकते हैं। गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। उन्होंने कहा निर्वाचन आयोग से हमारी मांग साफ है। पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। गांधी ने लोगों से संबंधित वेबलिंक पर पंजीकरण कराकर इस मांग का समर्थन करने की अपील की।

- कांग्रेस ने लोगों से वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह

# बिहार के उपमुख्यमंत्री के पास दो ईपीआईसी कार्ड

एजेंसी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं और उन्होंने पूछा कि सिन्हा के खिलाफ क्या कार्वाई की गई। यादव ने पत्रकारों से कहा, विजय कुमार सिन्हा दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता हैं। उनका नाम उसी जिले के लखीसराय विधानसभा क्षेत्र और पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भी दर्ज है। यादव ने कहा, उनके पास दो अलग-अलग मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड हैं। हैरानी की बात यह है कि यह बिहार निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हुआ है। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, सिन्हा को या निर्वाचन आयोग को? सिन्हा के खिलाफ क्या कार्वाई की जा रही है? इस खुलासे के बाद वह (सिन्हा) अपने पद से कब इस्तीफा देंगे? यादव के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए सिन्हा ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, पहले मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के नाम बांकीपुर विधानसभा सीट पर सूचीबद्ध थे। अप्रैल 2024 में मैंने लखीसराय से अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया था। मैंने बांकीपुर से अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम हटाने के लिए एक फॉर्म भी भरा था।

मेरे पास सबूत हैं। किसी कारण से मेरा नाम बांकीपुर से नहीं हटाया गया और यह मसौदा मतदाता सूची में दिखाई दे रहा है। मैंने बूथ स्तर के अधिकारी को फोन किया और एक लिखित आवेदन दिया तथा बांकीपुर से अपना नाम हटाने की रसीद ली। मेरे पास दोनों दस्तावेज हैं। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने केवल एक ही जगह से वोट दिया है। उन्होंने कहा मैं केवल एक ही जगह से वोट करता हूं। पिछली बार भी मैंने केवल एक ही जगह से वोट दिया था। जंगलराज के राजकुमार (तेजस्वी) गलत तथ्य देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। पूरा बिहार जानता है कि वह (तेजस्वी) दूसरों की छवि खराब करने का खेल खेलते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब

श्रीनगर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया है, जबकि पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को ऑपरेशन महादेव के तहत मार गिराया गया। यहां सेना अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर कार्यक्रम से इतर शिवसेना नेता ने पत्रकारों से कहा कि इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिंदे ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया।

रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गोरखपुर महानगर (नगर निगम) के वार्ड नंबर-31 (हरसेवकपुर) की समस्त सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



संत गुलाब यादव
पार्षद प्रतिनिधि
वार्ड नंबर-31, हरसेवकपुर



श्रीमती निर्मला देवी
पार्षद
वार्ड नंबर-31



आलोक यादव
संत लाइब्रेरी
हरसेवकपुर नंबर-2 निकट : गांधी नगर, गोरखपुर।

## इंटरटेनमेंट...

# अवॉर्ड्स : इम्तियाज की फिल्म को मिले चार अवॉर्ड





मुंबई। 9 अगस्त को मुंबई में स्क्रीन एसोसिएशन अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन किया गया। अवॉर्ड के छठे एडिशन में साल 2024 की फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी शो के लिए विनर्स के नामों की घोषणा की गई है। डायरेक्टर इम्तियाज अली की म्यूजिकल बायोपिक फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' ने फिल्मों के कैटेगरी में बाजी मारी है। इस फिल्म ने चार कैटेगरी में अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एक्टर से राइटर बने कुणाल खेमू को पहली बार उनकी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के लिए अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा, निखिल आडवाणी की ऐतिहासिक ड्रामा 'फ्रीडम एट मिडनाइट' ने वेब सेक्शन में सफलता हासिल की। साथ ही 'रात जवान है' की राइटर ख्याति आनंद-पुथरन ने भी जीत हासिल की।

- कुणाल खेमू को पहला राइटर्स अवॉर्ड मिला

बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड फिल्म, वेब और टीवी तीनों कैटेगरी के नॉमिनी के बीच शेयर किया गया। स्क्रीन एसोसिएशन अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट डेब्यू फिल्म के लिए 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए शुचि तलाती, 'लापता लेडीज' के लिए बिप्लब गोस्वामी और स्नेहा देसाई, और 'सेक्टर 36' के लिए बोधायन रॉयचौधरी को अवॉर्ड मिला। फिल्म 'चमकीला' के लिए इम्तियाज अली और साजिद अली को बेस्ट स्टोरी, बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड दिया गया है। इसी फिल्म के लिए इरशाद कामिल को बेस्ट लिरिक्स का अवॉर्ड मिला है।

फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के लिए कुणाल खेमू को बेस्ट डायलॉग, अभिनंदन गुप्ता को 'फ्रीडम एट मिडनाइट' के लिए बेस्ट स्टोरी (वेब ड्रामा) और बेस्ट स्क्रीन प्ले में अभिनंदन गुप्ता, अद्वितिय करेंग दास, गुनदीप कौर और रेवंत साराभाई को अवॉर्ड मिला। अवॉर्ड फंक्शन में मौजूद साजिद अली ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा, 'इम्तियाज यहां नहीं आ सके क्योंकि वह अगले साल भी यहां आने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन शुक्रिया, स्क्रीन एसोसिएशन अवॉर्ड्स बिरादरी से यह पुरस्कार मिलना इसे और भी खास बनाता है।

### डायरेक्टर ने फिल्म बनाने के लिए गिरवी रखा घर

**मुंबई।** भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह की कहानी पर बनी एनिमेटेड पैन इंडिया फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है। हाल ही दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान डायरेक्टर ने बताया कि इस फिल्म को बनाने में गहने और घर तक गिरवी रखने पड़े। फिल्म की मेकिंग के दौरान जीवन में बहुत चुनौतियां आईं, लेकिन उन्होंने आस्था नहीं छोड़ी। यही फिल्म की सफलता का राज है। यह तो एक सपने जैसा है। इतनी बड़ी सफलता मिलेगी, नहीं सोच था। इसके पीछे सालों की तपस्या है। सबने बहुत मेहनत की और भरोसा रखा कि फिल्म को दर्शकों का प्यार मिले।

# 'उदयपुर फाइल्स' के प्रोड्यूसर को जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** 'उदयपुर फाइल्स' के प्रोड्यूसर अमित जानी ने दावा किया है कि उन्हें फिल्म को लेकर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अमित ने अपने एक्स अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी है। 9 अगस्त को उन्हें अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- '971566707310 नंबर से लगातार आज बम से उड़ाने की, गोली मारने की धमकी और गाली गलौच की जा रही है। ये खुद को बिहार का रहने वाला बता रहा है। खुद का नाम तबरेज बता रहा है। इस पर मुकदमा कायम करके इसको गिरफ्तार किया जाए।

अमित ने इस पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के साथ ही यूपी पुलिस और राज्य सरकार के अधिकारियों को भी टैग किया है। बता दें कि पिछले महीने ही केंद्र सरकार ने उदयपुर फाइल्स के प्रोड्यूसर को दिल्ली और उत्तर प्रदेश में वाई कैटेगरी की आर्म्ड सिक्योरिटी दी थी। इससे कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने अमित को पुलिस से संपर्क करने और सुरक्षा मांगने की अनुमति दी थी।

# 'वॉर 2' पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची



**मुंबई।** ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म में कट समेत ऑडियो और वीडियो में कई बदलाव किए हैं। सीबीएफसी ने इस फिल्म को 6 अगस्त को पास किया और फिल्म को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। हालांकि, सर्टिफिकेट देने से पहले बोर्ड ने फिल्म पर कैंची चलाते हुए कुछ बदलाव करवाए हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने मेकर्स से 6 जगह पर ऑडियो और विजुअल दोनों में अनुचित संदर्भों को म्यूट करने के लिए कहा है। साथ ही 6 जगहों पर डायलॉग को बदला गया है। फिल्म में दो सेकंड का एक सीन भी हटाया गया है, जिसमें किरदार का इशारा सेंसर बोर्ड को गलत लगा। इशारे वाले सीन के ठीक एक मिनट फिल्म में अश्लील डायलॉग को भी बदला गया है। इतना ही नहीं सीबीएफसी ने मेकर्स से सेंसुअल सीन पचास फीसदी तक कम करने को कहा है। लगभग 9 सेकंड की 'सेंसुअल' फुटेज को फिल्म से हटाया गया है। माना जा रहा है कि ये कट्स कियारा आडवाणी के बिकिनी सीक्वेंस से जुड़े हैं। 'वॉर' सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। बता दें कि 'वॉर-2' यशराज फिल्म की स्पाई यूनिवर्स का एक अहम हिस्सा है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com